फाल्गुन कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 8 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 20, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

युद्धग्रस्त अफगान में आतंक से निपटने की जरूरत: रूचिरा 16

रिंकू और काजोल फिल्म ननद में दिखाएंगी जलवा 15

एक नजर

आयोग ने स्थगित की पीसीएस प्री परीक्षा

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने 17 मार्च को होने वाली पीसीएस प्री परीक्षा को स्थगित कर दिया है। परीक्षा अब लोकसभा चुनाव के बाद होगी। आयोग के अनुसचिव ओंकार नाथ सिंह ने गुरुवार को बताया कि परीक्षा जुलाई माह में संभावित है। गौरतलब है कि परीक्षा का विज्ञापन एक जनवरी 2024 को जारी किया गया था। इसमें 220 पदों के लिए 5,74,538 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

दिल्ली विवि के कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के रामलाल आनंद कॉलेज को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद वहां दहशत फैल गई। दरअसल, कॉलेज के एक कर्मचारी के फोन पर बम होने की धमकी वाला संदेश आया था। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने कहा कि कर्मचारियों को सुबह 9:34 बजे व्हाट्सएप पर बम होने की धमकी वाला संदेश मिला था। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने के तुरंत बाद ही पुलिस की टीम एक एम्बुलेंस, बम निरोधक दस्ते और बम का पता लगाने वाले दल के साथ कॉलेज पहुंचीं और उसके बाद छात्रों और कर्मचारियों को वहां से निकाला गया।

कार्यवाही टालने के लिए हथकंडे अपना रहे आरोपी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को एक स्थानीय अदालत में याचिका दायर कर आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी के कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले के आरोपी कार्यवाही टालने के हथकंडे अपना रहे हैं। ईडी ने हिरासत की अवधि के दौरान पूछताछ की कार्यवाही की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग सहित सीसीटीवी फुटेज की एक प्रति सौंपे जाने को लेकर आरोपियों की अर्जी का विरोध करते हुए यह बात कही।

केंद्रीय कर्मियों का महंगाई भत्ता 4% बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढोतरी करने का गुरुवार को निर्णय लिया जिसका लाभ करीब 50 लाख कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशनभोगियों को होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महंगाई भत्ता पहले से 46 प्रतिशत है और अब इस बढ़ोत्तरी से यह 50 प्रतिशत हो गया है। इसके मद्देनजर अब आवास भत्ते के साथ ही ग्रेच्युटी आदि में भी बढ़ोत्तरी होगी। अब आवास भत्ता नौ प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत, 18 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत और 27 प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत हो जाएगा। इसके साथ ही ग्रेच्युटी की ऊपरी सीमा को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया गया है। गोयल ने कहा कि महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी से सरकार पर 12868.72 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

कैबिनेट के फैसले

- इस बढ़ोत्तरी के बाद 50 प्रतिशत मिलेगा भत्ता
- 50 लाख कर्मियों 67.95 लाख पेंशनरों को लाभ

उज्ज्वला योजना पर जारी रहेगी 300 रु.सब्सिडी

सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत 300 रुपए की सब्सिडी जारी रखने का निर्णय लिया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। योजना के तहत लाभार्थियों को हर साल 12 रिफिल तक प्रदान की जाने वाली 300 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की लक्षित सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दी गई है।

छैमार हसीन गैंग के आठ सदस्यों को फांसी की सजा

सोना खरीदने वाले सर्राफ को उम्रकैद, सुरेश शर्मा नगर में 10 साल पहले हुई थी घटना

विधि संवाददाता, बरेली

- आयकर इंस्पेक्टर के घर में डकैती के दौरान कर दी गई थी भाई-भाभी व मां की हत्या
- चार मार्च को ही अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार देकर भेज दिया था जेल
- शाहजहांपुर के चौक मोहल्ले का है सर्राफ, पांच लाख रुपये का जुर्माना भी डाला

अमृत विचार : सुरेश शर्मा नगर में आयकर विभाग के इंस्पेक्टर के घर में डकैती के दौरान उनके भाई-भाभी और मां की हत्या कर देने वाले छैमार हसीन गैंग के आठ सदस्यों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने गुरुवार को फांसी की सजा सुनाई।

इनमें दो महिलाएं हैं। लूटा गया सोना खरीदने वाले शाहजहांपुर के सुनार राजू वर्मा को उम्रकैद के साथ पांच लाख रुपये के जुर्माने की सजा दी गई है। अदालत ने इन सभी को चार मार्च को दोषसिद्ध होने के बाद जेल भेज दिया था। शहर को दहला देने वाली यह वारदात सन् 2014 में 22/23 अप्रैल की रात आयकर इंस्पेक्टर रविकांत मिश्रा के घर में हुई थी जिनकी तैनाती पीलीभीत में थी। पुलिस की विवेचना में सामने आए तथ्यों के मुताबिक छैमार गैंग के लोग पड़ोस के निर्माणाधीन मकान से होते हुए रविकांत के घर की छत पर चढ़े थे। सब्बल के जरिए खिड़की की ग्रिल निकालने बाद घर में दाखिल हुए। सबसे पहले उन्होंने सिर पर ईंट मारकर रविकांत की बुजुर्ग मां की हत्या की। इसके बाद भाई-भाभी को भी ईंट से सिर कुचलकर मार दिया। रविकांत मिश्रा की ओर से थाना बारादरी में दर्ज कराई गई एफआईआर में बताया गया था कि सुरेश शर्मा नगर स्थित घर से वह 21 अप्रैल 2014 सुबह नौ बजे ड्यूटी पर पीलीभीत गए थे। 23 अप्रैल की सुबह उन्होंने अपने परिजनों को फोन किया तो संपर्क नहीं हो पाया। पड़ोसियों से मेनगेट अंदर से बंद होने की बात पता चलने पर अनहोनी की आशंका हुई तो वह घर आए।

इन्हें फांसी की सजा...: बिथरी चैनपुर के गांव डेरा उमरिया निवासी हसीन, यासीन उर्फ जीशान, नाजिमा, हाशिमा, जुल्फाम और फहीम, शेरगढ़ के गांव कुड़ला नगरिया निवासी वाजिद और संभल के गांव बुकनाला निवासी समीर उर्फ साहिब उर्फ नफीस।

बंदिशों के खत्म होने के बाद खुली हवा में सांस ले रहा कश्मीर : मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा-अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस ने देश को किया गुमराह

- करोड़ों की विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में थे। इस दौरान उन्होंने 'विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर' कार्यक्रम के तहत करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया और एक जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर अनुच्छेद 370 पर न केवल जम्मू-कश्मीर के लोगों को बल्कि पूरे देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने आगामी रमजान के पवित्र महीने और महाशिवरात्रि के पर्व के लिए अपनी अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है क्योंकि वह आज खुलकर सांस ले रहा है। जम्मू-कश्मीर ने अनुच्छेद 370 हटने के बाद की बेड़ियां तोड़ दी हैं। उन्होंने कहा कि ये वो नया जम्मू-कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसके लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था। इस नए जम्मू-कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है, इस नए जम्मू-कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है।

भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा पांच अगस्त 2019 को पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के बाद से प्रधानमंत्री की कश्मीर की यह पहली यात्रा है। करीब 5,000 करोड़ रुपये का समग्र-कृषि विकास कार्यक्रम राष्ट्र को समर्पित करने के बाद मोदी ने कहा कि वह श्रीनगर के लोगों के बीच आकर प्रफुल्लित हैं।



सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा।

कश्मीरी युवा के साथ ली सेल्फी और दोस्त कहा

श्रीनगर। कश्मीरी युवा नाजिम नजीर के लिए गुरुवार को यह सपने सच होने जैसा पल था जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल उनके साथ एक सेल्फी ली बल्कि उन्हें अपना 'दोस्त' भी कहा। नजीर ने एक सफल मधुमक्खी पालन इकाई स्थापित की हुई है। वह उन युवाओं में से एक थे जिन्हें बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री की सार्वजनिक रैली के बाद मोदी के साथ बातचीत करने का अवसर मिला था। प्रधानमंत्री ने बाद में नजीर के साथ ली गई सेल्फी को पोस्ट करते हुए एक ट्वीट भी किया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर की गई पोस्ट में कहा कि मेरे दोस्त नजीर के साथ एक यादगार सेल्फी। मैं उनके अच्छे काम से बेहद खुश हूं। जनसभा के बाद उन्होंने एक सेल्फी का अनुरोध किया और मुझे उनसे मिलकर खुशी हुई।

चारधाम यात्रा की तैयारियों के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश

सभी पैदल मार्गों व संवेदनशील इलाकों में लगाएं सीसीटीवी: मुख्यमंत्री धामी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को चारधाम यात्रा की तैयारियों और मॉनिटरिंग के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं।

सचिवालय में चारधाम यात्रा-2024 को लेकर हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने सुगम यातायात संचालन के लिए एसपी व एएसपी रैंक के अधिकारी को नियुक्त करने तथा विभागों में आपसी समन्वय से कार्य के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीते सालों यात्रा में जो कमियां एं सामने आईउनको दूर किया जाए। पैदल मार्गों एवं संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी लगाएं। यात्रियों के साथ स्थानीय लोगों का ध्यान रखा जाए। शासन स्तर से चारों धामों की लाइव मॉनिटरिंग की जाए। आपदा कंट्रोल रूम का सुचारू संचालन करें। सीएम ने कहा कि मौसम के पूर्वानुमान की सूचना यात्रियों तक समय से पहुंचे। यात्रियों के मोबाइल पर अलर्ट मैसेज की व्यवस्था की जाए। पैदल मार्गों की नियमित सफाई हो। मार्ग पर बने शौचालयों में सफाई तथा उनकी संख्या बढ़ाए। उन्होंने मिशन मोड पर प्लास्टिक फ्री चारधाम पर काम के निर्देश दिए। यात्रा प्रारंभ होने से पहले 24 घंटे बिजली की व्यवस्था कर ली जाए। पैदल मार्गों में स्ट्रीट लाइट लगाएं। साथ ही पेयजल की व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चार धाम मार्गों का सुधारीकरण कार्य यात्रा से पहले करें। जिन स्थानों पर मार्ग अवरुद्ध होते हैं ऐसे स्थानों को चह्नित कर वहां पर जेसीबी आदि की व्यवस्था करें। यात्रा मार्ग बंद होने पर उसे तुरंत खोलने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने यात्रा के लिए बसों व टैक्सियों आदि के सम्बन्ध में आंकलन कर पूर्व में व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान अच्छा कार्य करने वाले लोगों/विभागों को सम्मानित किए जाएगा। बैठक में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, डीजीपी अभिनव कुमार, सचिव सुभाष बगौली के साथ ही वर्चुअल माध्यम से विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

देहरादून सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

यात्रा मार्ग पर एंबुलेंस और एयर एंबुलेंस की हो व्यवस्था

देहरादून। मुख्यमंत्री ने यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का विस्तार जल्द करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों पर अस्थाई चिकित्सा केन्द्रों में चिकित्सा व अन्य स्टाफ की तैनाती के साथ दवाएं, उपकरण, पोर्टेबल ऑक्सीजन सिलेंडर, एम्बुलेंस व एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था की जाए। घोड़े-खच्चरों को होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए पैदल मार्गों पर पशुचिकित्सकों की तैनाती की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा सीजन में धामों एवं यात्रा मार्गों पर एसडीआरएफ, पुलिस बल, जल पुलिस, गोताखोर, ट्रैफिक पुलिस की तैनाती का प्रबन्धन किया जाए। साथ ही जहां आवश्यकता हो वहां अस्थाई पुलिस चौकी बनाई जाए।

राज्य में बीजेपी दो महिलाओं को दे सकती है टिकट

ज्ञानेन्द्र सिंह, नई दिल्ली

- हरिद्वार व पौड़ी गढ़वाल सीट पर विचार विमर्श, अंतिम फैसला 10 मार्च को
- टिहरी गढ़वाल, अल्मोड़ा एवं नैनीताल संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार किए घोषित

अमृत विचारः नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाने वाली भारतीय जनता पार्टी इस बार टिकट बंटवारे में भी महिलाओं को ज्यादा महत्व दे रही है। दिल्ली में पहली बार भाजपा ने दो महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे हैं। यही प्रयोग उत्तराखंड में भी किए जाने की संभावना है।

उत्तराखंड में पांच सीटें हैं। वहां टिहरी गढ़वाल, अल्मोड़ा एवं नैनीताल संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित कर दिए गए हैं, जिसमें टिहरी से मौजूदा सांसद माला राज्य लक्ष्मी को टिकट दिया गया है। इसी तरह अल्मोड़ा से अजय भट्ट एवं नैनीताल से अजय टम्टा (दोनों वर्तमान सांसद) को टिकट मिला है। जबकि हरिद्वार एवं पौड़ी गढ़वाल सीट पर विचार विमर्श चल रहा है। यहां के वर्तमान भाजपा सांसदों पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक एवं तीरथ सिंह रावत का टिकट रोक दिया गया है।

डा. पोखरियाल केंद्रीय शिक्षा मंत्री थे लेकिन उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर कर दिया गया था। उसके बाद से ही यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि पोखरियाल को इस बार लोकसभा का टिकट नहीं मिलेगा। तभी से त्रिवेंद्र रावत और मदन कौशिक ने इस सीट पर चुनाव लड़ने का दावा किया था। भाजपा हाई कमान के समक्ष हरिद्वार त्रिवेंद्र रावत के नाम पर ज्यादा विचार चल रहा है। जबकि पौड़ी गढ़वाल सीट से राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी एवं महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव दीप्ति रावत के नाम पर भी विचार किया जा रहा है। दीप्ति ने गत दिवस पश्चिम बंगाल में आयोजित महिला रैली में बड़ी भूमिका निभाई थी और वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ पश्चिम बंगाल भी गई हुई थीं। उन्होंने राजस्थान विधानसभा चुनाव में भी विशेष योगदान दिया था।

दरअसल पौड़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र में 50 प्रतिशत से ज्यादा राजपूत मतदाता है इसको ध्यान में रखते हुए हाई कमान किसी राजपूत को उम्मीदवार बनाने के मूड में है। इसी क्षेत्र से महेंद्र भट्ट को राज्यसभा में ले लिया गया है। वह ब्राह्मण है।

भट्ट का तर्क देकर बीजेपी हाई कमान के समक्ष उत्तराखंड के कई नेताओं ने पौड़ी गढ़वाल से किसी राजपूत को टिकट देने की मांग की है। इससे बलूनी की दावेदारी कमजोर पड़ रही है। जबकि बलूनी गुट का कहना है कि उत्तराखंड से महिला को टिहरी गढ़वाल से टिकट मिल चुका है इसलिए दीप्ति रावत के नाम पर विचार नहीं होना चाहिए। फिलहाल हरिद्वार एवं पौड़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवारों का अंतिम फैसला 10 मार्च को होगा।

लश्कर सदस्य कासिम को घोषित किया आतंकवादी

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र. सरकार ने कई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के सदस्य मोहम्मद कासिम गुज्जर को गुरुवार को आतंकवादी घोषित कर दिया। सरकार के फैसले की घोषणा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी गुज्जर कई आतंकी हमलों और भारत के खिलाफ युद्ध की साजिश में संलिप्त रहा है। शाह ने एक्स पर पोस्ट किया कि देश की एकता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से कठोरता से निपटा जाएगा। एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के इरादे से गुज्जर उर्फ सलमान उर्फ सुलेमान कई तरह की आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने में शामिल रहा है, जिसमें सीमा पार से हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक उपकरण और नकदी गिराने के लिए ड्रोन के समन्वय, आपूर्ति, स्थानों की पहचान करना शामिल है।

- गृह मंत्रालय ने की कार्रवाई कई आतंकी हमलों में रहा शामिल

कॉर्बेट बाघ में क्षति की जांच को समिति बनाने के आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- शीर्ष अदालत ने कहा- जंगल में बाघ की मौजूदगी पारिस्थितिकी तंत्र की भलाई के संकेतक

उच्चतम न्यायालय ने कॉर्बेट बाघ अभयारण्य में अवैध निर्माण एवं पेड़ों की कटाई से हुए नुकसान के समाधान के उपाय सुझाने के लिए समिति गठित करने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी जंगल में बाघ की मौजूदगी पारिस्थितिकी तंत्र की भलाई का संकेतक है। न्यायालय ने कहा कि वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से गठित की जाने वाली समिति अभयारण्य को हुए पर्यावरणीय नुकसान का आकलन करेगी और उसे फिर से दुरुस्त करने पर आने वाली लागत निर्धारित करेगी।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि समिति इस सवाल पर विचार करेगी कि क्या बफर या फ्रिंज क्षेत्र में बाघ सफारी की अनुमति दी जा सकती है। पीठ ने कहा कि यदि ऐसी सफारी की अनुमति दी जा सकती है, तो इसके लिए दिशा निर्देश क्या होने चाहिए? इसमें कहा गया है कि समिति अभयारण्य को उस स्थिति में लाने के उपायों की सिफारिश करेगी जैसा यह नुकसान से पहले था।

यूको बैंक घोटाला मामले में सीबीआई का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राजस्थान-महाराष्ट्र के 7 शहरों में 67 जगहों पर कार्रवाई

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यूको बैंक में 820 करोड़ रुपये के आईएमपीएस घोटाले के संबंध में राजस्थान और महाराष्ट्र के सात शहरों में 67 स्थानों पर तलाशी ली है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह मामला 8,53,049 से अधिक आईएमपीएस (तत्काल भुगतान प्रणाली) लेन-देन से संबंधित है जो पिछले साल 10 नवंबर से 13 नवंबर के बीच बैंक में हुए थे। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा कि सात निजी बैंकों के लगभग 14,600 खाताधारकों से शुरू किए गए आईएमपीएस आवक लेन-देन को यूको बैंक के 41,000 से अधिक खाताधारकों के खातों में गलत तरीके से पोस्ट किया गया था। इसके परिणामस्वरूप 820 करोड़ रुपये मूल बैंकों से वास्तविक डेबिट किए बिना यूको बैंक खातों में जमा किए गए थे।

अधिकारियों ने कहा कि बुधवार को राजस्थान और महाराष्ट्र में तलाशी उन लोगों पर केंद्रित थी, जिन्होंने पैसे प्राप्त किए और बैंक को वापस करने के बजाय इसे निकाल लिया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष | व्यापारिक कर्ज में डूबे ससुराल को मुसीबत से बाहर निकाला, लंदन तक भेजा उत्पाद

कभी घर-घर जाकर लेती थीं ऑर्डर, आज दो फैक्ट्रियों की एमडी

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

अमृत विचार : जमीन से आसमान तक का सफर मुसीबतों के बीच तय करके मुकाम बनाना हर किसी के बस में नहीं होता। महिला उद्यमी ममता शुक्ला की कहानी एक ऐसी ही संघर्ष गाथा है। एक वक्त था जब वे एक अदद ऑर्डर के लिए दरवाजे-दरवाजे दस्तक देती थीं, आज शहर में दो बड़ी फैक्ट्रियों की मालिक हैं। उन्होंने ससुराल पर चढ़ा व्यापारिक कर्ज तो उतारा ही समाज के तानों की परवाह न करते हुए खुद को साबित भी किया।

संघर्ष की मिसाल

- महिला होने के नाते लोग मारते थे ताने आज दे रहीं 150 लोगों को रोजगार

उद्यमी ममता शुक्ला ने बताया कि कारोबार संभालने में कभी रुचि नहीं थी। वे पर्दे वाली बहू थीं, जिसका दायरा काफी सीमित था। 1988 में पति डॉ. प्रदीप शुक्ला ने 'पारुल होम्योलैब' नाम से फर्म शुरू की। दो साल बाद इस फर्म की वजह से कर्ज हो गया। बैंक में मकान तक गिरवी हो गया। 1991 आते-आते कारोबार भी ठप हो गया। परिवार की हालत देखकर उन्होंने अपनी सास से कारोबार दोबारा शुरू करने की इच्छा जताई। सास विंदेश्वरी शुक्ला ने उनका हौसला बढ़ाया। इस पर उन्होंने दोबारा कारोबार शुरू करने की ठानी। होम्योपैथिक दवाइयां और उसमें इस्तेमाल होने वाली स्वीट पिल्स 'सफेद छोटी गोलियां' का कारोबार दोबारा शुरू किया।

90 के दशक में घर की बेटियों और बहुओं का कामकाज करना समाज में कम ही था। ऐसे में उन्होंने शहर से बाहर जाकर ऑर्डर लाने का निर्णय लिया। शुरुआत प्रयागराज से की। वहां पर होम्योपैथिक डॉक्टरों के घर-घर जाकर ऑर्डर लिए। वह पैदल और ऑटो से पूरा शहर घूमती थीं। उद्यमी ममता शुक्ला ने बताया कि उस वक्त मार्केटिंग में महिलाएं बहुत कम थीं। बाजार में कई बार लोग ताने मारते थे। लोगों को भरोसा नहीं होता था इसलिए उधार कच्चा माल कोई व्यापारी नहीं देता था। बमुश्किल इलाहाबाद से ऑर्डर मिले जिससे आत्मविश्वास बढ़ा। ऑर्डर मिलने के बाद उत्पाद की पैकिंग खुद अपने हाथों से करती थीं। बच्चे छोटे थे तो उनकी देखभाल और घर की भी जिम्मेदारी भी थी।

बाजार में कुछ समय गुजारने के बाद उन्होंने पाया कि कम रेट में बेहतर क्वालिटी से उनका उत्पाद लोगों और डॉक्टर के बीच चर्चित हो रहा है। इसी मंत्र को वे आज तक कायम रखे हैं। धीरे-धीरे कारोबार बढ़ा और बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, असम सहित अन्य राज्यों में उनके उत्पाद जाने लगे। अब वे उत्पाद पनकी की दो फैक्ट्री में बनवाती हैं। एक में 'स्वीट पिल्स' और दूसरी में होम्योपैथिक दवाइयां बनाई जाती हैं।

वर्ष 1999 में उन्होंने उत्पादों को लंदन तक भेजा। दो साल तक विदेश में कारोबार करने के बाद उन्होंने भारतीय बाजार की ओर रुख किया। अब दोबारा निर्यात की योजना बना रहीं हैं। महिला उद्यमी ने बताया कि उनके संघर्ष में बड़े बेटे की अहम भूमिका रही। बड़ा बेटा अमित शुक्ला 14 वर्ष की उम्र में उनके साथ सड़क पर घूमता था। उन्हें दुख है कि इस वजह से वह सेना में जाने का सपना पूरा नहीं कर पाया। मेधावी होने के बाद भी सिर्फ बीकॉम तक ही पढ़ाई कर सका।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

राजकीय जूनियर हाईस्कूल पौड़ा कोठार रानीखेत में सहायक अध्यापिका के रूप में तैनात हैं यशोदा कांडपाल, मुख्यमंत्री भी कर चुके हैं अध्यापिका का सम्मान

22 साल बाद खुद के हुनर को किया जिंदा, अब बच्चों का हुनर तराश रहीं यशोदा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: विवाह के बाद नौकरी, घर की जिम्मेदारियों और बेटे की पढ़ाई में अपने आप को भूल गई थी। एमए करने के 22 साल बाद जब मुझे मास्टर गेम्स और सिविल सर्विसेज में खेलने का मौका मिला और जिस दिन मुझे इसके बारे में पता चला तो उस रात मैं सो नहीं पाई।

रात को 1:30 बजे उठकर अपने बैठक के कमरे में लगे सोफे और बड़े टेबल में एक डोरी बांध कर ऊंची कूद का अभ्यास करने लगी जिसकी ऊंचाई लगभग एक मीटर थी। ये देखने के लिए कि क्या अब 22 साल के बाद भी मैं ऊंची कूद कर पाऊंगी। राजकीय जूनियर हाईस्कूल पौड़ा कोठार (रानीखेत) में तैनात सहायक अध्यापिका यशोदा कांडपाल संघर्ष से सफलता तक पहुंचने की कहानी बताती हैं। वह बताती हैं कि काफी डरते-डरते आखिर तीसरी बार में वह लंबी कूद मारने में सफल रही।

जिसके बाद उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अब यशोदा को बस सुबह होने का इंतजार था ताकि वह स्कूल जाकर ग्राउंड तैयार कर सकें और बच्चों के साथ-साथ खुद भी प्रैक्टिस कर सकूं।

बताया कि सुबह बिना नाश्ता किए ही वह स्कूल चली गई और ग्राउंड तैयार किया और फिर शुरू हो गई खुद के हुनर को जिंदा करने के साथ ही बच्चों के हुनर को तलाशने की। बताया कि 2011 में जब जूनियर हाईस्कूल में प्रमोशन होकर आई तो गांव के लोग अपनी बेटियों को खेलों में नहीं भेजना चाहते थे। बच्चों और उनके परिवार वालों को प्रोत्साहित करने के लिए खुद खेलना शुरू किया। यशोदा की 2011 में राजकीय जूनियर हाईस्कूल पौड़ा कोठार में तैनाती हुई। तब से जिला व राज्य स्तर पर 25 से अधिक बालिकाएं जबकि छह राष्ट्रीय स्तर पर हिस्सा ले चुकी हैं। वह बालिकाओं को कबड्डी का प्रशिक्षण देती हैं। वह एक घंटा पहले स्कूल पहुंच जाती हैं और उनसे प्रशिक्षण ले रहे बच्चे भी तय समय पर आ जाते हैं।

यशोदा कांडपाल को सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

यशोदा कांडपाल उर्फ मोनिका की माता जानकी जोशी गृहिणी हैं और पिता बालादत्त जोशी पुलिस विभाग में कार्यरत थे। उनकी पांच बहनें और एक बड़ा भाई है। सभी सरकारी नौकरी में हैं। पति तपेश कांडपाल जवाहर नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत अल्मोड़ा में ऑफिस सुप्रीटेंडेंट के पद पर कार्यरत हैं। यशोदा जनवरी 1996 से शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। बचपन से ही खेलों में बहुत रुचि थी। रामनगर डिग्री कॉलेज में भी एथलेटिक चैंपियन रही। अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र और शिक्षाशास्त्र में मास्टर डिग्री ली है। एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया की नेशनल रेफरी भी हैं।

उपलब्धियां : खुद के साथ स्कूल के बच्चों ने भी जीते कई पदक

सिंगापुर में आयोजित इंटरनेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक, मलेशिया में हुई अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऊंची कूद और ट्रिपल जंप में सिल्वर और हर्डल्स में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उनके विद्यालय की बालिकाओं ने टेबल-टेनिस के सिंगल व डबल्स मुकाबले में स्वर्ण और बालक वर्ग के डबल्स मुकाबले में रजत पदक हासिल किया। उनके स्कूल के 62 बच्चे राज्य स्तर व 18 बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में प्रतिभाग कर चुके हैं। यशोदा को बालिका सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर शैलेश मटियानी पुरस्कार भी मिल चुका है। उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासा को देखते हुए विद्यालय में स्वीमिंग पूल भी बनाया।

हल्द्वानी में जब हुई हिंसा तो खूब लड़ी मर्दानी...

पत्थरबाजी, फायरिंग में चोटिल होकर भी डटी रहीं ऋचा सिंह

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

अमृत विचार : आधी आबादी को समाज में बराबरी का दर्जा देने की बात यूं ही नहीं हो रही है। चांद पर जाना हो या हिमालय की चोटियां फतेह करनी हो महिलाएं सबसे आगे दिखाई दे रही हैं। ऐसी ही एक प्रेरणास्रोत हल्द्वानी में भी हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जब महिलाओं की बात हो रही है तो उनका नाम बरबस ही आ जाता है। यह नाम है पीसीएस अधिकारी ऋचा सिंह का। एक माह पूर्व हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुई हिंसा में सिटी मजिस्ट्रेट रहीं ऋचा सिंह ने जो तत्परता, निर्भिकता, साहस से एक दक्ष प्रशासनिक अधिकारी का परिचय दिया। वहीं बनभूलपुरा हिंसा के दूसरे दिन ही वह उपद्रवियों के बीच पहुंची और दूध, राशन, दवाइयां बांट कर ममता भी दिखाई। यह बात दीगर है कि वह अब प्रशिक्षण निदेशालय में अपर निदेशक के पद पर तैनात हैं, उनकी कार्यशैली ने सिर्फ हल्द्वानी ही नहीं समूचे राज्य की महिलाओं पर अपनी अमिट छाप बनाई है।

मूल रूप से उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले की रहने वाली ऋचा सिंह देहरादून, ऊधम सिंह नगर और अल्मोड़ा में कई प्रशासनिक पदों पर रहीं। इधर, बीती 8 फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा में नजूल भूमि से अतिक्रमण हटाने के दौरान हुए बवाल में वह पुरुष अधिकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहीं। चारों तरफ से पत्थरबाजी हो रही थी। कई बार उन्हें पत्थर पड़े चोटिल हुई लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। उपद्रवियों का डटकर सामना किया। जब उपद्रवियों ने आगजनी की और बनभूलपुरा पुलिस थाना फूंक दिया। तब तक वह हिंसा के चक्रव्यूह से बाहर आ गई थी लेकिन थाने में फंसे मजिस्ट्रेट, महिला पुलिस और शस्त्रागार को बचाने के लिए चोटिल हालत में फिर से बनभूलपुरा पहुंची।

चुनौतियां कम नहीं रहीं

पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह के सामने चुनौतियां कम नहीं रही। जनवरी 2020 मंख राज्य संपत्ति विभाग देहरादून से उनका तबादला नैनीताल जनपद में हुआ। दो माह बाद मार्च में कोविड-19 महामारी आ गई। ऐसे दौर में जब खून के रिश्ते संक्रमितों के शव नहीं ले जा रहे थे। कोई इन शवों को हाथ लगाने को तैयार नहीं था उन्होंने खुद संक्रमितों के शव उठाए और अंतिम संस्कार करवाया। नैनीताल में मेट्रोपोल अतिक्रमण, ज्योलीकोट वीरभट्ट में मदरसा ध्वस्तीकरण, बनभूलपुरा में अतिक्रमण ध्वस्तीकरण में सबसे आगे रहीं। 12 नवंबर की रात को शहर के नवाबी रोड पर कुमाऊं टेंट हाउस के गोदाम में आग लगी, इसमें रात भर रेस्क्यू ऑपरेशन में डटी रहीं। दिन-रात ड्यूटी में मुस्तैदी की वजह से हर कोई उनकी सराहना करता है।

घर में दिव्यांग बेटी के साथ, अस्पताल में मरीजों की देखरेख

नैनीताल: बीडी पांडे अस्पताल में लंबे समय से नर्स के रूप में तैनात मेट्रन शशिकला पांडे घर में 22 वर्षीय दिव्यांग बेटी की देखभाल के साथ-साथ वे अस्पताल की जिम्मेदारी भी बखूबी निभाती हैं। इसको देखते हुए वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों दिल्ली में राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइट एंगल अवार्ड से सम्मानित हो चुकी हैं।

शशिकला पांडे बीडी पांडे जिला चिकित्सालय में बीते 16 सालों से अपनी सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने कोरोना काल में अपनी सेवाएं दीं व कोविड संबंधित गतिविधियों में काम किया। वह कोरोना योद्धा प्रमाण पत्र से भी सम्मानित हो चुकी हैं। शशिकला पांडे अपने हंसमुख स्वभाव के लिए अस्पताल में जानी जाती हैं। पूरे अस्पताल के सफाई कर्मचारी, चतुर्थ श्रेणी कर्मी, स्टाफ नर्स की ड्यूटी लगाने की जिम्मेदारी उनके ऊपर है। शशिकला पांडे का कहना है कि उनको अस्पताल प्रबंधन का पूरा सहयोग मिलता है। इसके चलते वह अपनी ड्यूटी सही से कर पाती हैं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी न्याय सम्मेलन में महिलाओं के साथ विधायक सुमित हृदयेश। ● अमृत विचार

नारी न्याय सम्मेलन में महिलाएं सम्मानित

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर गुरुवार को बरेली रोड स्थित एक बैंकट हॉल में महिला दिवस पर नारी न्याय सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष खष्टी बिष्ट, संचालन शहर महानगर अध्यक्ष मधु सांगुड़ी ने किया। इस अवसर पर आयोजक जया कर्नाटक, विधायक सुमित हृदयेश, राहुल छिमवाल, निकिता टम्टा, रजनी देवी, गीता बहुगुणा, भगवती बिष्ट, निर्मला जोशी, शारदा बमेठा, राधा आर्य, सीमा भटनागर, मुन्नी पंत, हेमा, ममता, प्रीति, चंपा चिलवाल, निर्मला जोशी, जया शर्मा आदि रहे।

पंखुड़ियां ने किया नव ज्योति नारी शक्ति सम्मान समारोह

हल्द्वानी : महिला दिवस पर पंखुड़ियां सांस्कृतिक, पर्यावरण एवं दिव्यांग कल्याण समिति ने एक निजी रेस्टोरेंट में नव ज्योति नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया। इसमें समाज में उकृष्ट कार्य कर रही 9 महिलाओं को सम्मानित किया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ श्वेता भंडारी, निवर्तमान डॉ जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला व बाल विकास परियोजना अधिकारी शिल्पा जोशी ने सभी महिलाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि समाज में महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें आगे बढ़ाना होगा तभी वह आत्म विश्वास के साथ आत्म निर्भर हो सकती है। इस मौकेपर रिम्पी बिष्ट, डॉली अग्रवाल, नेहा बिष्ट, राजेंद्र प्रसाद, पंकज गोस्वामी समेत कई लोग मौजूद रहे।

पंखुड़ियां के कार्यक्रम में सम्मानित महिलाएं। ● अमृत विचार

इनसे सीखें

मजबूत इरादों से आईपीएस ऑफिसर बनीं निहारिका

मनोज आर्या, रुद्रपुर

जज्बा

- सामान्य परिवार से रखती हैं ताल्लुक, शिक्षक से सेवानिवृत्त हैं पिता
- बचपन से समाज के लिए कुछ करने का रहा है जज्बा

अमृत विचार: किसी ने सही ही कहा है कि मजबूरी नहीं, बल्कि मजबूत इरादे वाले ही लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। इसी उद्देश्य के साथ पौड़ी के छोटे से गांव की रहने वाली निहारिका तोमर ने अपने अडिग हौंसलों के दम पर आईपीएस बनने का सपना साकार किया और चार साल कठिन परिश्रम कर चौथे प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल रही।

मूलरूप से गढ़वाल मंडल में पौड़ी के छोटे से गांव जावड़ की रहने वाली निहारिका तोमर के पिता एपी सिंह केंद्रीय विद्यालय से सेवानिवृत्त शिक्षक हैं और माता रिकी तोमर गृहणी है, जबकि बड़ी बहन नितिका तोमर भी शादीशुदा जिंदगी में गृहिणी होने की जिम्मेदारी निभा रही हैं। बचपन से समाज के लिए कुछ करने का जज्बा रखने वाली निहारिका तोमर ने देहरादून से इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने के बाद जीबी पंत विश्वविद्यालय से बीटेक की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद आईपीएस बनने के सपने को साकार करने में जुट गई। सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाली निहारिका ने किसी भी कोचिंग सेंटर से यूपीएससी की कोई तैयारी नहीं की, बल्कि अपने अडिग इरादे और मजबूत हौसले के दम पर वर्ष 2021 में यूपीएससी की परीक्षा में 161 वीं रैंक प्राप्त की।

निहारिका बताती है कि पहली बार असफलता मिली, लेकिन अपने इरादे पर अटल रही। चार साल तक कठिन परिश्रम जारी रखा। इसी का परिणाम रहा कि चौथे प्रयास में निहारिका ने यूपीएससी की परीक्षा पास कर ली। वर्तमान में निहारिका रुद्रपुर की सीओ सदर एवं आईपीएस प्रशिक्षु हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बेटा-बेटी जैसी कुरीतियां समाप्त हो चुकी हैं। महिला हर क्षेत्र में अपने सपनों को साकार कर रही है। कारण मजबूत इरादे वाले ही लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। ऐसे में अभिभावकों को भी चाहिए कि अपनी बेटियों को शिक्षित कर सपनों को साकार करने में हरसंभव मदद करें। उन्होंने बताया कि आईपीएस का सपना साकार होने के बाद उनका उद्देश्य महिलाओं के अलावा समाज को स्वावलंबी व सशक्तिकरण बनाने में सहयोग करना है। उन्होंने महिला दिवस पर महिलाओं को बुलंद इरादों के साथ मुकाम पाने के लिए कड़ी मेहनत से लक्ष्य प्राप्त करने का आह्वान किया।

ऑल इंडिया लीनेस क्लब के कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

सारथी फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित महिलाएं। ● अमृत विचार

गिनती में माया की छाया में आत्मनिर्भर बन रहीं महिलाएं

विनोद पपनै, रामनगर

अमृत विचार: हे ग्राम देवता नमस्कार सोने चांदी से नही किंतु मिट्टी से तुमने किया प्यार...। रामकुमार वर्मा की यह कविता नैनीताल जनपद के कोटाबाग क्षेत्र की माया नेगी पर बिल्कुल सटीक बैठती है।

कृषि व सामाजिक क्षेत्र की अगर बारीकियां जाननी है तो माया दीदी से सीखिए। जिन्होंने न केवल महिलाओं को खेती का वैज्ञानिक प्रशिक्षण दिया बल्कि उन्हें उन्नत बीज, पैदावार में वृद्धि और खेती की उपज के गुर सिखाए बल्कि उन्हें उपज का बराबर मूल्य मिले इस दिशा में भी प्रयास शुरू किए। गिनती गांव की माया नेगी ने इंटर करने के बाद अपने साथ अन्य महिलाओं को शिक्षित किया। गांव में महिलाओं की दुर्दशा को देखकर माया ने उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने का संकल्प ले लिया। एमए करने के बाद उन्होंने डेरी योजना शुरू की और 150 महिलाओं को उससे जोड़ा। आज आलम यह है कि वह अब तक क्षेत्र में 100 महिला समूह बना चुकी हैं। ढाई से तीन हजार किसान काश्तकार समिति कोटाबाग जुड़कर सैकड़ों महिलाएं खुद को आत्मनर्भर बना रही हैं।

अविवाहित माया नेगी ने कहा कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाना ही मेरा लक्ष्य है। बाजार में बिचौलियों की जरूरत को खत्म कर उसके स्थान पर उत्पादक और उपभोक्ता को उचित मूल्य पर बेहतर उत्पाद दिलाने का प्रयास अनवरत जारी है। कहती हैं अब एफ पीओ (फार्मर्स प्रोड्यूसर आर्गेनाईजेशन) बना रही हूं, जिसमें लगभग ढाई हजार किसान होंगे। सारा जीवन प्रकृति, कृषि और किसानी को समर्पित कर दिया। आध्यात्मिक जीवन के प्रति झुकाव समाज सेवा की भावना बचपन से थी इसलिए सरकारी नौकरी का मोह त्याग दिया।

फौजी की पत्नी ने लिखी सफलता की नई इबारत

बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

अमृत विचार : कोमल है कमजोर नहीं तू, शक्ति का नाम ही नारी है। सबको जीवन देने वाली मौत भी तुझसे हारी है। सुप्रसिद्ध गायिका आशा भौंसले द्वारा गाया यह गीत सटीक बैठता है महिला सशक्तिकरण को एक नई दिशा दे रही उस महिला पर जिसने समय के साथ बेबसी, लाचारी और सामाजिक प्रताड़नाओं के बाद भी अपने आप को टूटने नहीं दिया।

हम बात कर रहे हैं रानीखेत के सुदामापुरी निवासी रेखा लोहनी पांडे की। मूल रूप से रेखा बागेश्वर जिले के बेटा गांव की रहने वाली हैं। डबल एमए करने के बाद उन्होंने एलएलबी की पढ़ाई भी की। जिसके बाद उनका विवाह रानीखेत के सुदामापुरी निवासी फौज में कार्यरत मुकेश चंद्र पांडे से हो गया। रेखा का घर परिवार सब ठीक चल रहा था। करीब छह सात साल पहले सेवानिवृत्ति लेकर लौटे पति और तीन बेटियों वाले परिवार के साथ रेखा कर परिवार खुशी खुशी अपनी जिंदगी व्यतीत कर रहा था। रेखा के पति मुकेश ने सेना से सेवानिवृत्ति के बाद टूर एंड ट्रैवल का काम शुरू किया। लेकिन नियति को शायद इस परिवार की खुशियां रास नहीं आ रही थी। पति द्वारा संचालित एक टैक्सी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जैसे तैसे दूसरा वाहन लेकर फिर काम शुरू किया, लेकिन इस दौरान उनके पति कुछ कारणों से पीलिया के शिकार हो गए और उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया। विपरीत हालात में रेखा ने खुद को संभाला। रेखा ने करीब एक साल पहले पति की टैक्सी का स्टेयरिंग संभाला और रानीखेत से हल्द्वानी को सवारियां ढोने लगीं। करीब एक साल से अधिक से रेखा हल्द्वानी से रानीखेत को टैक्सी का संचालन कर रही हैं।

सारथी संस्था ने स्मृति चिन्ह देकर महिलाओं को किया सम्मानित

हल्द्वानी, अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर सारथी फाउंडेशन समिति ने गुरुवार को विमल कुंज, छोटी मुखानी में एक कार्यक्रम आयोजित किया। संस्था के संस्थापक संयोजक नवीन पंत और अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद ने कई महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ज्ञानेंद्र जोशी, जाकिर हुसैन, दीक्षा पंत पांडे, पूजा पंत, प्रेमा जोशी, हेमा जोशी, मीना शाही, मंजू सनवाल, वर्षा टंडन, शीला राणा, तारा बिष्ट उपस्थित रहे।

लीनेस क्लब ने किया कार्यक्रम

हल्द्वानी, अमृत विचार : लीनेस क्लब ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। कार्यक्रम में सभी क्लब सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छाया सक्सेना और विशिष्ट अतिथि लिली सिंह को शॉल ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. श्रद्धा सयाना, इंदु पांडे, राशि शर्मा और रमा पांडे को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर संकल्प, सिद्धि, प्रेरणा, प्रयास और उड़ान क्लब की प्रेमलता प्रियंका मोनिका सोनू ममता कविता आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

शराब पीकर भिड़े युवक एक का सिर फोड़ा

हल्द्वानी : देवलचौड़ में शराब का नशा करने के बाद दो युवक भिड़ गए। एक ने दूसरे युवक पर पत्थर से हमला कर सिर फोड़ दिया। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि देवलचौड़ के पास कत्था फैक्ट्री की खाली जमीन है। गुरुवार की सुबह देवलचौड़ निवासी अर्जुन आर्या यहां लहूलुहान मिला था। युवक के सिर पर कई टांके आए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी में अर्जुन व एक अन्य युवक साथ जाते दिख रहे हैं। अर्जुन के परिजनों का आरोप है कि मारपीट करने वाला युवक बेटे को घर से बुलाकर ले गया था। उसे नशा कराया और फिर हमला कर दिया।

पहाड़ों में बारिश और बर्फबारी के आसार

हल्द्वानी : पहाड़ों में फिर से बारिश और बर्फबारी के आसार बन रहे हैं। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों में हल्की बारिश होने और साथ ही 3500 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने के आसार हैं। इधर मैदानी इलाकों में मौसम सामान्य बना हुआ है। हल्द्वानी में दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री रहा और न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री दर्ज किया गया। शाम के समय हल्की ठंडी हवाएं चलीं।

दंपति में विवाद, बच्चा लेकर भाग गया पति

हल्द्वानी : एक दंपति के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद पति दो साल का बच्चा लेकर फरार हो गया। महिला ने अपने पति के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी है। सीमा ने पुलिस को बताया कि वह किराए के कमरे में रहती है। उसका पति उत्पीड़न करता है। बुधवार को विवाद बढ़ा तो पति ने कमरा खाली कर दिया। साथ ही एक प्रार्थना पत्र पुलिस को दिया। जिसमें उसने अपने दो साल के बच्चे को साथ रखने की सहमति पति से की थी। मामला चौकी तक पहुंचने से पहले ही पति बच्चे को लेकर फरार हो गया है। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि मामले में लिखित शिकायत मिली है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर कार्रवाईकीजाएगी।

हिंसा की एक रात, खौफ में गुजर रहा हर लम्हा

बनभूलपुरा हिंसा के 30 दिन बाद रफ्ता-रफ्ता पटरी पर लौट रही जिंदगी, लेकिन कम नहीं हो रहा दिलों में खौफ

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा हिंसा की एक रात ने बनभूलपुरा के हर लम्हे को खौफ से भर दिया है। घटना को 30 दिन गुजर चुके हैं और जिंदगी भी पटरी पर लौटने लगी है, लेकिन दिलों में घर कर चुका खौफ कम नहीं हो रहा। इस हिंसा का सबसे बड़ा खामियाजा वो लोग भुगत रहे हैं, जो बेगुनाह थे। इन बेगुनाहों की मदद के लिए वो आबिद सिद्दीकी सामने आया, जिसने हिंसा के दौरान लक्ष्मी नाम की महिला पुलिस कर्मी की जान बचाई थी।

आस्थाना मस्जिद के पास नई बस्ती ठोकर में रहने वाले आबिद के साथ उनकी पत्नी महरीन भी लोगों की मदद कर रही हैं। अभी तक आबिद ने 9 क्विंटल से अधिक राशन बांट दिया है। जबकि पत्नी उन बच्चियों की मदद कर रही हैं, जिनके घर खाक हो गए या जिनके कमाने वाले सलाखों के पीछे चले गए। आबिद ने उनके कुछ दोस्त भी इस काम में हाथ बंटा रहे हैं। आबिद का कहना है कि ऐसा ही एक अदीबा का है। उपद्रवियों ने इनका घर फूंक दिया। सारी गृहस्थी खाक हो गई। न चूल्हा बचा और न ही खाना पकाने को बर्तन।

ऐसा ही एक परिवार नाजरीन का है। घर में चार बेटियां हैं और घर का इकलौता कमाने वाला पति शगीर अहमद 10 फरवरी से जेल में है। परिवार पाई-पाई को मोहताज है। ऐसे में आबिद ऐसे लोगों की मदद से परिवार का गुजर-बसर हो रहा है। अकलीब के पति इरशाद पैरालाइज्ड हैं और सिर पर चार बच्चों का बोझ है। फिरदौश के पति की मौत हो चुकी है और इकलौते बेटे की परविश उनकी जिम्मेदारी है। आबिद का कहना है कि बनभूलपुरा हिंसा के बाद ऐसे करीब दो सौ परिवार हैं, जिनकी वो और उनके साथी मदद कर रहे हैं।

भाई जेल से छूटेगा, तभी बेटे के सिर सजेगा सेहरा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हिंसा के मामले में समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के छोटे भाई जावेद सिद्दीकी भी जेल में हैं, लेकिन मतीन नहीं मानते कि जावेद हिंसा का हिस्सा था। इसी हिंसा की वजह से मतीन के बेटे का निकाह टल गया और अब वह तभी बेटे का निकाह करेंगे, जब बेटे जैसा भाई जावेद जेल से बाहर आ जाएगा।

मतीन का कहना है कि पुलिस अगर उनके भाई के गुनाहों के सुबूत दिखा दे तो उनके दिल को चैन आ जाए और वह चुप बैठ जाएंगे। क्योंकि अभी तक उनके पास जो सुबूत हैं, उसमें कहीं भी जावेद हिंसा का हिस्सा बनता नहीं दिखाई दे रहा। क्षेत्र में डर का माहौल और सबसे ज्यादा दिल को चुभने वाली बात यह है कि पुलिस ने उस अब्दुल मलिक के साथ उनके भाई का नाम जोड़ दिया, जिसने उनके भाई अब्दुल रऊफ सिद्दीकी की हत्या की।

परिवार में लोग रो रहे हैं। रमजान और ईद का त्यौहार आ रहा है। ऐसे में कैसे खुशी मनाएंगे। उन्होंने मांग की है कि पूरी घटना ज्यूडशरी जांच होनी चाहिए।

दो नोटिसों के बावजूद निगम ने नहीं दिए सबूत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मलिक का बगीचा मामले में धांधली का आरोप लगाते हुए नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त गणेश उपाध्याय ने अब्दुल मलिक, उसकी पत्नी साफिया समेत आधा दर्जन लोगों पर मुकदमा तो दर्ज करा दिया, लेकिन पुलिस को मामले से जुड़े दस्तावेज नहीं सौंपे। इस मामले में पुलिस दो बार निगम को नोटिस दे चुकी है और दूसरे नोटिस में सात दिन के भीतर सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा है।

बता दें कि कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर में सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने आरोप लगाया था कि साफिया मलिक पत्नी अब्दुल मलिक, अब्दुल मलिक निवासी अब्दुला बिल्डिंग लाइन नंबर आठ, अख्तरी बेगम पत्नी नन्हें खां, नबी रजा खां निवासी हल्द्वानी, गौस रजा खां निवासी लाइन नंबर 17 आजाद नगर हल्द्वानी और अब्दुल लतीफ निवासी बरेली उत्तर प्रदेश ने कूटरचित प्रार्थना पत्र दिए। मरे हुए व्यक्ति का शपथ पत्र देकर मलिक का बगीचा (राजकीय जमीन) को हड़पने, खुर्द-बुर्द करने, बेचने का षड्यंत्र किया। सरकारी विभागों और कोर्ट में मरे हुए व्यक्ति के नाम से झूठे शपथ पत्र दिए। मरे हुए व्यक्ति के नाम से भी कोर्ट में रिट भी डाली। पुलिस ने इस मामले में सभी के खिलाफ धोखाधड़ी, आईपीसी 417 और 120 बी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। तमाम आरोपों को सिद्ध करने के लिए पुलिस ने नगर निगम से दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा। दस्तावेज नहीं मिले तो एक के बाद दूसरा नोटिस पुलिस की ओर से दिया गया। अब पुलिस ने निगम को सात दिन का वक्त दिया है।

मामला

- मलिक का बगीचा प्रकरण में नगर निगम ने दर्ज कराया था मुकदमा

बेटी के ऑपरेशन की खबर सुनकर सदमे में मां की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एसटीएच में जन्मी पौत्री को देखने पहुंची मां, बेटी के ऑपरेशन की खबर सुनकर सदमे में आ गई और उसकी मौत हो गई। प्रशासनिक अधिकारियों की अनुमति पर बगैर पोस्टमार्टम शव परिजनों को सौंप दिया गया।

रुद्रपुर ऊधमसिंह नगर निवासी कैलाश ने बताया कि भोजवक्काल अजीमनगर रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी मौसी रामप्यारी (60 वर्ष) की बेटी रजनी एसटीएच में भर्ती थी। ऑपरेशन से रजनी ने 5 मार्च को बच्ची को जन्म दिया। रामप्यारी अपनी नवजात पौत्री को देखने एसटीएच पहुंची। यहां उन्हें बेटी के ऑपरेशन की खबर मिली तो वह सदमे में आ गईं।

अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। कुछ ही देर में चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव मोर्चरी भेज दिया। परिजनों ने प्रार्थना पत्र देकर प्रशासनिक अधिकारियों ने पोस्टमार्टम न कराने अपील की। जिसके बाद बगैर पोस्टमार्टम शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

गुरुग्राम से घूमने आए पर्यटक की मौत

हल्द्वानी, अमृत विचार : मानसिक दिव्यांग बच्चों के साथ टूर पर आए गुरुग्राम के पर्यटक की मौत हो गई। बुखार के बाद उसकी हालत बिगड़ी थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। सेक्टर 52 गुरुग्राम हरियाणा निवासी हरीश श्रीवास्तव का बेटा रोहित श्रीवास्तव (42 वर्ष) 5 मार्च की शाम गुरुग्राम में संचालित एक संस्था की ओर से उत्तराखंड घूमने आया था। रोहित के ममेरे भाई प्रणय श्रीवास्तव ने बताया कि रोहित को बचपन से ही मानसिक तौर पर परेशानी थी। पिछले तीन वर्षों से वह इस तरह के बच्चों को रखने वाली संस्था में ही रह रहा था। संस्था के करीब 20 बच्चों और स्टाफ के साथ वह उत्तराखंड के मुक्तेश्वर पहुंचा था। 5 मार्च को उसे सर्दी-बुखार की दिक्कत हुई। समूह में आए फिजिशियन ने दवा दी, जिससे रोहित को आराम मिला। अगले दिन तबियत बिगड़ने पर रोहित को निजी अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद उसे मुक्तेश्वर सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

चुनावी बॉन्ड को लेकर विधायक का धरना

हल्द्वानी, अमृत विचार: कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल की अगुवाई में दर्जनों कांग्रेसी ने गुरुवार को भारतीय स्टेट बैंक कुसुमखेड़ा को चुनावी बॉन्ड के तहत प्राप्त चंदे की जानकारी को सार्वजनिक करने की मांग की। इसके विरोध में लोगों ने सांकेतिक धरना देकर अपना विरोध जताया।

हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक मानते हुए उस पर रोक लगा दी थी। जिस पर भारतीय स्टेट बैंक को चुनावी चंदे की पूरी जानकारी 6 मार्च तक सार्वजनिक करने और चुनाव आयोग को खुलासा करने का निर्देश दिया था। 5 माह बीत जाने के बाद भी अभी तक एसबीआई की ब्रांच कुसुमखेड़ा ने जानकारी नहीं उपलब्ध करा पाई है। जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई तो धरने को मजबूर होंगे। इस मौके पर संजय बिष्ट, पूरन सिंह, रेनु तोमर, बिमला सांगुड़ी, पुष्पा नेगी उपस्थित रहे।

बार चुनाव में कांटे का मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हल्द्वानी बार एसोसिएशन चुनाव में उम्मीद से ज्यादा वोटिंग हुई। 907 मतदाताओं में 738 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर हार-जीत का हिसाब रखने वालों को भी पशोपेश में डाल दिया। शाम मतों की गिनती के साथ प्रत्याशी और उनके समर्थकों के दिल की धड़कन बढ़ी आधी रात हार-जीत के कयास में गुजर गई।

बृहस्पतिवार की सुबह तय समय 9 बजे मतदान शुरू हुआ। शाम 4 बजे तक मतगणना हुई। अध्यक्ष समेत 10 पदों पर खड़े 33 प्रत्याशियों के हक में 738 मतदाताओं ने मत डाले। शाम 5 बजे के बंद कमरे में मतों की गिनती शुरू हुई। पहले माना जा रहा था कि रात 10 बजे तक मतगणना खत्म हो जाएगी और आधे घंटे बाद नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। हालांकि ऐसा हुआ नहीं है और जैसे-जैसे समय गुजरता रहा इंतजार करने वालों की धड़कनें घटती-बढ़ती रहीं। अध्यक्ष पद पर सिर्फ दो नामांकन किशोर पंत और गोविंद सिंह बिष्ट के हुए। दोनों में कड़ी टक्कर हुई। अध्यक्ष पद के अलावा उपाध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र सोलंकी, सुनील सिंह पुंडीर, संजय कुमार, जितेंद्र सिंह बोरा, संजय कुमार के बीच मुकाबला है। सचिव पद पर मोहन सिंह बिष्ट, संतोष कुमार नेगी, ललित मेर, जितेंद्र सिंह बिष्ट, महिला उपाध्यक्ष पद पर भगवती पलड़िया, सुलक्षणा श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव पद पर योगेश कुमार लोहानी, विपिन कुमार, प्रदीप लोहनी, संयुक्त सचिव (प्रेस) मे योगेश कुमार पाठक, रविंद्र पाल सिंह तोमर, सुधांशु तिवारी, कोषाध्यक्ष पद पर आदित्य कुमार, चंदन बोरा, लेखाधिकारी पद पर राजेंद्र प्रसाद पांडे, गौरव सिंह बिष्ट, पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर वशीरत जहां, मो आसिफ सिद्दीकी, भरत सिंह बिष्ट और सदस्य पद पर पंकज कंबडवाल, मोहित पांडे, लोकेश राज चौधरी, हरेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार सागर, विवेक कुमार गुप्ता, विनोद कुमार श्रीमाली के बीच मुकाबला हुआ।

बार एसोसिएशन के चुनाव के दौरान उत्साहित अधिवक्ता। ● अमृत विचार

हाईकोर्ट ने तत्कालीन हरिद्वार सीएमओ को तलब किया

विधि संवाददाता, नैनीताल

सुनवाई

- एक प्राइवेट कंपनी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए निर्देश
- सीएमओ हरिद्वार ने दो-दो बार निरस्त था कंपनी का वर्क ऑर्डर

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने कोविड महामारी के दौरान हरिद्वार के बाबा बर्फानी अस्पताल में लिफ्ट लगाने के मामले में हरिद्वार के तत्कालीन सीएमओ को मंगलवार को कोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की पीठ ने तेजल इंजीनियरिंग कंपनी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया।

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि कोविड-19 महामारी के दौरान हरिद्वार के तत्कालीन सीएमओ की ओर से वर्ष 2021 में बाबा बर्फानी अस्पताल में लिफ्ट की स्थापित करने के लिये उनकी कंपनी को वर्क आर्डर जारी किया गया, लेकिन कुछ समय बाद सीएमओ कार्यालय ने वर्कर आर्डर निरस्त कर दिया। इसके बाद सीएमओ आफिस ने कुंभ मेला अस्पताल में लिफ्ट लगाने के आदेश दिए। कंपनी ने जब लिफ्ट लगाने के लिए काम शुरू किया तो नवम्बर, 2022 में सीएमओ कार्यालय ने वर्क आर्डर फिर निरस्त कर दिया। इसके बाद याचिकाकर्ता की ओर सीएमओ के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता योगेश पचोलिया ने कहा कि कोर्ट ने अंत में तत्कालीन सीएमओ को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के निर्देश जारी कर दिये। अदालत ने सुनवाई के दौरान सख्त टिप्पणियां भी कीं।

एसटीएच में चर्म रोगियों को बाहर बुलाकर देते हैं खाना

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: सुशीला तिवारी अस्पताल में आईपीडी में भर्ती मरीजों को भोजन देने के मामले में लापरवाही का मामला सामने आया है। चर्म रोग विभाग की आईपीडी में भर्ती मरीजों को बाहर बुलाकर खाना दिया जाता है। ये लापरवाही वहां मौजूद अन्य स्टाफ के सामने होता है लेकिन किसी को कोई परवाह नहीं है।

एसटीएच में आईपीडी में भर्ती मरीजों को अस्पताल की ओर से खाना दिया जाता है। चर्म रोग विभाग की ओपीडी के बाहर ही अस्पताल की ओर से एक ट्रॉली में भोजन आ जाता है। फिर मरीजों को आवाज दी जाती है। इसके बाद अंदर भर्ती मरीज अपने बर्तन लेकर खाना लेने पहुंचते हैं। मरीज बिस्तर से उठकर खाना लेने के लिए जाते हैं। ट्रॉली के पास जाकर कतार लगाते हैं। ट्रॉली वाला सबके बर्तन में खाना डालता है। इसके बाद मरीज फिर से अपने बेडों पर जाते हैं।

एसटीएच में चर्म रोग वार्ड के बाहर मरीजों को भोजन बांटते कर्मचारी। ● अमृत विचार

अगर कोई मरीज चल फिर नहीं सकता तो इसकी भी परवाह नहीं की जाती है। जिसको भी खाना लेना है, उसे वार्ड के बाहर चलकर आना पड़ेगा। इसके बाद ही खाना मिल सकता है।

घटना से खाना देते समय मरीजों के प्रति कर्मचारियों का व्यवहार किस तरह का होगा, यह भी बड़े आराम से समझा जा सकता है। यह भी विडंबना है कि जब ऐसा होता है तो वहां वार्ड में अस्पताल के अन्य कर्मचारी भी मौजूद होते हैं। इसके बावजूद किसी की ओर से शिकायत नहीं करवाई गई।

बोले डॉक्टर

अगर वार्ड से बाहर बुलाकर मरीजों को खाना दिया जा रहा है तो मैं इस मामले को दिखवाऊंगा।

-डॉ. अरुण जोशी, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी

अन्य वार्डों में अंदर जाकर देते हैं भोजन

हल्द्वानी : जानकारी मिली कि अन्य वार्डों में मरीजों को खाना वार्ड के अंदर दिया जाता है लेकिन चर्म रोग विभाग के वार्ड में ही खाना वार्ड के बाहर परोसा जाता है। वैसे मरीजों को उनके बेडों पर खाना दिया जाना चाहिए, लेकिन अन्य वार्डों में तब भी थोड़ी रियायत रखी जाती है।

मरीज को बिस्तर पर खाना देने का है नियम

हल्द्वानी : अस्पताल के अंदर भर्ती मरीज को उसके बिस्तर पर ही खाना देने का नियम होता है। किस मरीज को क्या खाना है यह भी डॉक्टर तय करता है। सभ्य समाज में यह माना जाता है कि अस्पताल में भर्ती मरीज की सेवा की जाती है। वह चलने-फिरने में सामान्य लोगों की तरह उतना सक्षम नहीं होता है।

दो स्थायी कर्मियों के निलंबन के लिए शासन को भेजा पत्र

संवाददाता, हल्द्वानी

- अभी दोनों कर्मचारी प्राचार्य कक्ष से अटैच हैं

अमृत विचार: एसटीएच में बिलिंग मामले में हुए घोटाले में दो स्थायी कर्मचारियों के निलंबन के लिए संबंधित अधिकारी को पत्र भेज दिया गया है। वहां से संस्तुति के बाद ही दोनों महिला कर्मियों का निलंबन होगा। विगत दिनों एसटीएच में बिलिंग के मामले में घोटाला सामने आया था। मामले में मुख्य आरोपी महिला कर्मचारी को सेवा से हटा दिया गया है। वह उपनल कर्मचारी थी। दो अन्य स्थायी महिला कर्मियों के निलंबन के लिए चिकित्सा शिक्षा निदेशक को पत्र भेजा गया है।

इसमें घटना की पूरी जानकारी भेजी गई है। वहां से आदेश आने के बाद दोनों महिला कर्मियों का भी निलंबन कर दिया जाएगा। फिलहाल दोनों ही कर्मचारी प्राचार्य कार्यालय में अटैच की गईं हैं। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि अभी दोनों स्थायी महिला कर्मचारियों के निलंबन के आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। वहां से संस्तुति होने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

बिलिंग घोटाले में कोतवाली में दर्ज हुआ मुकदमा

हल्द्वानी। एसटीएच में बिलिंग घोटाले के मामले में प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्राचार्य के अनुसार पुलिस को बताया गया है कि मामले में उपनल की एक महिला कर्मचारी का निलंबन करवा दिया गया है। बताया कि अब पुलिस मामले की जांच करेगी।

मुख्यमंत्री आज हल्द्वानी आएंगे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज एक दिवसीय दौरे पर हल्द्वानी आ रहे हैं। उनके दौरे के मद्देनजर प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री धामी शुक्रवार को सुबह 11 बजे हल्द्वानी पहुंचेंगे। वह काठगोदाम डिपो में 104 करोड़ से अधिक लागत से हिल डिपो, आरटीओ कार्यालय, मोटर ड्राइविंग स्कूल, ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक और पेयजल निगम की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसी क्रम में गुरुवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा, आरटीओ संदीप सैनी ने काठगोदाम डिपो में प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सीएम धामी के कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर एलईडी, प्रवेश व निकास को लेकर रूट वगैरह देखा। इसके अलावा मुख्यमंत्री का हेली पैड नगर निगम इंटर कॉलेज काठगोदाम में बना दिया गया है। यहां से कार्यक्रम स्थल तक के रूट का भी निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाएं देखीं।

कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी व एसडीएम परितोष वर्मा।

ठंड से पाम सिवेट की मौत

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: नैनीताल में किलबरी क्षेत्र में एक पाम सिवेट मृत अवस्था में मिला। विभाग अधिकारियों ने बताया कि ठंड के चलते पाम सिवेट की मौत हुई है।

पाम सिवेट दक्षिण पूर्व एशिया का मूल निवासी है। पाम सिवेट छोटे बिल्ली के आकार के स्तनधारी होते हैं। उनका लंबा, गठीला शरीर मोटे, झबरे बालों से ढका होता है जो आमतौर पर भूरे रंग के होते हैं। ये जानवर आमतौर पर प्राथमिक और माध्यमिक जंगलों, मौसमी बाढ़ वाले दलदली जंगलों, मैंग्रोव, तेल ताड़ के पेड़ों और सागौन के बागानों में निवास करते हैं। यह नैनीताल में भी पाए जाते हैं।

मृत मिला पाम सिवेट। ● अमृत विचार

गुरुवार को दोपहर के समय एक पाम सिवेट मूर्छित अवस्था में सड़क किनारे देखा गया। इसकी सूचना राहगीरों की ओर से वन विभाग को दी गई। सूचना के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पाम सिवेट को देखा तो वह मृत अवस्था में पड़ा था। इसके बाद विभाग की टीम शव अपने साथ ले गई।

होली पर रोडवेज ने की तैयारी लगाई जाएंगी अतिरिक्त बसें

संवाददाता, हल्द्वानी

योजना

- दिल्ली व देहरादून की रूटों पर बसों की संख्या की जाएगी दोगुनी

अमृत विचार: होली पर्व को लेकर यात्रियों को अपने घर पहुंचने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े इसके लिए रोडवेज अभी से तैयारियों में जुट गया है। परिवहन निगम पर्वतीय और मैदानी इलाकों समेत 18 क्षेत्रों में करीब 390 बसों का संचालन कर रहा है। इसमें सबसे अधिक दिल्ली और देहरादून के यात्रियों के लिए सेवाएं दी जा रही है।

रोडवेज फिलहाल अभी दिल्ली रूट पर 15 से 20 बसों का संचालन कर रहा जिसे होली से पहले बढ़ाकर 30 बसों तक किया जाएगा वहीं देहरादून के लिए 7 से 8 बसों का संचालन किया जा रहा है जिसे बढ़ाकर 13 तक किया जाएगा।

इधर मैदानी इलाकों की बात करें तो बरेली और टनकपुर के लिए भी बसों की संख्या में इजाफा किया जाना है। होली के पूर्व यात्रियों की संख्या घर जाने के लिए काफी अधिक होती है। जिसके चलते बसों में काफी अफरा-तफरी का माहौल बना रहता है। होली पर यात्रियों को समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिए रोडवेज बसों का बेड़ा बढ़ाने में लगा हुआ है। एआरम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि होली के लिए परिवहन विभाग को अतरिक्त बसों के लिए अवगत कराया जा चुका है, बसों की संख्या बढ़ने से होली पर जाने वाले यात्रियों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेंगा।

कार्यकर्ताओं को तिगुनी ताकत से जुटना होगा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भाजपा ने कार्यकर्ता सम्मेलन में विभिन्न मंडलों के अधिकारियों से आगामी आम चुनाव में फिर से कमल का फूल खिलाने का आह्वान किया।

गुरुवार को कमलुवागांजा रोड स्थित निजी बैंक्वेट हाल में हुए कालाढूंगी विस सीट का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। इसका शुभारंभ विधायक बंशीधर भगत, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, लोकसभा प्रभारी बलवंत भौर्याल ने किया।

कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारंभ करते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

लोस प्रभारी भौर्याल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने के लिए कार्यकर्ताओं को तीन गुनी शक्ति से चुनावी मैदान में उतरना होगा। जिलाध्यक्ष बिष्ट ने कहा कि कार्यकर्ताओ को हिंदुस्तान के स्वर्णिम युग की शुरुआत में भूमिका निर्वहन करनी होगी। विधायक भगत ने कालाढूंगी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं के दम पर नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट पर कालाढूंगी विस में सर्वाधिक मतों के अंतर से जीतने का संकल्प लिया। इस दौरान राकेश नैनवाल, देवेंद्र ढैला, नवीन भट्ट, विकास भगत, गजराज बिष्ट, दिनेश आर्या, प्रताप बोरा, महेश खुल्वे, हरिमोहन अरोरा, कमल नयन जोशी, धीरज पांडे, सुरेश गौड़, राजेन्द्र नेगी, विक्रम जंतवाल मौजूद रहे।

लोकपाल नियुक्त होने पर होगा समाधान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की 40वीं कार्य परिषद की बैठक में विश्वविद्यालय में शीघ्र लोकपाल नियुक्त करने, विश्वविद्यालय के मृताश्रितों को आउटसोर्स की नौकरी में वरीयता देने व उच्च न्यायालय के आदेशानुसार 2018 में दस साल की सेवा पूरी कर चुके तीन कर्मियों को नियमित किये जाने सहित अनेक प्रस्ताव स्वीकृत किये गये। यूओयू में गुरुवार को हुई बैठक में तय किया गया कि यूजीसी व कुलाधिपति के निर्देशानुसार जल्द ही लोकपाल की नियुक्ति करने के लिए शासन को पत्र भेजा जाएगा जिससे कि विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान हो सके। बैठक में 2018 में दस साल की सेवा पूरी कर चुके कार्मिकों को नियमित किये जाने के मामले पर विवि ने इस परिधि में आ रहे तीन कार्मिकों को नियमित किये जाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया। साथ ही विश्वविद्यालय के तीन मृताश्रितों को आउटसोर्स की नौकरी में वरीयता देने का भी निर्णय लिया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय में कार्यरत तकनीकी परामर्शदाताओं का मानदेय बढ़ाए जाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में पिछली बैठकों की कार्यवाही के अनुमोदन के साथ परीक्षा समिति, वित्तीय समिति, भवन निर्माण समिति और विद्या परिषद के विभिन्न प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. पीडी पंत, कार्यपरिषद के सदस्य प्रो. श्रीकांत मोहापात्रा, प्रो. डीपी त्रिपाठी, प्रो. मनस्वरूप मीणा, उच्चशिक्षा निदेशक प्रो. सीडी सूंठा, विवि के प्रोफेसर गिरिजा पांडे, प्रो. रेनू प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

आयुक्त के साथ बैठक न होने पर कर्मचारी संघ ने किया विरोध

हल्द्वानी : उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ हल्द्वानी ने शाखा अध्यक्ष अमन कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक की, जिसमें नगर निगम के बार-बार वार्ता के लिए बुलाए जाने के बाद भी बैठक न करने पर विरोध व्यक्त किया गया। इस संबंध में संघ ने निगम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा व शीघ्र वार्ता न होने पार उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रामावतार रोजर, सुरेश लाल, विनय पाल, सुनील चौधरी, अमन कुमार, सुभाष, अशोक राज, जगदीश, राजेंद्र, जगपाल, सचिन कुमार, चमन कुमार, मनजीत गोल्डन आदि मौजूद रहे।

पंत की 63वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन किए अर्पित

नैनीताल/कालाढूंगी : भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत की 63वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। नैनीताल में भी मल्लीताल स्थित पंत पार्क में गोविंद बल्लभ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको याद किया गया। इस दौरान राज्य आंदोलनकारी पूरन मेहरा, निवर्तमान सभासद प्रेमा अधिकारी, ललित, अरमान, प्रदीप, दीपक परिहार आदि मौजूद रहे।

कालाढूंगी में भारत रत्न गोविन्द बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर कोटाबाग भाजपा मंडल ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मंडल अध्यक्ष जोगा सिंह मेहरा व मंडल महामंत्री विनोद बधानी ने कहा कि वे देश के ऐसे क्रांतिकारी नेता थे जिन्होंने राजनीति के साथ-साथ साहित्य व शिक्षा के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान नानू मेहरा, जगदीश गोस्वामी, चंदन कपकोटी, घनानंद उपस्थित रहे।

गिरीश का अखिल भारतीय टेबल टेनिस में चयन

हल्द्वानी : जिले के राजकीय माध्यमिक शिक्षक व राजकीय शिक्षक संघ के संगठन मंत्री गिरीश कांडपाल का अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए उत्तराखंड की टीम में चयन हुआ है। प्रतियोगिता 10-14 मार्च तक गुजरात के गांधीनगर में आयोजित होगी। गिरीश कांडपाल राजकीय इंटर कॉलेज वारीकटना ओखलकांडा में अंग्रेजी के शिक्षक हैं। गिरीश के चयन पर खेल प्रेमियों व शिक्षा विभाग में खुशी का माहौल है।

जंगली जानवरों से खेती बचाने की उठाई मांग

गरमपानी : समीपवर्ती चापड़ गांव में लगे बहुउद्देशीय शिविर में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। जंगली जानवरों के आतंक से चौपट हो रही खेती का मुद्दा जोर जोर से उठा। गांव के समीप गौसदन निर्माण की मांग उठाई गई। संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। चापड़ गांव में लगे शिविर का शुभारंभ संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने किया। क्षेत्र पंचायत सदस्य विजय नेगी व ग्रामीणों ने तमाम समस्याएं उठाई। क्षेत्र पंचायत सदस्य विजय नेगी ने खेती बाड़ी बचाने को तारबाड़ के साथ ही आवारा गोवंशीय पशुओं के लिए गौ सदन बनाए जाने का मुद्दा उठाया। इस दौरान सरपंच पूरन सिंह राणा, देवी दत्त, मदन सिंह, नमिता देवी, कविता, नीमा, भगवती, लक्ष्मी, सीता, विपिन सिंह, दीपक जोशी, गोधन सिंह, राजेंद्र सिंह,हरीश चंद्र आदि मौजूद रहे।

विज्ञान लेखन विषय पर कार्यशाला का आयोजन

नैनीताल : उत्तराखंड भाषा संस्थान देहरादून तथा हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के तत्वावधान में हिन्दी में विज्ञान लेखन तथा लोक विज्ञान विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति दीवान सिंह रौतेला ने किया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. मोहित जोशी, प्रसिद्ध विज्ञान कथाकार देवेंद्र मेवाड़ी, मुख्य अतिथि जसविंदर कौर ने उत्तराखंड भाषा संस्थान की ओर से लोक बोलियों की वैज्ञानिक शब्दावली पर बल दिया। डीएस पोखरिया, दिवा भट्ट, डॉ. बिहारी लाल जालंधरी, चन्द्रकला रावत, शिरीष कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे।

छोटा कैलाश में गूंजा हर-हर महादेव, बम-बम भोले का उद्घोष

तीन दिवसीय शिवरात्रि मेले का विधायक कैड़ा ने फीता काटकर किया शुभारंभ, पांच लाख रुपए देने की घोषणा

छोटा कैलाश में मेले का शुभारंभ करते विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

शिव-पार्वती कुंड के पास से कलश यात्रा शुरू करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : विकासखंड भीमताल के अंतर्गत ग्राम सभा पिनरौ में गुरुवार को तीन दिवसीय शिवरात्रि मेले का शुभारंभ विधायक राम सिंह कैड़ा ने किया। इस मौके पर विधायक ने बताया कि कुमाऊं के प्रसिद्ध मेलों में शुमार छोटा कैलाश शिवरात्रि मेले ने धार्मिक नक्शे में अपनी पहचान बना ली है। इसके तहत अब यहां देश-विदेश से भी श्रद्धालु पहुंचने लगे हैं। उनका प्रयास इस मंदिर को मानसखंड मंदिर माला में सम्मिलित करवाना है। उन्होंने इस मौके पर पांच लाख रुपये देने की घोषणा की।

जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया ने बताया कि शिवरात्रि मेले में हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। यहां मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराए जाने का प्रयास जारी है। आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष उमेश पलडिया ने बताया कि शासन द्वारा मार्ग के डामरीकरण और सुधारीकरण का जो धन स्वीकृत हुआ है, उससे आने वाले समय में श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। इस दौरान महिलाओं ने जटामंदिर भटेलिया और मंदिर तक आठ किमी लंबी कलश यात्रा निकाली गई। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद दरम्वाल, सदस्य प्रेम बल्लभ बृजवासी, मनोहर पलडिया, लीला मेहरा, सतीश शर्मा आदि मौजूद रहे। मेले के लिए दूरदराज से बड़ी संख्या में शिव भक्त मंदिर पहुंचने लगे हैं।

पूजा करने का शुभ मुहूर्त

हल्द्वानी। चतुर्दशी तिथि(शिवरात्रि) 8 मार्च को रात्रि 10 से 9 मार्च 2024 सांयकाल 6 :19 तक रहेगी। चूंकि शिवरात्रि में रात्रि की पूजा का विधान है इस कारण शिवरात्रि पर्व 8 मार्च को ही मनाया जाएगा। प्रथम प्रहर की पूजा का समय सायंकाल 6 :14 मिनट से 9 :17 मिनट तक रहेगा। दूसरे प्रहर की पूजा का समय रहेगा रात्रि 9 :17 से 12 :20 तक रहेगा। तीसरे पहर की पूजा का समय रहेगा रात्रि 12 :20 से प्रात: 3 :24 मिनट तक रहेगा। चौथे चरण की पूजा का समय रहेगा प्रात: काल 3 :24 से 6 :32 मिनट तक रहेगा।

कई योगों के साथ मनाया जाएगा महाशिवरात्रि पर्व

▸▸ **धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण है पर्व, गृह योगों के लिए रहेगा अच्छा**

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : आज शिवरात्रि पर्व पर कई प्रकार के योग बन रहे हैं। शिवरात्रि पर्व धार्मिक रूप से बहुत महत्तवपूर्ण है।

इस बार महाशिवरात्रि प्रतिवर्ष फाल्गुन माह कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाएगी। शिवपुराण में वर्णित है भगवान भोलेनाथ के निष्कल यानि निराकार स्वरूप का प्रतीक लिंग इसी पावन तिथि की महारात्रि में प्रकट हुआ था। सर्वप्रथम ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग की पूजा की थी।

इस कारण यह तिथि शिवरात्रि के नाम से विख्यात हो गई। महाशिवरात्रि पर्व देवी पार्वती एवं शिव के विवाह की तिथि के रूप में मनाई जाती है। साथ ही शिवरात्रि प्रतिमाह भी मनाई जाती है।

इस शिवरात्रि पर्व पर कुछ खास संयोग बनने जा रहे हैं जैसे सिद्धि योग, शिव योग के अलावा देव गुरु बृहस्पति मेष राशि में विराजमान होंगे। सूर्य देव, शुक्र, शनि महाराज कुंभ राशि में विराजमान होकर सभी को आय में वृद्धि प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त मकर राशि में चंद्रमा और मंगल की युति महालक्ष्मी योग का निर्माण कर रही है।

> ब्रह्म मुहूर्त में उठकर नित्य कर्म से निवृत्त हो संपूर्ण घर में मंदिर को स्वच्छ कर स्नानादि करने के उपरांत शिवालय जाकर शिवलिंग पर 108 या 11 लोटा जल अर्पित करें। घर के मंदिर में तिल के तेल से अखंड ज्योत प्रज्वलित करें। **-ज्योतिषाचार्य डॉ. मंजू जोशी**

मेले में छोलिया नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार

कहारा महादेव मंदिर में होगा जलाभिषेक, विशेष पूजन

हल्दूचौड़। तराई केंद्रीय वन प्रभाग के वियावन जंगल में स्थित भगवान शिव के पावन स्थल कहारा महादेव में इस महाशिवरात्रि पर विशेष शिव पूजन होगा। साथ ही रात्रि कालीन चार पहर की पूजा-अर्चना भी होगी। कहारा महादेव के भक्त पूरन तिवारी ने बताया जलाभिषेक के लिए भक्त हरिद्वार से पावन कावड़ लेकर महादेव का जलाभिषेक करेंगे। दिन में पूजा अर्चना के उपरांत फलाहार के उपरांत रात्रिकालीन चार पहर की पूजा के साथ ही तमाम भक्त रात्रि जागरण कर महादेव की अराधना करेंगे। वियावान जंगल में स्थित इस स्थान पर भगवान शिव की आराधना का क्रम लंबे समय से चला आ रहा है।

आज भीमताल आ रहे हैं तो पहले देख लें रूट प्लान

भीमताल : यदि आज शिवरात्रि के दिन भीमताल मार्ग पर आ रहे हैं तो ध्यान रखें। पुलिस प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए बड़े वाहन/ व्यवसायिक वाहन के लिए रूट प्लान तैयार किया हुआ है। शिवरात्रि पर्व के चलते थाना भीमताल क्षेत्रान्तर्गत छोटा कैलाश मंदिर में प्रसिद्ध मेला लगता है। जहां अत्यधिक संख्या में लोग दर्शन करने आते हैं। इसके चलते आज आठ मार्च को सवेरे आठ बजे से भीमताल की ओर से अल्मोड़ा-मुक्तेश्वर -पिथौरागढ़ की ओर जाने वाले वाहन वाया भीमताल न होकर काठगोदाम-गेठिया-भवाली मार्ग से जाएंगे। इसी प्रकार मुक्तेश्वर-अल्मोड़ा की ओर से आने वाले वाहन धानाचूली-रामगढ़-भवाली- गेठिया-काठगोदाम होते हुए गंतव्य को जाएंगे।

मतदाताओं को प्रलोभनों से बचाना होगा

हल्द्वानी : जिलाधिकारी वंदना ने नगर निगम सभागार में एफएसटी, एसएसटी और एमसीसी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से कहा जिसको अपने कार्यक्षेत्र की जानकारी नहीं है, वह प्रशिक्षण ले लें। आचार संहिता लागू होने के बाद समय नहीं मिलेगा। बैठक में चर्चा हुई कि इस बात का ध्यान रखना होगा कि मतदाता बिना किसी प्रलोभन के मतदान करें। आचार संहिता लागू होने के बाद जिले में शराब, रुपये आदि की आवाजाही पर नजर रखी जाएगी। एफएसटी, एसएसटी की टीमें जिले की सीमाओं पर निगरानी करेंगे। राजनैतिक दलों के कार्यक्रमों की निगरानी की जाएगी। साथ ही निर्वाचन के दौरान निभाई अपनी ड्यूटी का वीडियो या फोटो सोशल मीडिया पर न डालें। इस दौरान सहायक नोडल अधिकारी एमसीएमसी विशाल मिश्रा, एडीएम एफआर चौहान, एआरओ नैनीताल प्रमोद कुमार व एआरओ भीमताल तुषार सैनी आदि रहे।

निष्पक्ष मतदान के लिए पुलिस का फ्लैग मार्च

हल्द्वानी : आगामी लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। गुरुवार को काठगोदाम में एसओ विमल मिश्रा व मुखानी में एसओ पंकज जोशी के नेतृत्व में पुलिस व आईटीबीपी जवानों ने अलग-अलग क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान यह संदेश भी दिया गया कि अगर किसी ने कानून व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास किया तो कठोर कार्रवाईकीजाएगी।

इधर, नैनीताल में लोकसभा चुनाव को लेकर कोतवाली व तल्लीताल पुलिस ने पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया। तल्लीताल पुलिस ने डांठ, तल्लीताल बाजार, धर्मशाला होते हुए हल्द्वानी रोड पर, जबकि कोतवाली पुलिस ने मंगोली क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान कोतवाल डीवी सोलंकी, एसओ रमेश सिंह बोहरा आदि मौजूद रहे। वहीं गरमपानी में पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स ने अल्मोड़ा-हल्द्वानी मार्ग में फ्लैग मार्च किया।

सार-संक्षेप

गूल क्षतिग्रस्त होने से खेत में नहीं पहुंच रहा पानी

हल्द्वानी : लालकुआं गांव के पाडलीपुर निवासी भुवन चंद्र दुर्गापाल ने शिकायती पत्र में बताया कि खेती की जमीन के लिए निर्मित की गई गूल को प्रापर्टी डीलरों ने जेसीबी से क्षतिग्रस्त कर दी है। इससे खेत में लगी फसल को नुकसान हो रहा है। संबंधित विभाग को इस पर संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

गांव की महिलाओं ने दिया मतदान करने का संदेश

सरना में जागरूकता अभियान चलाती महिलाएं।

भीमताल : पदमपुरी क्षेत्र के गांव सरना की महिलाओं ने मतदाताओं से आगामी लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की और अपने साथ परिवार के सदस्यों को भी वोट देने का संदेश दिया। मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे ने बताया कि आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान के प्रतिशत को 75 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है। कार्यक्रम के तहत स्वीप नैनीताल के जिला सह समन्वयक गौरीशंकर कांडपाल के माध्यम से धारी विकासखंड के गुनियालेख एवं सरना क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान का संचालन हुआ।

ईओ राहुल आनंद को एसडीएम न्यायिक का अतिरिक्त पदभार

ईओ को पुष्प गुच्छ देकर बधाई देते नगर पालिका कर्मचारी। ● अमृत विचार

नैनीताल। नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी के पद पर तैनात आईएएस राहुल आनंद को नैनीताल एसडीएम न्यायिक का अतिरिक्त पदभार दिया गया है। गुरुवार को नगर पालिका कर्मचारियों ने राहुल आनंद का पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी। पदभार ग्रहण करने के बाद मां नयना देवी व्यापार मंडल अध्यक्ष पुनीत टंडन के नेतृत्व में पदाधिकारियों व देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ ने भी उनका स्वागत किया। इस दौरान ईओ 2 पूजा, मोहन चिलवाल, हिमांशु चंद्रा, सुनील खोलिया, दीपराज, जफर अली, दिनेश, सोनू सहदेव, धर्मेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

धरने पर बैठे ग्रामीणों को मिला किसान नेताओं का समर्थन

धरने पर बैठे ग्रामीणों को संबोधित करते किसान नेता बाजवा।

कालाढूंगी। चकलुवा सुरपुर में एथेनॉल के प्लांट के विरोध में ग्रामीणों का धरना 22 दिनों से गांव बचाओ संघर्ष समिति बैनर के तले दीनदयाल पार्क में जारी है। गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा के नेता जगतार सिंह बाजवा व आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने धरने पर पहुंचकर समर्थन दिया। धरने पर बैठे ग्रामीणों को संबोधित करते हुए किसान नेता बाजवा ने कहा ऐथनॉल फैक्ट्री का मुद्दा राष्ट्रीय संयुक्त किसान मोर्चे की बैठक में रखा जाएगा। इस दौरान सतनाम सिंह रंधावा, पवन कुमार, देवेश प्रताप सिंह, दर्शन सिंह गोयल, राज किशोर सिंह मौजूद रहे।

भवाली में ब्रेक फेल होने से दुकान में घुसा पेट्रोल टैंकर

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : नगर के चौराहे पर हल्द्वानी से अल्मोड़ा की तरफ जा रहे पेट्रोल टैंकर का अचानक ब्रेक फेल हो गया और दुकान में जाकर टकरा गया। इससे चौराहे पर चीख पुकार मच गई। आनन-फानन में लोग इधर से उधर अपनी जान बचाने के लिए भागते रहे।

बुधवार शाम हल्द्वानी से अल्मोड़ा को पेट्रोल टैंकर संख्या up78 एचटी 5304 जा रहा था। भवाली चौराहे के पास अचानक टैंकर के ब्रेक फेल हो गए। लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। इसके बाद टैंकर पास में सब्जी व नमकीन की दुकानों में जा घुसा। चौराहे पर खड़े ट्रैफिक हेड कांस्टेबल चन्दन मेहरा ने बताया कि चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से बच गया। चौराहे पर सुरेश जोशी, प्रकाश आर्या की दुकान में टकराकर टैंकर रुक गया।

हादसे के वक्त दोनों व्यापारी दुकान में बैठे थे। दुकानदारों को नुकसान हुआ है जिसका हर्जाना दिलाया जाएगा। चालक अनिल कुमार ने पुलिस को बताया कि वह हल्द्वानी से अल्मोड़ा तेल लेकर जा रहा था, सेनिटोरियम के पास चढ़ाई तक गाड़ी ठीक आई उसके बाद नीचे उतरते हुए प्रेशर नहीं बना। इससे ब्रेक ने काम करना बंद कर दिया।

दुकान में घुसा पेट्रोल टैंकर। ● अमृत विचार

सम्मान निधि नहीं आने से काश्तकारों में असमंजस

भीमताल : नैनीताल जनपद में 1500 काश्तकारों की सम्मान निधि के पैसे खातों में नहीं आने से वे असमंजस में हैं। नौकुचियाताल निवासी रविन्द्र कर्नाटक ने बताया कि क्षेत्र के कई काश्तकारों को सम्मान निधि के छह हजार रुपये वार्षिक प्राप्त होते हैं। पर वर्तमान में जहां कई काश्तकारों को सम्मान निधि मिल गई है तो कई काश्तकार वंचित हो गए हैं। अवगत कराया कि जो काश्तकार वंचित हैं, उनके द्वारा पूरे कागजात विभाग में जमा किए गए हैं। विभागीय अधिकारी बताते हैं कि काश्तकारों को राजस्व सत्यापन कराना था। पर कई लोगों ने तय समयावधि के कुछ माह बाद सत्यापन कराकर अपने दस्तावेज जमा कराए थे। उनको विभाग द्वारा देहरादून में रेवन्यू बोर्ड में भेज दिया गया है। विभागीय साफ्टवेयर में वह उसको दिखा भी रहा है।

प्रवीण और सुरेंद्र को मिली जिम्मेदारी हल्द्वानी : प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया। प्रवीण पटवाल को जिला उपाध्यक्ष और हल्द्वानी से सुरेंद्र सिंह बिस्ट (संजू पाना) को जिला सचिव मनोनित किया।



तराई पश्चिमी का हाथी डंगर पर्यटकों के लिए खुला

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क से सटे रामनगर तराई पश्चिम के फ़ाटो पर्यटन जोन की सफलता के बाद तराई पश्चिमी ने अपना दूसरा पर्यटन जोन हाथी डंगर का शुभारंभ किया।

क्षेत्रीय विधायक व कुमाऊं चीफ ने हरी झंडी दिखाकर पर्यटकों की जिप्सियों को रवाना किया। कुमाऊं चीफ पीके पात्रो ने बताया कि नए पर्यटन जोन हाथी डंगर गेट से 25 जिप्सियां सुबह और 25 शाम की पाली में पर्यटकों को जंगल के अंदर सफारी पर लेकर जाएंगी। प्रत्येक जिप्सी के पर्यटक 1550 रुपये विभागीय शुल्क लेकर परमिट ले सकेंगे। उन्हें जिप्सी का किराया अलग से देना पड़ेगा। गुरुवार को मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं पीके पात्रो व क्षेत्रीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने इसका शुभारंभ किया।

पर्यटन जोन का शुभारंभ करते कुमाऊं चीफ पीके पात्रो व विधायक। ● अमृत विचार

नगर वन में हुआ एडवेंचर गतिविधियों का शुभारंभ

रामनगर। रामनगर वन प्रभाग के सिटी फॉरेस्ट में गुरुवार को एडवेंचर्स गतिविधियों का विधायक दीवान बिष्ट ने शुभारंभ किया। कॉर्बेट पार्क आने वाले पर्यटक अब बाइक एक्टिविटीज़, जिप लाइन, स्काई वाक, बर्मा ब्रिज, कमांडो नेट आदि का भी आनंद ले सकेंगे। वन प्रभाग के डीएफओ दिगंथ नायक ने बताया कि सभी गतिविधियों का चार्ज 100 से 200 रुपये रखा गया है। कॉम्बो पैक लेने पर पर्यटक मात्र 500 से 550 में सभी एक्टिविटीज का लुत्फ उठा पाएंगे। 4 एडवेंचर बाइकों को लाया गया है, जिनका शुल्क 200 रुपये रखा गया है।

हाईकोर्ट रामनगर में स्थापित करने के लिए जनमंच का गठन

रामनगर : हाईकोर्ट को नैनीताल से अन्यत्र स्थापित करने के लिए हल्द्वानी में चयनित वनभूमि के चयन को वन व पर्यावरण मंत्रालय द्वारा निरस्त करने के बाद रामनगर में हाईकोर्ट स्थापना की पैरवी के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा जनमंच नाम के संगठन का गठन किया गया है। संयोजक आनन्द सिंह नेगी, अतुल अग्रवाल, मो. नसीम आदि ने बताया कि नैनीताल जिले में हाईकोर्ट को अन्यत्र स्थापित किए जाने के लिए राजस्व भूमि का उपयोग किया जाना है। पूरे जनपद में आवश्यक भूमि रामनगर क्षेत्र के आमपोखरा क्षेत्र में उपलब्ध है।

रुद्रपुर में हाईवे से गुजरता कावड़ियों का दल। ● अमृत विचार

बाजपुर में हरिद्वार से 180 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करके गंगाजल लेकर पहुंचे शिवभक्त। ● अमृत विचार

महाशिवरात्रि पर आज होगा भगवान शंकर का जलाभिषेक

हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटे बाबा के भक्त, दिन भर जारी रहा कांवड़ियों के आने का सिलसिला, बम भोले के उद्घोष से गूंज उठा हाईवे

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर शहर के नेशनल हाईवे के मार्ग बम-बम भोले के उद्घोष से गूंज उठे। देखते ही देखते मुख्य मार्ग कांवड़ियों के सैलाब से उमड़ने लगा। विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में शुक्रवार को शिव भक्त भगवान शंकर का जलाभिषेक करेंगे। यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस ने हाईवे के एकतरफा मार्ग कांवड़ियों की आवाजाही के लिए खोल रखा था।

गुरुवार की सुबह होते ही काशीपुर हाईवे, नैनीताल हाईवे और रामपुर हाईवे सहित शहर के मुख्य मार्ग पर बाबा भक्तों की आवाजाही शुरू होने लगी। बाबा भक्तों ने जब बम बम भोले के उद्घोष लगाने शुरू किए तो माहौल शिवमय हो गया। सुबह से कांवड़िए हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने अपने गंतव्य तक जाते हुए दिखाई दे रहे थे। हर बाबा भक्त अपने अपने तरीके से कांवड़ लाता हुआ दिखाई दिया।

कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, सीओ सदर निहारिका तोमर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार सहित पुलिस के अधिकारी अपनी-अपनी टीमें बनाकर अलग अलग मार्ग पर यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित कर रहे थे और पुलिस ने हाईवे के एकतरफा सिर्फ कांवड़ियों की आवाजाही के लिए खोल रखा था। इसके अलावा कांवड़ यात्रा मार्ग पर भी भारी पुलिस बल तैनात था जो शरारती तत्वों पर नकेल कसने के लिए तैयार दी थी। अनुमान है कि देर शाम तक बाबा भक्त अपने अपने गंतव्य तक पहुंच जाएंगे। इसके अलावा जगह-जगह धार्मिक संगठनों के लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और बाबा भक्तों को लंगर का प्रसाद वितरण किया।

रुद्रपुर में हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले शिवभक्तों का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

हरिद्वार से कांवड़ लेकर काशीपुर पहुंचीं महिलाएं। ● अमृत विचार

दानपुर में बाबा भक्तों का जोरदार स्वागत

रुद्रपुर। हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर लौट रहे शिव भक्त कांवड़ियों का दानपुर में भाजपा नेता और समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने स्वागत किया। गुरुवार को स्वागत कार्यक्रम के दौरान चुघ ने कहा कि शुक्रवार को महाशिवरात्रि का पर्व है। ऐसे में क्षेत्र के हजारों शिव भक्त कांवड़िए हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर आ रहे हैं। इस दौरान एक कांवरिया भक्त 80 लीटर गंगाजल लेकर रुद्रपुर पहुंचा। इसी तरह कई भोले भक्त कांवर लेकर रुद्रपुर पहुंच रहे हैं और विभिन्न शिवालयों पर जलाभिषेक करेंगे। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पूरा वातावरण शिव मय हो चुका है। यह पावन पर्व हर्ष और उल्लास का प्रतीक है। इस अवसर पर गोलक धाम सेवा समिति के कार्यकर्ता रविंद्र कुमार, हार्दिक बटला, सुमन बटला, नेहा मिगलानी, रविकांत मनचंदा, राजकोली, शिवकुमार शिबू, अभिषेक, आशीष श्रीवास्तव, दर्शन कोली समेत कई लोग मौजूद रहे।

देर रात तक हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटते रहे कांवड़िये

बाजपुर। महाशिवरात्रि पर्व के चलते हरिद्वार से करीब 180 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर गंगाजल लेकर कांवड़ियों के जत्थों के लौटने का क्रम गुरुवार को भी देर रात तक जारी रहा। इस दौरान अनेक स्थानों पर कांवड़ियों को स्वागत किया गया। क्षेत्र से पांच दिवसीय कांवड़ यात्रा पर गए शिवभक्त गंगाजल लेकर लौट आए हैं। इसके अलावा पर्वतीय क्षेत्र के कांवड़ियों के जत्थे भी नगर से होकर गुजरे। नगर में दिनभर हर-हर बम-बम, ओम नम:शिवाय, जयकारा वीर बजरंगी हर-हर महादेव के नारे गूंजते रहे जिससे वातावरण शिवमय हो गया। वहीं कंधे पर कांवड़ साधे शिवभक्त अपनी मंजिल की ओर दौड़े चले जा रहे थे। श्रीरामभवन धर्मशाला, बेरिया रोड, भट्टपुरी तीन मंदिर, नई सड़क बरहैनी, वनखंडी महादेव मंदिर समेत क्षेत्र में अनेक स्थानों पर शिवभक्ताओं के ठहरने व भोजन इत्यादि की व्यवस्था की गई। वहीं भगत सिंह चौक पर कांड़ियों के जत्थों का किसान नेता जगतार सिंह बाजवा, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सत्यवान गर्ग, जसवीर सिंह भुल्लर आदि ने स्वागत किया गया। मुड़िया पिस्तौर में व्यापार मंडल की महिल सचिव नाजमा बेगम व उस्मान अली की अगुवाई में मुस्लिम समाज के लोगों ने कांवड़ियों का स्वागत किया तथा उन्हें फल इत्यादि वितरित किए।

महिला कांवड़ियां भी लेकर पहुंचीं गंगाजल

काशीपुर। हरिद्वार से गंगा जल लेकर कांवड़ियों का अपने-अपने क्षेत्रों में पहुंचना शुरू हो गया है, जहां भोले के जयकारों के साथ कांवड़ियों में उत्साह देखने को मिल रहा है, तो वही इन भोलों के बीच भोली की आवाज भी सुनाई दे रही है। कांवड़ियों की टोली में शामिल महिला कांवड़िये भी कम नहीं है और कांवड़ यात्रा में भोलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं, जिनकी आवाज से शहर गूंज मान है। गुरुवार को हरिद्वार से कांवड़ लेकर आ रहे कांवड़ियों के जत्थों में महिलाओं की संख्या भी पुरुषों के साथ-साथ बराबर देखी जा रही है।

काशीपुर में जगह-जगह हुआ कांवड़ियों का स्वागत

काशीपुर। सर्वधर्म सम्भाव की भावना एवं हिन्दू-मुस्लिम एकता व अखंडता को कायम रखने की मंशा से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ठेला-खोखा फड़ एसोसिएशन की ओर से एमपी चौक के समीप हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे कांवड़ियों का स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें जलपान कराया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन अध्यक्ष इलियास माहीगीर, अर्पित मेहरोत्रा, अनिल शर्मा, सोमनाथ शर्मा, आयुष शर्मा, राजू, रामू व वाजिद आदि उपस्थित थे। उधर जनजीवन उत्थान समिति द्वारा भी कांवड़ियों का स्वागत किया गया तथा फल वितरित किए गए। इस मौके पर शैलेन्द्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, भास्कर त्यागी एडवोकेट, देवांग मिश्रा एडवोकेट, कर्तव्य मिश्रा एडवोकेट, नवजोत सिंह एडवोकेट, राम शर्मा एडवोकेट, विवेक मिश्रा एडवोकेट आदि उपस्थित थे।

हर-हर महादेव

किच्छा से गुजरता शिव भक्तों का दल। ● अमृत विचार

किच्छा भी डूबा भगवान भोलेनाथ की भक्ति में

किच्छा। महाशिवरात्रि पर्व के चलते हरिद्वार से पैदल यात्रा कर गंगाजल लाने वाले शिव भक्तों का किच्छा पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। नगर के तमाम स्थानों पर समाजसेवियों द्वारा पंडाल लगाकर शिव भक्तों का स्वागत करते हुए प्रसाद वितरण किया गया। महाशिवरात्रि पर्व के चलते पूरा वातावरण भगवान भोलेनाथ की भक्ति में डूबा हुआ नजर आ रहा है। रुद्रपुर से किच्छा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांवड़ियों की लंबी कतार देखने को मिल रही है। हरिद्वार से पैदल यात्रा कर लौट रहे शिव भक्तों का आदित्य चौक, रुद्रपुर मार्ग, किच्छा बाईपास, पुलभट्टा सहित तमाम स्थानों पर पंडाल लगाकर जोरदार स्वागत किया जा रहा है। नगर के तमाम स्थानों पर राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों द्वारा बड़े-बड़े होर्डिंग बैनर लगाकर शिव भक्तों तथा आम जनता को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी गई है। हरिद्वार से गंगा जल लेकर अलग-अलग जत्थों में सितारगंज, खटीमा, नानकमत्ता, शक्ति फार्म, बहेड़ी सहित आसपास के क्षेत्र में शिव भक्तों की वापसी का दौर शुरू हो गया है। कांवड़ियों के लौटने वाले मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती की गई है।

शांतिपुरी में कांवड़ियों का स्वागत करते व्यापार मंडल के अध्यक्ष हयात सिंह कोरंगा व अन्य।

शिव भक्तों से मांगा सुख शांति व खुशहाली का आशीर्वाद

शांतिपुरी। शांतिपुरी नंबर दो में व्यापार मण्डल ने कांवड़ियों के स्वागत में गुरुवार को भण्डारा आयोजित कर उन्हें प्रसाद बांटा। इस दौरान सेवादारों ने बड़ी संख्या में हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे शिव भक्तों से सुख शांति एवं खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। पंचायत भवन परिसर में आयोजित भण्डारे में सभी कांवड़ियों को आदर पूर्वक बैठा कर उन्हें फल, पंच भोग, जल एवं चाय आदि देकर सेवा की। जिसमें दिनभर में करीब चार सौ से अधिक कांवड़ियों ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारा आयोजन में व्यापार मण्डल अध्यक्ष हयात सिंह कोरंगा, दुग्धसंघ निदेशक इन्दर मेहता, मनोज सिंह कोरंगा, ललित कोरंगा, जगदीश तिवारी, विपिन मिश्रा, पान सिंह कोरंगा, चंदन बिष्ट, हरीश कोरंगा, जीवन राणा, तारासिंह, गणेश बिष्ट, मदन, आन सिंह बिष्ट आदि ने सहयोग किया।

उत्तराखंड की सबसे बड़ी कांवड़ पहुंची काशीपुर

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: उत्तराखंड की सबसे बड़ी शिव कांवड़ लेकर शिवभक्त काशीपुर लौट आये है। उनकी कांवड़ का जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। शुक्रवार को मोटेश्वर महादेव मंदिर में इस कांवड़ का जलाभिषेक होगा।

बता दें कि पिछले कई वर्षों से नगर के मोहल्ला कटरा मालियान से उत्तराखंड की सबसे बड़ी कांवड़ लेकर काशीपुर के शिवभक्त शिवरात्रि के अवसर पर हरिद्वार गंगा जल लेने जाते हैं। इस बार भी यह कांवड़ करीब ढाई क्विंटल की है जिसे एक साथ 12 शिव भक्तों ने उठाया। शिव भक्तों के महंत भानु कश्यप, सनी कश्यप, सागर कश्यप, शिवम कश्यप, उदित कश्यप, अजय तोमर, जोनी तोमर ने बताया कि इस कांवड़ को लाने वाले शिव भक्तों के जत्थे में 40 शिव भक्त शामिल हैं जो बारी-बारी से कांवड़ को लेकर आये है। गुरुवार दोपहर को यह कांवड़ वापस काशीपुर पहुंची। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। शुक्रवार को कांवड़ के माध्यम से हरिद्वार से लाया गंगाजल मोटेश्वर महादेव मंदिर में चढ़ाया जाएगा।

उत्तराखंड की सबसे बड़ी शिव कांवड़ लेकर काशीपुर पहुंचे शिवभक्त। ● अमृत विचार

काशीपुर पुलिस ने भक्तों के लिए लगाया भंडारा

काशीपुर। हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य पहुंच रहे कांवड़ियों का जगह-जगह स्वागत किया जा रहा है, तो वही भंडारों को भी आयोजन किया गया है। गुरुवार को एसएसपी के नेतृत्व में काशीपुर पुलिस ने रामलीला ग्राउंड में कांवड़ियों के भंडारे का आयोजन किया। जिसमें स्वयं जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी ने भंडारे की कमान को संभाला और भंडारे में हरिद्वार से गंगा जल लेकर आए भोलो को खुद भोजन परोसा। उनके साथ एसपी सिटी अभय सिंह, एसडीएम अभय प्रताप सिंह, सीओ अनुष्का बडोला, कोतवाल मनोज रतूड़ी, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, भाजपा नेता दीपक बाली समेत काशीपुर क्षेत्र के सभी चौकी प्रभारी और भारी पुलिस बल भंडारे में भोलों की सेवा करता दिखा।

कांवड़ लेकर अपनी टोली के साथ काशीपुर पहुंचा एक दिव्यांग कांवड़िया।

दिव्यांग कांवड़िए भी उत्साह से लवरेज

काशीपुर। महाशिवरात्रि के लिए मोटेश्वर महादेव मंदिर के अतिरिक्त शहरभर में श्मशान घाट, गंगे बाबा मंदिर, श्मशान घाट रोड, मिस्सर वाला तिराहा, शिव डेयरी, समेत विभिन्न स्थानों पर कांवड़ियों के लिए भंडारों का आयोजन किया गया। सभी मंदिरों में जलाभिषेक की तैयारियां पूरी हो गई हैं। शुक्रवार को मोटेश्वर महादेव मंदिर में अधिकतर कांवड़िये जलाभिषेक करेंगे। इस मौके पर दिव्यांग कांवड़ियों का भी उत्साह अपने चरम पर दिखाई दिया। व्हीलचेयर पर हरिद्वार से जल लेकर आए कांवड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। शुक्रवार को हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटे कांवड़िये चैती मंदिर परिसर स्थित मोटेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर अपनी तपस्या को पूर्ण करेंगे।

झारखंडी के प्राचीन शिव मंदिर में लगेगा मेला

बाजपुर। शिव अराधना व आस्था के पर्व महाशिवरात्रि पर ग्राम झारखंडी स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में दशकों से विशाल मेले का आयोजन होता आ रहा है। गुरुवार को मंदिर में शिवरात्रि मेले की तैयारियां जोरों पर रहीं। प्रगतिशील विद्यालय के बच्चों द्वारा बैरिकेडिंग की जा रही है जिससे एक लाइन कांवड़ियों की और दूसरी लाइन जल चढ़ाने वाले अन्य श्रद्धालुओं की लगेगी। साथ ही मेले में लगने वाली दुकानों के लिए जगह चिह्नित करके दी जा रही है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810464
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा

पत्रांक : 6170/8-2(2023-2024) **संशोधित सूचना** दिनांक : 06 मार्च, 2024

नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय पत्रांक 6051/8-2(2023-2024) दिनांक 24 फरवरी, 2024 के द्वारा अल्मोड़ा नगर के क्षेत्रान्तर्गत सुमित्रानन्दन पंत पार्क का सौन्दर्यीकरण व ओपन जिम स्थापित करने के कार्य हेतु दिनाँक 11-03-2024 को पूर्वान्ह 12:00 बजे तक लिफाफा बन्द निविदाएं आमंत्रित की गई हैं, जिसमें आंगणन धनराशि मय जी०एस०टी० सहित 18.70 लाख प्रस्तावित की गई थी। अपरिहार्य कारणों से आगणन धनराशि को संशोधित करते हुए अल्मोड़ा नगर के क्षेत्रान्तर्गत सुमित्रानन्दन पंत पार्क का सौन्दर्यीकरण व ओपन जिम स्थापित करने के कार्य हेतु आंगणन धनराशि मय जी०एस०टी० सहित 17.69 लाख की जाती है। संसोधित निविदा का विवरण निम्नानुसार है। विस्तृत जानकारी / शर्तें कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है-

क्र. सं.	कार्य का नाम	आंगणन धनराशि मय जी०एस०टी० सहित (लाखों में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	अल्मोड़ा नगर के क्षेत्रान्तर्गत सुमित्रानन्दन पंत पार्क का सौन्दर्यीकरण व ओपन जिम स्थापित करने का कार्य।	17.69	3%	1500+ GST	6 माह

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा

प्रशासक
नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा

रामबाग मेला | विधायक पांडेय ने किया प्राचीन शिव मंदिर में छह दिवसीय मेले का शुभारंभ

सीसीटीवी से होगी मेले की निगरानी

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में छह दिवसीय मेले का मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडेय ने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने प्रबंधकों से मेले की व्यवस्था दूरस्त रखने एवं जलाभिषेक के लिए आने वाले कावड़ियों व शिवभक्तों की ठहरने की व्यवस्था का जायजा लिया।

मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए 20 सीसीटीवी कैमरे, मेला चौकी प्रभारी एसआई संतोष उप्रेती के नेतृत्व में एक प्लाटून पीएसी, होमगार्ड व पीआरडी के जवान तैनात किए गए हैं। कार्यक्रम का संचालन संचालन धर्म सिंह व किशोर मलिक ने किया। इस मौके पर मेला कमेटी के संरक्षक बाबू सिंह तोमर व पूर्व अध्यक्ष रामचंदर सिंह, व्यवस्थापक नित्यानंद मंडल व राकेश सिंह, मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया व पुजारन मंतो देवी, जिपंस मोहन सिंह पानू, सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर, सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू, योगेश पानू, कूल्हा प्रधान सुंदरगिरी गोस्वामी, सागर सिंह आदि थे।

दिनेशपुर के प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में मेले का शुभारंभ करते विधायक अरविंद पांडेय व अतिथि।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

हत्या के इरादे से अपहरण में एक और आरोपी को जमानत

काशीपुर। हत्या करने के इरादे से शिक्षिका को अपहृत करने के एक और आरोपी की जमानत प्रथम एडीजे ने स्वीकार कर ली है। एक शिक्षिका ने नौ फरवरी को आईटीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 8 फरवरी को सुबह साढ़े आठ बजे स्कूटी से स्कूल जा रही थी। इसी बीच शिक्षिका के पति और उसके दो साथियों ने उसकी स्कूटी रोककर उसे जबरन कार में डाल लिया। आरोपियों ने पिस्टल की बटों से पिटाई कर उसके कपड़े फाड़कर निर्वस्त्र कर दिया और उसकी हत्या करने के इरादे से जहां-तहां गाड़ी लेकर घूमते रहे। बाद में उसे थाना स्वार के गांव चौखंडी में एक रिश्तेदार के घर छोड़कर चले गए। पुलिस ने पति समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में आरोपी ग्राम कनकपुर निवासी मनविंदर सिंह उर्फ मिंदा की ओर से उसके अधिवक्ता अजय कुमार अरोरा ने जमानत के लिए कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। जिसे प्रथम एडीजे विनोद कुमार ने सुनवाई के बाद स्वीकार कर लिया। विदित हो कि इस मामले में आरोपी पति को पहले ही जमानत मिल चुकी है।

इंटर पास दीपा ने अपने हुनर को बनाया रोजगार का जरिया, 90 फीसदी सेल ऑनलाइन, सीएम धामी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

दीपा के ऐपण से बने उत्पादों की मांग ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका तक

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

अमृत विचार : कहते हैं इंसान में अगर मेहनत करने की लगन हो तो उसे मंजिल अवश्य मिलती है। इसका जीता जागता उदाहरण रुद्रपुर की दीप मटेला हैं। दीपा के कुमाउनी कला में ऐपण की हुई घड़ी, चौकियों और अन्य उत्पादों की काफी डिमांड है। उनके ऐपण की मांग अब उत्तराखंड के साथ ही ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और कुवैत जैसे देशों में होने लगी है। बुधवार को रुद्रपुर के गांधी पार्क में उत्तराखंडी ऐपण कला को देश-विदेश में विख्यात करने पर दीपा को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

मूल रूप से लोधिया अल्मोड़ा और हाल निवासी कौशल्या एंक्लेव फेस-2 में रहने वाली दीपा मटेला का परिवार 15 वर्ष पूर्व अल्मोड़ा से आकर रुद्रपुर में रहने लगा। दीपा ने अल्मोड़ा के एडम्स स्कूल से इंटर पास किया। वर्ष 2019 में दीपा ने ब्यूटी पार्लर खोला, लेकिन कोरोना काल में ब्यूटी पार्लर बंद हो गया। इस बीच घर में खाली रहने पर बचपन में सीखे ऐपण कला का ध्यान आया और शुरू कर दिया राखी के पर्व में रक्षा बंधन बनाना। पहले साल कुछ लोगों ने राखियां मांगी। इसके बाद हर घर से उनकी बनाई राखी की डिमांड आने लगी। हौसला बढ़ा तो उन्होंने ऐपण से चौकियां, पूजा थाल, तुलसी गमला, केतली, घड़ी, वॉल आर्ट, कुशन कवर का काम शुरू कर दिया। शुरुआत में आसपास के लोगों ने ऐपण से बने उत्पादों की खरीद की। इसके बाद फेसबुक, इंस्टाग्राम और यू-ट्यूब के माध्यम से इस कला को आगे बढ़ाया।

दीपा ने बताया कि ऑनलाइन माध्यम से अब काफी डिमांड आने लगी है। विगत करवाचौथ पर्व पर ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और कुवैत से करीब पांच-पांच सेट करवा के बर्तनों की डिमांड आयी। जनवरी में ऑस्ट्रेलिया से कुमाउनी ऐपण से बनी पांच घड़ियों की ऑनलाइन डिमांड आयी थी। इस बीच वे दिल्ली, देहरादून, चंडीगढ़, मुंबई से आयी ऑनलाइन डिमांड पर उत्पाद भेज चुकी हैं। भविष्य में उन्हें अन्य देशों से भी डिमांड आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम कुमाउनी ऐपण कला को काफी बढ़ावा मिल रहा है। इसी का परिणाम है कि आज करीब 90 फीसदी सेल ऑनलाइन हो रही है।

दीपा मटेला को प्रशस्ति पत्र देते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

15 महिलाओं को दिया समूह में जोड़कर रोजगार

महज इंटर पास दीपा ने शुरुआती दिनों में अकेले इस कार्य को किया। इसके बाद उन्होंने नगर निगम में दीपा ऐपण आर्ट स्वयं सहायता समूह को पंजीकृत कराया। वर्तमान में उनके समूह में अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर समेत अन्य स्थानों की 15 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। उन्होंने बताया कि भविष्य में अन्य महिलाओं को भी इस रोजगार से जोड़ने का प्रयास है।

प्रधानमंत्री भेज चुके हैं तीन बार प्रशंसा पत्र

दीपा मटेला ने बताया कि पिछले तीन साल से वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम पुष्कर सिंह धामी को कुमाउनी ऐपण से बनी राखियां भेज रही हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने उनके इस कार्य की सराहना की है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री का तीन बार प्रशंसा पत्र भी उन्हें मिल चुका है। प्रधानमंत्री मोदी का पत्र मिलने के बाद उन्हें काफी प्रोत्साहन मिला है।

चेक बाउंस में तीन माह की सजा, डेढ़ लाख का जुर्माना

काशीपुर। चेक बाउंस के एक केस में तृतीय एसीजे की अदालत ने आरोपी को तीन माह के कारावास और डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

नईसब्जी मंडी स्थित आरएस ट्रेडर्स के प्रोपराईटर संजीव कुमार ने अपने अधिवक्ता अजय कुमार के माध्यम से कोर्ट में परिवाद प्रस्तुत किया था कि गढ़ीनेगी निवासी दीपक पाहवा पुत्र केवल कृष्ण पाहवा ने उसकी फर्म से रेडीमेड कपड़ा खरीदा था। उस पर सात लाख रुपये बकाया चला आ रहा था। आंशिक भुगतान की एवज में उसने परिवादी को 19 नवंबर, 2021 को 1,13,885 रुपये का एक चेक दिया, जो बाउंस हो गया। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन कर अदालत ने आरोपी दीपक पाहवा को धारा 138 एनआई एक्ट का दोषी पाया। अदालत ने दीपक पाहवा को तीन माह के कारावास और डेढ़ लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

मांगें पूरी नहीं होने पर कर्मचारियों का प्रदर्शन

दो सूत्रीय मांग के लिए मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी एसोसिएशन के आह्वान पर राज्य कर कर्मचारियों का कार्यालय गेट पर धरना

रोष

संवाददाता, रुद्रपुर

2017 में देश में नई कर प्रणाली जीएसटी लागू हुई, परंतु राज्य कर विभाग में कार्मिकों की संख्या पूर्व की भांति 777 ही है

953 पदों का ढांचा शासन को भेजा लेकिन कई बार संगठन के पदाधिकारियों के साथ वार्ता के बाद भी स्वीकृति नहीं मिली

अमृत विचार : उत्तराखंड राज्य कर मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी एसोसिएशन के आह्वान पर राज्य कर कर्मचारियों ने कार्यालय गेट पर धरना प्रदर्शन किया और प्रदेश सरकार से दो सूत्रीय मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। उन्होंने आगाह किया कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कोई निर्णय नहीं लिया गयो आंदोलन किया जाएगा।

गुरुवार को कार्यालय गेट पर धरना स्थल को संबोधित करते हुए प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2017 में संपूर्ण भारत में नई कर प्रणाली जीएसटी लागू की गई है, परंतु राज्य कर विभाग में कार्मिकों की संख्या पूर्व की भांति 777 ही है। जिससे कार्मिकों पर कार्य का अनावश्यक बोझ काफी बढ़ा है। भारी दबाव के चलते नवंबर 2023 में विभाग द्वारा 953 पदों का ढांचा बनाकर शासन को भेजा गया था, लेकिन कई बार संगठन के पदाधिकारियों के साथ शासन स्तर पर वार्ता होने और विभाग द्वारा बार-बार पत्राचार करने के बाद भी स्वीकृति प्रदान नहीं हुई।

इसके अलावा वर्तमान में कई ऐसे कर्मचारी हैं जो राज्य कर अधिकारी नहीं बनाना चाहते है। ऐसे कार्मिकों का नाम भी पदोन्नति सूची में रखा गया है। जिसकी वजह से पदोन्नति चाहने वाले कर्मचारियों का मामला लटका हुआ है। पुरानी नियमावली होने के कारण मामला लटका हुआ है। ऐसे में नई नियमावली को नये स्टाफिंग पैटर्न के अनुसार परिवर्तित किया जाए। प्रांतीय प्रवक्ता संजय उपाध्याय ने बताया कि दोनों ही मांगे शासन स्तर पर लंबित है। दो साल से कर्मचारी संघर्ष कर रहे हैं। बावजूद शासन-प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया तो मजबूर होकर कर्मचारियों को आंदोलन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही सरकार ने निर्णय नहीं लिया तो कर्मचारी आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस अवसर पर रुद्रपुर शाखा अध्यक्ष भीम सिंह, राकेश जखमोला, शेखर चुफाल, जीवन सिंह बिष्ट, कुसुम वर्मा, किरन भंडारी, सबा रानी, सुरेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार, नीतीश जोशी, नीरज कुमार, मीना राणा, कहकशा कुरैशी, सुमन चुफाल, संगीता साह, गीता कोरंगा, जितेंद्र सिंह राणा, अरविंद राणा, मोहित कुमार, मोहित तिवारी, रवि प्रकाश, सचिन चौहान, मो. वसीम, दीपक कुमार, हेमचंद्र लोहनी, महेंद्र कुमार, भगत सिंह खाती आदि मौजूद रहे।

राज्य कर कार्यालय के मुख्य गेट पर प्रदर्शन करते आंदोलित कर्मचारी। ● अमृत विचार

विशेषज्ञों से सर्वे कराकर बाढ़ सुरक्षा प्रस्ताव दें : जिलाधिकारी

बैठक

- बैगुल नदी का जलस्तर बढ़ने से क्षेत्र में होता है जलभराव
- कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में दिए निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिलाधिकारी उदयराज ने कहा कि वर्षा काल में बैगुल नदी से अरविंद नगर और झाड़ी नंबर 9 में जल भराव की समस्या पैदा होती है। इसके निदान के लिए सिंचाई विभाग तकनीकी विशेषज्ञों से सर्वे करा कर बाढ़ सुरक्षा प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने यह निर्देश कलेक्टेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बताया कि वर्षा काल में बैगुल नदी के पानी से विधानसभा क्षेत्र सितारगंत के अरविंद नगर और झाड़ी क्षेत्र में जलभराव (बाढ़) की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। क्षेत्रीय जनता की मांग है कि क्षेत्र को जलभराव से निजात दिलाने के लिए बाढ़ सुरक्षा कार्य कराये जाएं। इसके लिए उन्होंने सिंचाई विभाग के अभियंता व उप जिलाधिकारी को क्षेत्र का तकनीकी विशेषज्ञों से सर्वे कराकर प्रस्ताव बनाकर देने को कहा।

सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता पीके दीक्षित ने बताया कि अरविंद नगर व झाड़ी क्षेत्र लो-लैंड (ढलान भूमि) है। जिस कारण वर्षा काल में नदी का जल स्तर बढ़ने पर यहां जलभाराव हो जाता है और घरों में भी पानी भर जाता है। उन्होंने नदी को चैनलॉइज कर बाढ़ सुरक्षा के लिए ऊंचे बंध बनाने का सुझाव दिया। प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी ने कहा कि बैगुल नदी क्षेत्र वन क्षेत्र में आता है। बाढ़ अपदा सुरक्षा कार्यों में पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकासधिकारी मनीष कुमार, उपजिलाधिकारी रवींद्र, अधिशासी अभियंता आन्नद सिंह नेगी, विनोद गुप्ता, आपदा प्रबंधन अधिकारी आदि मौजूद थे।

बाढ़ सुरक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम। ● अमृत विचार

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

जीबी पंत विश्वविद्यालय में कल से होगा किसान मेले का आयोजन

संवाददाता, रुद्रपुर/पंतनगर

अमृत विचार : जीबी पंत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि 115वां अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ 9 मार्च से शुरू होने जा रहा है। इसमें 10 हजार से अधिक किसानों के पहुंचने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 10 मार्च को मुख्य अतिथि पूर्व सीएम व महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और अतिविशिष्ट अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट द्वारा विधिवत शुभारंभ किया जाएगा।

डॉ. मनमोहन सिंह चौहान।

तैयारी

- मेले में भाग लेंगे दस हजार से अधिक किसान
- 10 मार्च को पूर्व सीएम कोश्यारी करेंगे मेले का शुभारंभ

गुरुवार को कुलपति सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान कुलपति डॉ. चौहान ने कहा कि इस बार मेले में लगभग 400 से अधिक स्टॉल लगाये गये हैं, जिसमें 150 बडे.एवं 250 छोटे स्टॉल हैं। उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2023 में 114वें किसान मेले में लगभग 25000 से अधिक कृषकों ने भ्रमण किया और जानकारी ली। इसमें 460 से अधिक स्टाल लगाए गये थे। उन्होंने बताया कि 9 मार्च को महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि गोष्ठी में कृषक महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए व्याख्यानों का आयोजन किया जाएगा, जिससे कि उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आ सके। इस अवसर पर निदेशक संचार डॉ.जेपी जायसवाल, निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. डा. जितेन्द्र क्वात्रा आदि उपस्थित रहे।

दरोगा की दबंगई की जांच सीओ सदर करेंगे

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : काशीपुर हाईवे स्थित एक होटल में दरोगा की दबंगई प्रकरण की सीओ सदर जांच करेंगे। इसके लिए एसपी सिटी ने प्रकरण की जांच रिपोर्ट जल्द प्रेषित करने का आदेश भी दिया है। माना जा रहा है कि जांच रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दारोगा पर कार्रवाई हो सकती है।

बताते चलें कि होटल स्वामी एवं कांग्रेस नेता के भाई शैलेंद्र चिलाना ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि मंगलवार रात साढ़े 11 बजे खुद को रंपुरा चौकी प्रभारी बताकर एक दरोगा अपने दो साथियों के साथ नशे की हालत में होटल आया और एक कमरा खुलवाने का दबाव बनाने लगा। आरोप था कि जब होटल स्टाफ ने कमरा नहीं होने की बात कही, तो दरोगा बिफर गया और जमकर हंगामा काटते हुए कर्मचारियों का मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। प्रकरण को लेकर एसपी सिटी ने प्रकरण की जांच सीओ सदर निहारिका तोमर को सौप दी है। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि शिकायती पत्र आने के बाद सीओ सदर मामले की जांच करेगी और सीसीटीवी कैमरों में कैद हंगामा व रिपोर्ट के बाद ही विभागीय कार्रवाई की जाएंगी।

आदेश

- मंगलवार को दारोगा ने काटा था हंगामा, जांच रिपोर्ट के बाद हो सकती है कार्रवाई

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084
डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

रखे प्रस्ताव | पालिका बोर्ड के सदस्यों ने प्रस्ताव पटल पर रखे, दुकानों के नामांतरण के लिए 5 हजार रुपये शुल्क तय

बोर्ड बैठक में नगर पालिका की आय बढ़ाने पर दिया जोर

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: नगर पालिका बोर्ड की बैठक में नगरीय विकास का खाका खींचा गया। इस दौरान बोर्ड के सदस्यों ने अनेक प्रस्ताव पटल पर रखे, जिन्हें ध्वनिमत से पारित किया गया। इस दौरान नगरपालिका की आय बढ़ाने पर भी जोर दिया।

गुरुवार को नगरपालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते की अगुवाई में बोर्ड की बैठक हुई जिसमें सबसे पहले गत बैठक की कार्यवाही एवं आय-व्यय कर पुष्टि की गई। इसके पश्चात बोर्ड के सदस्यों की ओर से पटल पर रखे गए प्रस्तावों को ध्वनि मत से पारित किया गया जिसमें कांप्लेक्स में पुनर्वासित की गईं 12 दुकानों में केवल विरासतन पति-पत्नी एवं पुत्र-पुत्री के नाम नामांतरण करने का प्रस्ताव पारित करते हुए 5 हजार रुपये नामांतरण शुल्क निर्धारित किया गया तथा 12.50 प्रति शत किराए में बढ़ोत्तरी की बात कही गई। इसके अलावा हाट बाजार तहबाजारी की उच्चतम बोली का अनुमोदन, जिला योजना के अंतर्गत नगर में सड़कों का निर्माण करवाने, शापिंग कांप्लेक्स के पास रिक्त भूमि में भूतल पर दुकानों का निर्माण करवाने तथा प्रथम तल पर शादी समारोह के लिए कमरों एवं हाल का निर्माण किए जाने, दीर्घकाल से कार्यरत पालिका कर्मचारियों को स्थाई करने, शमशान घाट में सौंदर्यीकरण एवं भव्य गेट का निर्माण करवाने, बैंडिंग जोन मंडी स्थल पर बनाने, वार्ड नंबर-चार में स्थित डा.अंबेडकर धर्मशाला का सौंदर्यीकरण करने, गृहकर की सुनवाई करने तथा मंडी स्थल पर जिम उपकरण लगाए जाने का प्रस्ताव बोर्ड में पारित किए गए। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते, सभासद जगतजीत सिंह, मो.आसिफ, सादक हुसैन, रघुवीर सिंह सहोता, विमल शर्मा, कमलेश यादव, परवीन जहां, राजबाला भारती, प्रेमवती, अधिशासी अधिकारी मनोज दास, राजू पांडे, कैलाश चंद्र जोशी, रामगोपाल यादव, सीताराम तिवारी आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में बोर्ड की बैठक में नगर के विकास पर चर्चा करते पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते, बोर्ड के सदस्य एवं अधिकारी-कर्मचारी।

एक नजर

बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

खटीमा। गांव एचता, नानकमत्ता निवासी फकीर चंद ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया है कि 12 फरवरी को वह सुबह करीब 11 बजे स्पर्श अस्पताल में अपनी मां की आंख का ऑपरेशन कराने आया और अस्पताल के अंदर चला गया। यह भी कहा है कि जब वह आधे घंटे बाद बाहर आया तो उसकी बाइक संख्या यूके06 बीसी5894 वहां नहीं थी। बाद में शिकायत दर्ज कराने पर अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया तो उसमें एक व्यक्ति बाइक को ले जाते देखा गया। तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

छह जुआरी पकड़े

काशीपुर। एक मोबाइल टावर परिसर में जुआ खेल रहे छह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ग्राम हिम्मतपुर स्थित मोबाइल टावर परिसर में जुआ खेल रहे हिम्मतपुर निवासी सुरेन्द्र सिंह पुत्र चन्द्र सिंह, रवि पुत्र आसाराम, नवल किशोर पुत्र अमर सिंह, संदीप पुत्र राकेश व कचनाल गुंसाई निवासी कदीर अहमद अंसारी पुत्र हनीफ को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। उनके पास ताश की गड्डी समेत 5110 रुपये बरामद किए हैं।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आईटीआई थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि हिम्मतपुर निवासी अंकित ने कुंडेश्वरी क्षेत्र में उसकी 15 साल की नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ कर दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं: आर्य

नेता प्रतिपक्ष ने विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण, नए कार्यों के लिए 13 लाख विधायक निधि से दिए

कार्यक्रम

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य की ओर से अनेक ग्रामों का तूफानी दौरा कर लाखों रुपये की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया गया। नए कार्यों के लिए विधायक निधि से 13 लाख रुपये देने की घोषणा की गई। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि विकास के कार्यों को पूरा करने के लिए धन की कमी आड़े नहीं आएगी।

गुरुवार को ग्राम सिहाली पहुंचे नेता प्रतिपक्ष विधायक यशपाल आर्य का जनजाति समाज के साथ ही अन्य वर्गों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने बैंतखेड़ी में साठ लाख रुपये की लागत से जनजाति समाज के लिए हो रहे कार्यों की जानकारी दी। वहीं चमुंडा मंदिर के सुंदरीकरण हेतु तीन लाख रुपये और भविष्य में बड़ी योजना पर कार्य करने का भरोसा दिलाया। ग्राम बरखेड़ा पांडे में छह लाख साठ हजार रुपये की लागत से बने सीसी मार्गों का लोकार्पण किया गया। बारात घर के सुंदरीकरण हेतु दस लाख रुपये की घोषणा की गई। उन्होंने ग्राम केलाबंदवारी में कांवड़ियों का फूल-मालाओं से स्वागत कर फल वितिरत किए।

ग्राम सिहाली में कार्यक्रम को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य।

किच्छा में विकास कार्यों का लोकार्पण करते विधायक तिलक राज बेहड़।

इस दौरान महाशिवरात्रि की सभी को बधाई देते हुए कहा कि उनकी प्रभु से कामना है कि देश में सत्य की जीत हो और भारत में भाईचारा कायम रहे।

इस मौके पर पूर्व प्रधान इंदर सिंह, शेर सिंह, मोहन सहंह, जीत सिंह, रामकिशन, बल्देव सिंह, बाबू सिंह, अवतार सिंह, पूरन सिंह, प्रीतम कुंवर सिंह, धर्म सिंह, लखपत सिंह आदि मौजूद थे। वहीं देर सायं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य श्रीरामभवन धर्मशाला पहुंचे और वहां कांवड़ियों का स्वागत किया तथा उन्हें फल, फ्रूटी इत्यादि का वितरण किया गया। इस मौके पर कांग्रेस नगराध्यक्ष सत्यवान गर्ग, संजय मित्तल, श्रीनिवास गर्ग, अनिल वाल्मीकि, अभी चानना, बलवीर सिंह, अभिषेक तिवारी, देवेंद्र शर्मा, बबली जोशी, राजू वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

किच्छा में 27 लाख से होंगे विकास कार्य

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधानसभा अंतर्गत तमाम क्षेत्रों में करीब 27 लाख रुपए की लागत से चार विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान 12 लाख 72 हजार रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 14 लाख 31 हजार की लागत से निर्मित सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

उन्होंने विधानसभा अंतर्गत तमाम क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाएं कर कराए जा रहे विकास कार्यों, विकास की योजनाओं तथा धार्मिक स्थलों के पुनः निर्माण एवं सौंदर्यकरण कार्य की जानकारी दी। विधायक बेहड़ ने ग्राम शिमला में विधायक निधि से 5 लाख की लागत से मंदिर सौंदर्यीकरण कार्य, ग्राम वीरू नगला में 2 लाख 72 हजार रुपए से मंदिर में सौंदर्यीकरण कार्य एवं ग्राम छिनकी में 5 लाख की लागत से गुरुद्वारा साहिब में सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। निकटवर्ती ग्राम रायपुरा सैंजना में राज्य वित्त से प्रिमिक्स कारपेट द्वारा 14 लाख 31 हजार की लागत से 525 मीटर सड़क के पुनर्निर्माण कार्य का विधायक बेहड़ ने शिलान्यास किया। कार्यक्रम के पश्चात विधायक बेहड़ ने कांग्रेस पूर्व प्रदेश सचिव हाजी सरवर यार खान के निवास पहुंचकर उनका हाल-चाल जाना। इस मौके पर दर्शन कोली, गुलशन सिंधी, विजयपाल यादव, राजेश प्रताप सिंह, सुनीता कश्यप, राकेश खुराना, मेजर सिंह आदि मौजूद रहे।

विधायक बेहड़ को स्मृति चिन्ह किया भेंट

कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा ग्राम छिनकी स्थित गुरुद्वारा परिसर में सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्य कराए जाने पर गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के पदाधिकारियों ने विधायक बेहड़ को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका जोरदार स्वागत किया। प्रबंध कमेटी के पदाधिकारियों ने विधायक बेहड़ का आभार व्यक्त कर कहा कि ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से गुरुद्वारा परिसर के सौंदर्यीकरण का आग्रह जनप्रतिनिधियों से किया जा रहा था लेकिन जनप्रतिनिधियों द्वारा उनकी मांग की लगातार अनदेखी की गई। मौके पर बलविंदर सिंह, विक्रमजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, गगनदीप सिंह, रेशम सिंह आदि रहे।

बेरोजगारों का मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन कल

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: सहकारी चीनी मिल व आसवनी में उच्च पदों पर नियुक्त कर्मचारियों को फिटमेंट प्रक्रिया का लाभ पहुंचाने व डिस्टलरी के गुलाब ब्रांड का नाम नहीं बदलने तथा रिक्त पदों पर स्थानीय बेरोजगार नवयुवकों को नियुक्ति देने समेत कई मांगों को लेकर आंदोलन की तैयारी की जा रही है, जिसमें मिल के जीए को नगरपालिका अध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते की ओर से पत्र प्रेषित कर इन समस्याओं का समाधान न होने की दशा में 9 मार्च को चीनी मिल के प्रशासनिक भवन के सामने सांकेतिक धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी।

गुरजीत सिंह गित्ते।

कहा गया कि सहकारी चीनी मिल में पिछले कई वर्षों से अपने पद से उच्च पदों पर कार्य कर रहे कर्मचारियों को फिटमेंट का लाभ नहीं दिया गया है। बाजपुर डिस्टलरी में निर्मित देसी मदिरा गुलाब का नाम बदलने की कार्रवाई चल रही है जिसका विरोध करते हैं। समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 9 मार्च को सुबह 11 से मिल कर्मचारियों एवं बेरोजगार युवाओं के साथ चीनी मिल के प्रशासनिक भवन के सामने सांकेतिक धरना-प्रदर्शन दिया जाएगा।

महिलाओं पर अत्याचारों के विरोध में प्रदर्शन

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: पश्चिम बंगाल संदेशखाली में महिलाओं व परिवारों पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में उतरे विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित कर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान विरोध में प्रदर्शन कर नारेबाजी भी की गई।

गुरुवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े युवा एकत्रित होकर एसडीएम कार्यालय जा पहुंचे और उपजिलाधिकारी की गैर मौजूदगी में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन पेशकार पवन कुमार सिंह को सौंपा गया। उनका कहना था कि करीब डेढ़ माह पहले ईडी के अधिकारियों पर हमला होने के बाद संदेशखली में बच्चों और महिलाओं के साथ बर्बरता पूर्वक व्यवहार, यौन उत्पीडन, मारपीट की अनेक घटनाएं लगातार निकलकर सामने आ रही हैं। केवल पश्चिम बंगाल प्रशासन और पुलिस विभाग की नाकामी का यह नमूना नहीं है, इसमे धार्मिक और राजनीतिक मुद्दे भी हैं। इन घटनाओं से पश्चिम बंगाल की महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा की चिंताजनक स्थिति बनी हुई है। इस मौके पर राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांति मोर्चा उत्तराखंड के प्रदेश महामंत्री यशपाल राजहंस, उत्तराखंड वाल्मीकि दलित समाज सुधार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि, नया सबेरा समिति के संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद राजहंस, अखिल भारतीय अनुसूचित जाति एवं शोषित वर्ग उत्थान समिति के प्रदेश सचिव सूरज सागर, विहिप जिलाध्यक्ष तेजप्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

एसडीएम कार्यालय में पेशकार को ज्ञापन सौंपते विभिन्न संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

नजूल भूमि पर मालिकाना हक मिला

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : नजूल भूमि पर मालिकाना हक के पट्टे मिलने पर रविंद्र नगर के लोगों ने निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह का फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। साथ ही पार्षदों और भाजपाइयों का स्वागत किया।

गुरुवार को रविन्द्र नगर धोबीघाट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान मेयर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रपुर के गरीब परिवारों को बड़ी सौगात दी है। दशकों पुरानी नजूल भूमि पर मालिकाना हक की मांग को लेकर उन्होंने पांच वर्ष के कार्यकाल में कोई कसर नहीं छोड़ी। आज उनका संकल्प पूरा हुआ है। धामी सरकार ने नजूल नीति का सरलीकरण किये जाने के बाद से ही नगर निगम की ओर से 50 वर्ग मीटर तक के भूखंडों पर मालिकाना हक के लिए घर घर जाकर फाईलें तैयार कराई गयी। उन्होंने बताया कि पत्रवलियां तैयार करने के लिए विभिन्न बस्तियों में कैंप लगाये गये और सभी सुविधाएं पात्रों को उनके घर के पास ही दी गयी। किसी भी लाभार्थी को पत्रावलियां तैयार करने के लिए कहीं भी चक्कर नहीं लगाने पड़े। जो लोग अभी मालिकाना हक से वंचित हैं उन्हें भी शीघ्र मालिकाना हक दिलाया जाएगा। भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने कहा कि भाजपा सरकार में हर वादा पूरा होता है। इस अवसर पर नेत्रपाल मौर्य, धीरेंद्र मिश्रा, दिवाकर पांडे, केके दास, राकेश सिंह, राधेश शर्मा वीरेंद्र तिवारी, विजय बाजपेई, बबलू सागर समेत कई लोग मौजूद रहे।

रविंद्र नगर में निवर्तमान मेयर का स्वागत करते स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, छह घायल

काशीपुर। सामने से आ रहे एक ट्रक ने एक ट्रैक्टर-ट्राली को टक्कर मार दी, जिसमें ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

महुअवाखेड़ागंज इंद्रवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली से अपनी बहन की बेटी की शादी समारोह से जसपुर से अपने गांव चक मेवला धारू परिवार के साथ घर आ रहा था। ट्रैक्टर राजेंद्र सिंह निवासी ग्राम मेवलाधारू, रामपुर, यूपी चला रहा था। तभी थाना कुंडा क्षेत्र में जयगुरुदेव ढाबा के पास सामने से आ रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें राजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ट्रॉली में बैठे पांच लोग भी घायल हो गये। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गोशाला की मांग को लेकर ज्ञापन देते ग्रामीण। ● अमृत विचार

स्थाई गोशाला को डीएम से मिले लोग

शांतिपुरी। शांतिपुरी के ग्रामीणों का शिष्टमण्डल आवारा पशुओं के लिए स्थाई गोशाला का निर्माण कराये जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर से मिला। ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे दुग्धसंघ निर्देशक इन्दर मेहता व गो सेवक उमेश जोशी ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने सड़कों में आये दिन होने वाली एक्सीडेंट की घटनाओं में बड़ी संख्या में गोवंशीय पशुओं के मारे जाने तथा राहगीरों की मौतें होने के साथ ही किसानों द्वारा अपनी फसलों के बचाव को लेकर इन आवारा पशुओं पर होने वाले अत्याचार से उनका बचाव करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में कै. देवेन्द्र सिंह कोरंगा से.नि., कल्याण सिंह मटियानी, बच्ची सिंह धामी, प्रमोदचंद जोशी, सुभाष जोशी, नारायण सिंह कोरंगा, प्रकाश दानू, प्रमोद जोशी, नवीन टाकुली, तेजू बिष्ट, मोहित गोस्वामी, बिजेन्द्र जोशी, शेखर कोरंगा, आशीष कोरंगा, हेमंत पाठक, तारा सिंह कोरंगा, पवन कोरंगा, दीपक तिवारी, हीरा सिंह कोरंगा आदि मौजूद रहे।

गोष्ठी

महिलाओं को दी योजनाओं की जानकारी, समूह सदस्यों को लोन दिलाने के लिए आवेदन प्रपत्र भरवाये

पशुपालन के लिए महिलाओं को मिलेगा ब्याज मुक्त ऋण

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: मुख्यमंत्री राज्य पशुधन मिशन गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आठ सहायता समूह की 60 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान गोष्ठी में पहुंची महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

गुरुवार को मुख्यमंत्री राज्य पशुधन मिशन गोष्ठी का आयोजन ब्लॉक सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पशु चिकित्सक डॉ रवि खुलवे द्वारा किया गया। गोष्ठी को संबोधित कर पशु चिकित्सा अधिकारी रवि खुलवे ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को पशुपालने पर 90 प्रतिशत ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा लिए गए ऋण में महिलाओं को 10 प्रतिशत ण पर ब्याज देना होगा। उन्होंने कहा सरकार द्वारा दिए गए ऋण से महिलाएं पशु पालन कर सकती हैं और उसके दूध को बेचकर ऋण अदा कर सकती हैं। गोष्ठी में समूह के सदस्यों को बैंक लोन दिलवाने हेतु आवेदन प्रपत्र भी भरवाऐ गए। गोष्ठी में क्षेत्र के बैंकों के अधिकारी भी पहुंचे बैंक अधिकारियों का कहना था कि महिलाएं पशुपालन के लिए बैंकों से ऋण ले सकती हैं और ऋण की आदयगी समय से करें। गोष्ठी में 60 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी रवि खुलवे, सौरभ पांडे, विनय सिंह, मनोज पंत, बी एम शेखावत, खड़क सिंह, प्रताप आर्य, तारीक अली, नीता, राधा रानी, किरण रजनी रूप नैनवाल प्रकाश कौर नरगिस बिमला आदि महिलाएं मौजूद थीं।

गोष्ठी को संबोधित करते पशु चिकित्सा अधिकारी रवि खुल्वे।

पशुओं की बीमारियों और टीकाकरण की जानकारी दी

खटीमा। मुख्यमंत्री राज्य पशुधन मिशन के तहत पशुपालन विभाग के राजकीय पशु चिकित्साल के वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डा संजीव कुमार शर्मा के नेतृत्व में एक गोष्ठी और वृहद कार्यशाला आयोजित की गई। नगरा तराई में जितेंद्र धामी और माधव नंद पांडे की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष चंद्र सिंह थापा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं का ग्रामीणों को लाभ उठाना चाहिए। पशुओं से संबंधित खुरपका, मुंहपका एवं लंपी स्किन रोग आदि बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। झनकट के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शहरोज मलिक ने पशुपालकों को विभागीय जानकारी देकर उनको जागरूक किया।

गांजे के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया

काशीपुर। पुलिस ने गश्त के दौरान एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस ने 2.298 किग्रा गांजा बरामद किया।

कुंडेश्वरी पुलिस ने रामनगर रोड स्थित सोना फार्म के पास सड़क किनारे एक व्यक्ति आने जाने वालों लोगों को गांजा बेच रहा था। पुलिस को देख वह व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को आरोपी के पास से 2.298 किग्रा गांजा, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू, मोबाइल व नकदी बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रम्पुरा निवासी गुरनाम सिंह पुत्र मंगल सिंह बताया। पुलिस ने आरोप के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।

सार-संक्षेप

समग्र शिक्षा अभियान कार्यक्रम में शिरकत करते बच्चे। ● अमृत विचार

बच्चों ने पोस्टर पेंटिंग, निबंध और भाषण में लिया भाग

खटीमा। राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत एडोलिसेंस जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें एडोलिसेंस के विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श हुआ। प्रथम सत्र में कार्यक्रम की समन्वयक डॉ हेमलता पाठक ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और इसके महत्व को बताया। विद्यालय परिसर में कार्यशाला में बच्चों ने व्यक्तिगत और समूह में विभिन्न गतिविधियां संपादित कीं, जिसमें पोस्टर पेंटिंग, निबंध, भाषण और रोल प्ले शामिल रही। प्राचार्य प्रमोद कुमार पांडे ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का संदर्भ लेते हुए किशोरावस्था, शिक्षा के महत्व और इस दौरान आने वाले शारीरिक, मानसिक परिवर्तनों के प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर हरीश लाल आर्य, दीपिका, योगेंद्र सिंह, होशिला प्रसाद, निर्मल न्यूलिया, पिंकी सिंह, ललित जोशी, पूजा भट्ट, अनिल राठौर, कमला जोशी, मेघा जोशी, ममता सोराड़ी, महेश चंद भट्ट, रत्नाकर पांडे, मंजू, नीरज राजेश आदि उपस्थित रहे।

खटीमा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते राज्य निर्माण सेनानी। ● अमृत विचार

राज्य आंदोलनकारियों ने सीएम को भेजा मांग पत्र

खटीमा। उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानियों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर तीन मांगों का लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले करने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को सौंपा। राज्य निर्माण सेनानी के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर भाटिया के नेतृत्व में निर्माण सेनानियों ने एसडीएम बिष्ट को सौंपे ज्ञापन में 10 प्रतिशत आरक्षण स्वीकृत करने पर आभार जताया। उन्होंने राज्य निर्माण सेनानियों को एक समान 15000 रुपए मासिक पेंशन देने, राज्य आंदोलनकारी का नाम राज्य निर्माण सेनानी के नाम से परिभाषित करने और राज्य निर्माण सेनानियों की मृत्यु के उपरांत उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में गंगा जोशी, दुर्गा सिंह सामंत, लक्ष्मी देवी, अर्जुन सिंह चौहान, दिनेश भट्ट, महेश जोशी, भगवान सिंह, रमेश कोठारी, गिरीश चंद्र पांडे, कौशल्या भंडारी, आदेश भटनागर, होशियार सिंह जेठी, अली अहमद, मदन मोहन जोशी, मो बदर, अब्दुल वहाब खान आदि शामिल थे।

वाद-विवाद प्रतियोगिता में आशीष ने जीता पुरस्कार

काशीपुर। संत पाल मित्तल राष्ट्रीय अंतर विश्वविद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता में एसएसी गुड़िया लॉ कॉलेज के छात्र आशीष जोशी ने सांत्वना पुरस्कार जीता। प्रतियोगिता को आयोजन 1-2 मार्च 2024 को नई दिल्ली के प्रतिष्ठित इंडियन एसोसिएशन ऑफ पार्लियामेंट्री रियो ऑन पापुलेशन एंड डेवलपमेंट द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में काशीपुर सत्येंद्र चंद्र गुड़िया लॉ कॉलेज के पंचम सेमेस्टर के छात्र आशीष जोशी ने कुमाऊं विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए व्यक्तिगत सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं पुरस्कार की धनराशि प्राप्त कर पूरे कुमाऊं विश्वविद्यालय व सत्येंद्र चंद्र गुड़िया लॉ कॉलेज तथा कुमाऊं परिक्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर संस्थान की चेयरमैन विमला गुड़िया, डॉ. दीपिका गुडिया आत्रेय, उपप्राचार्य चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय, डॉ. नीरज आत्रेय, डॉ आरएन. सिंह व आशीष के माता-पिता ने हर्ष व्यक्त कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

पुरस्कार के साथ आशीष जोशी।

नानकमत्ता में सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण करते विधायक राणा।

पांच किलोमीटर सड़क मार्ग का शिलान्यास

नानकमत्ता। दो करोड़ 18 लाख रुपये से बनने वाली सड़क का विधायक गोपाल सिंह राणा ने लोकार्पण किया। 18 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहेत धूमखेड़ा और सुनखड़ी गांव तक पांच किलो मीटर पक्की सड़क का निर्माण कराया गया था, लेकिन सड़क बनने के बाद इस मार्ग की कभी मरम्मत नहीं की गई। मार्ग जर्जर हालत में था। क्षेत्र की जनता ने अनेकों बार शासन प्रशासन से सड़क की मरम्मत के लिये आग्रह किया लेकिन हाथ निराशा ही लगी। यह सड़क नगला, ध्यानपुर, बरकीडाडी, किसनपुर, विचुवा, कैथुलिया, टुकड़ी आदि गांवों को सितारगंज शहर को सीधा जोड़ती है। क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिह राणा ने बताया कि सड़क निर्माण के लिये मुख्यमन्त्री पुष्कर सिंह धामी से आग्रह किया गया। धामी ने धूमखेड़ा से सुनखड़ी मुख्य मार्ग तक पांच किलोमीटर के निर्माण के लिए 2 करोड़ 18 लाख की राशि प्रदान कर दी। इस मौके पर प्रधान हरनाम सिंह राणा, जैलसिंह, हरिओम सिंह राणा, रामनरेश सिंह, सुरेन्द्र करनावल, चंचल सिंह, प्रकाश कुमार, शेर सिंह, मंजीत सिंह, कृपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

पत्रकार विशाल शर्मा को पितृ शोक

किच्छा। नगर के युवा पत्रकार विशाल शर्मा के पिता दयाशंकर शर्मा के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। नगर के बाईपास स्थित सत्यपथ धाम पर गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। नगर के विकास कॉलोनी निवासी वरिष्ठ समाजसेवी दयाशंकर शर्मा विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी से इलाज चल रहा था। बुधवार की देर शाम अचानक 60 वर्षीय दयाशंकर शर्मा बेहोश होकर घर में गिर गए। मौके पर मौजूद पुत्र विशाल शर्मा परिजनों के साथ उन्हें इलाज के लिए निजी चिकित्सालय ले गए, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया। हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी अस्पताल में पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, भूपेंद्र पपनेजा बंटी, राजेश प्रताप सिंह, सोमराज सहगल, कुलदीप बग्गा, छोटेलाल कोली, दिनेश भाटिया, लवी सहगल, राकेश खुराना, कैलाश पंडित, राज सक्सेना, मो. यासीन, भूपाल नेगी, नंदन सिंह कोरंगा, एम एस धोनी, मनीष कुमार, वेद प्रकाश आदि ने शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

दयाशंकर शर्मा।

शक्ति तेरे अनेक रूप...

नारी... दो अक्षरों से बना ये शब्द न केवल शक्ति का प्रमाण है बल्कि संघर्ष की वो गाथा भी कहता है जिसे आम जीवन में हम सभी ने अपनी आंखों के सामने से गुजरते देखा है। कभी मां, कभी बहन, कभी बेटी तो कभी पत्नी के रूप में अपने कर्तव्यों से घिरी नारी यूं ही जीवन भर संघर्ष करती नजर आती है। आधुनिकता के युग में पुरूष प्रधान समाज के सामने आज महिलाएं कंधे से कंधा मिलकर हर क्षेत्र में आगे जा रही हैं, ...पर कुछ संघर्ष की कहानियां ऐसी भी हैं जहां इन महिलाओं ने न केवल अपने कर्तव्यों को निभाया साथ ही पूरे समाज को हार न मनाने का पाठ भी पढ़ाया और जीवन को ऐसे सफल बनाया कि आज वे प्रेरणा हैं। आइए आपकों मिलवाते हैं शक्ति के उस रूप से जो जीवन से लड़ी और योद्धा बनकर मुश्किलों को पराजय का स्वाद चखाया...।

संस्कार और मर्यादा संग संघर्ष की कहानी, वैष्णवी की जुबानी

- रात-दिन एक कर सीखी तेलगू, शूटिंग के दौरान पीठ में पड़ गए छाले
- अयोध्या की वैष्णवी का तेलुगु फिल्मों में धमाल

अयोध्या ● राजेंद्र कुमार पांडेय

अमृत विचार : प्रतिभा और संघर्ष का जज्बा हो। धैर्य और सोच हो तो व्यक्ति अपना मुकाम प्राप्त कर ही लेता है। संस्कार और मर्यादा को साध आगे बढ़ना आसान नहीं है। खासतौर से इस दौर में। यह तपस्या से कम नहीं है। खासतौर से फिल्मों में, लेकिन अयोध्या की वैष्णवी ने जीवन मूल्यों को साधा। आगे बढ़ीं। आजकल तेलुगू फिल्मों में धमाल मचा रही हैं।

वैष्णवी अयोध्या की है। राजसदन परिसर में रहती है। माता प्रधानाध्यापिका है। पिता लाल मनीष प्रताप सिंह जाने-पहचाने चेंहरों में हैं। पढ़ाई-लिखाई अयोध्या के अलग-अलग स्कूलों में हुई। वैष्णवी के संघर्ष की कहानी में कई उतार-चढ़ाव आए। कहती हैं कि माता-पिता डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन मुझे बचपन से एक्टिंग का शौक था। पुडुचेरी के एक कॉलेज में दाखिला कराया, लेकिन जूनून कला का था। खून और इंजेक्शन से तनाव हुआ। संवेदनाएं सतह पर आ गईं, फिर गायकी में भाग्य

आजमाया। अचानक नया मोड़ आ गया। चर्चित वेबसीरिज आश्रम की शूटिंग होने वाली थी। डायरेक्टर ने काम करने का ऑफर दे दिया, काम किया। आगे बढ़ने से पहले ही कोरोना का दौर शुरू हो गया।

वैष्णवी कहती हैं कि यह उनके लिए संघर्ष के कहानी की शुरूआत थी लेकिन कोरोना कॅरीअर के लिए वरदान भी था। उन दिनों फिल्मों के लिए आडीशन ऑनलाइन हो रहे थे। भाग्य आजमाना शुरू किया, लेकिन अयोध्या की मर्यादा और घर के संस्कार राह रोक रहे थे। माता-पिता अकेले कहीं जाने नहीं देना चाहते थे। मां और भाई के साथ मुंबई गई लेकिन लौटना पड़ा। मुंबईया फिल्मों के संस्कार पसंद नहीं आ रहे थे। दक्षिण की फिल्मों के लिए ऑनलाइन आडीशन दिया। कहती हैं कि श्री राम जी पर विश्वास और उनकी कृपा। फिल्म महिषा में नायिका के रूप में चयन हो गया। फिल्मों में साउथ की परंपरा पसंद आई। लगा कि पहनावा और संस्कार जिंदा है। हामी भर दी। मां और भाई के साथ पहुंची लेकिन मन में तरह-तरह की आशंकाएं थी। कैसे लोग होंगे, कैसी सभ्यता होगी। फिल्मों में अपनी शर्त मानी जाएगी या नहीं। कुछ दिन में शंकाए निर्मूल हुईं। लगा कि यहां अभी मर्यादा और संस्कार के साथ काम किया जा सकता है।

मुंबईया फिल्मों की सभ्यता पर सवाल उठाती है। संघर्ष यहीं समाप्त नहीं होता। उत्तर की वैष्णवी को दक्षिण की तेलगू बोलने का संकट। तीन चार महीने अभ्यास किया। रात दिन एक कर दिया। तेलगू बोलने पर पकड़ बनी। रात-दिन शूटिंग की। खानपान और मौसम बदला तो बीमार पड़ गईं। शूटिंग के दौरान पीठ में छाले तक पड़ गए। दक्षिण के चर्चित कलाकारों के साथ काम किया। ज्यादातर फिल्मों में लीड रोल किया, फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

केजी थ्री के लिए मिला बेस्ट डांसर अवार्ड

वैष्णवी बताती हैं कि महिषा के साथ श्रीरंगापुरम, क्रेजी तीन, वार्ड नंबर-54, मधुरम जैसी आधा दर्जन फिल्में कीं। दक्षिण की फिल्म इंडस्ट्री गुरुटुकोस्थुनायी में काम कर रही है। मधुरम फिल्म प्रमोशन में है। जल्द ही रुपहले पर्दे पर आ जाएगी। वेबसीरिज नादान परिंदे और कशमकश मुंबई में भी की। केजी थ्री में बेस्ट डांसर का अवार्ड मिला। तीन फिल्में हाथ में हैं। आजकल हैदराबाद में रहकर शूटिंग करती हैं। कुछ रिलीज, कुछ फिल्मों के रिलीज होने का इंतजार है। इन दिनों राम लला की शरण में आई हैं।

सायरा ने तीन तलाक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में लड़ी जंग, अब मुस्लिम महिलाओं को कर रहीं जागरूक

सायरा ने तीन तलाक को ही दे दिया 'तलाक'

अर्शी खान, काशीपुर

अमृत विचार : तीन तलाक के खिलाफ लड़ाई आसान नहीं थी। जब तीन तलाक के खिलाफ कानूनी जंग की ठानी तो कुछ परिचितों और कौम के कथित ठेकेदारों से ही ठन गई। फिर भी हिम्मत नहीं हारी और देश भर की मुस्लिम महिलाओं की आवाज बनकर सर्वोच्च अदालत में तीन तलाक के खिलाफ याचिका दायर की। एक साल तक लड़ी जंग के बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें इंसाफ दिया। बाद में यह जंग रंग लाई और तीन तलाक के खिलाफ कानून भी बना। रूढ़िवादी सोच, कट्टरता के खिलाफ इस जंग की नायक कोई सरकार, संगठन नहीं बल्कि एक महिला सायरा बानो है।

काशीपुर में पांडे कॉलोनी निकट हेमपुर डिपो की रहने वाली सायरा बानो का निकाह वर्ष 2002 में इलाहाबाद निवासी एक प्रापर्टी डीलर से हुआ था। वह बताती हैं कि निकाह के बाद से ही उन्हें हर दिन किसी न किसी बात पर प्रताड़ित किया जाता था। मामूली बातों पर शौहर झगड़ा और मारपीट करता था। वह इस उत्पीड़न से तंग आकर मायके आ गईं। फिर एक दिन उन्हें स्पीड पोस्ट मिला, जिसमें शौहर ने तीन तलाक देकर तलाकनामा भेजा था। जब उन्होंने इसके बारे में उलेमाओं, मौलानाओं से बात की तो उन्होंने भी जायज ठहराया। इस पर उन्होंने इस तीन तलाक के खात्मे की ठान ली। साल 2016 में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में तीन तलाक के खिलाफ जनहित याचिका दायर की।

लगभग एक साल तक सुप्रीम कोर्ट में तीन तलाक के खिलाफ लड़ाई लड़ी। फिर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया और उन्हें इंसाफ मिला। वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने तीन तलाक के खिलाफ कानून मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक 2018 बनाया। मगर सायरा की तीन तलाक के खिलाफ जंग अभी समाप्त नहीं हुई। अब वह मुस्लिम महिलाओं को रूढ़िवादी बेड़ियों को तोड़कर जागरूक कर रही हैं।

सायरा बानो कहती हैं कि पूर्व में मुस्लिम पुरुष शरीयत की आड़ लेकर तीन तलाक का नाजायज फायदा उठा रहे थे। उन्हें किसी का भी खौफ नहीं था लेकिन अब कानून बनने से ऐसे पुरुषों को सजा मिलेगी। कानून के डर से बेबस महिलाओं का आसानी से शोषण नहीं कर पाएंगे। यह कानून भावी पीढ़ी की महिलाओं के हितों का भी संरक्षण करेगा। कोई भी ई-मेल, व्हाट्सअप, मोबाइल, मैसेज या चिट्ठी से तलाक नहीं दे सकेगा। जो उनके साथ हुआ है किसी के साथ नहीं होगा।

2020 में बनीं उत्तराखंड महिला आयोग की उपाध्यक्ष

उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने सायरा बानो की इस हिम्मत की हौसला अफजाई की। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने वर्ष 2020 में सायरा बानो को उत्तराखंड महिला आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। अब वह महिलाओं पर होने वाले अत्याचार के खिलाफ जंग लड़कर उन्हें न्याय दिलाने का काम कर रही हैं। उनका कार्यकाल पूरा हो चुका है लेकिन वह अब भी सभी धर्मों व वर्गों की महिलाओं के साथ मिलकर शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद रही है। गांव-गांव जाकर शिविर लगाकर महिलाओं की समस्याएं सुन रही हैं। वह अब तक 8 जोड़ों को तीन तलाक से बचाकर आपसी सुलह करा दी है।

रुखसाना और सलोनी ने गरीबी में भी खोज ली खुशी

- रुखसाना ने बेटी को मुकाम दिलाने के लिए छोड़ दिया सबको

अयोध्या ● विवेक सक्सेना

अमृत विचार: गरीबी कई बार ऐसे इम्तिहान लेती है कि इंसान टूट ही जाए, लेकिन रुखसाना ने हार नहीं मानी और अपने सपने को बेटी का सपना बनाया। शादी के एक साल के अंदर ही जब वह मां बनने की खुशियां मना रही थी तभी पति ने तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया। माता-पिता ने संभाला। ड्राइवर पिता का निधन मां-बेटी के लिए बज्र पात से कम नहीं था, क्योंकि वही एक कमाने वाले थे। ऐसे में नन्ही बेटी को संभालना, मां का ख्याल रखना,घर का खर्च समेत कई परेशानियां एक साथ ही आ गईं। इस पर भी रुखसाना ने हिम्मत नहीं हारी।

घर खर्च के लिए उसने ट्यूशन पढ़ाना शुरू किया। धीरे-धीरे कुछ मदद होने लगी। बड़ी होती बेटी को शहर के अच्छे स्कूलों में शामिल कनोसा कॉन्वेंट में पढ़ाया। किसी तरह दिन बीत रहे थे की रुखसाना की मां भी चल बसी। अब तक मकान भी खस्ता हाल हो गया था। घर की दीवारें टूट सी गई थी। छत की जगह टिन पड़ा था, जो बारिश में पूरा घर भिगो देता। दरवाजे भी किसी तरह अटकते भर थे। बेटी सलोनी ने मां के कंधे से कंधा मिलाया और वो भी ट्यूशन पढ़ाने लगी। धीरे-धीरे बीकॉम और फिर एमकॉम कर लिया। प्रधानमंत्री आवास

योजना ने घर बनवा दिया। आज सलोनी एक स्कूल में शिक्षिका बन गई है। इसके साथ-साथ वो पीसीएस सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही है। आज मां-बेटी एक-दूसरे का सहारा हैं। छोटी से छोटी खुशी भी साथ मनाते हैं। बेटी के कुछ बन जाने के लिए 55 वर्षीय रुखसाना सपने बुना करती है। तमन्ना है कि बेटी सलोनी को अच्छी नौकरी मिल जाए तो उसके हाथ पीले कर दूं। मुकेरीटोला रिकाबगंज निवासी मां-बेटी का प्रेम, सहयोग और विश्वास आज कई लोगों के लिए मिसाल बने है। साथ ही समाज के लिए सीख भी, कि जीवन में किसी भी परिस्थिति में मायूस होकर हार नही माननी चाहिए। संघर्ष, मेहनत और संकल्प एक दिन अंधेरे में भी सूरज की रोशनी जरूर फैलता है।

चाय की दुकान से ताइक्वांडो में पूजा ने लगाई 'सिल्वर' किक

कानपुर ● अभिषेक वर्मा

अमृत विचार: 'एक दिन मेरी चाय की दुकान के सामने से कुछ खिलाड़ी स्पोर्ट्स की ड्रेस में निकल रहे थे। पिता से पूछा तो उन्होंने बताया कि ये ताइक्वांडो के खिलाड़ी हैं। बस उसी दिन जिद कर ली कि यह खेल सीखना है, पिता ने हौसला बढ़ाया और ग्रीनपार्क में दाखिला करा दिया।' गिलास में तेजी से चाय छानते हुए नेशनल ताइक्वांडों प्रतियोगिता (जूनियर) में कई सिल्वर मेडल जीत चुकीं 14 साल की पूजा कुमारी चौहान जब यह बताते हुए मुक्केबाज मैरीकॉम की तरह देश का नाम ऊंचा करने का संकल्प गिनाती हैं, तो लगता है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प के अलग गरीबी कोई बाधा नहीं है।

परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर के गेट के सामने पूजा के पिता चाय की दुकान लगाते हैं। घर में पत्नी, बड़ी बेटी पुष्पलता, बेटा आकाश और छोटी बेटी पूजा है। पूजा कुमारी एमजी कॉलेज में नवीं की छात्रा हैं। वह जिला और यूपी के बाद अब राष्ट्रीय स्तर पर ताइक्वांडो में छाप छोड़ रही हैं। पूजा कुमारी लगभग रोज सुबह पिता के आने तक चाय की दुकान संभालती हैं। इसके बाद प्रैक्टिस करने जाती हैं। पूजा ने अमृत विचार को बताया कि दुकान के बाद सीधे रनिंग करने

पूजा की उपलब्धियां

- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप -2017 राजस्थान में सिल्वर मेडल
- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2018 जयपुर में सिल्वर मेडल
- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2019 दिल्ली में सिल्वर मेडल

जाती हूं। ग्रीनपार्क के साथ ही ताइक्वांडों की बारीकियां और ट्रिक सीखने के लिए ऐलन हाउस में प्रैक्टिस कर रही हूं। नेशनल के साथ अब देश के बाहर खेलने की इच्छा है। इसी तैयारी में जुटी हूं। जिस तरह बाक्सिंग में मैरीकॉम ने देश का नाम रोशन किया, उसी तरह मैं ताइक्वांडो में देश को गर्व की अनुभूति कराना चाहती हूं। पिता सतीश ने बताया कि बेटी को खेलते देखकर क्षेत्र के और बच्चे भी आगे आ रहे हैं।

वेस्टेज से तकदीर संवार महिलाओं को प्रेरित कर रहीं मीना और आसमां

बदायूं ● प्रदीप सक्सेना

अमृत विचार: महिलाएं परिवार को भावनात्मक की नहीं आर्थिक रूप से भी मजबूत कर रही हैं। तमाम महिलाओं ने जीवन में आने वाली कठिनाइयों से हार नहीं मानी बल्क आज वह एक नजीर बन गई हैं। ऐसी ही कहानी है शहर निवासी मां बेटी की। उन्होंने अपने हुनर से न सिर्फ परिवार को समृद्ध किया बल्कि दूसरों के लिए भी सहारा बन गईं। आज यह दोनों तमाम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की ट्रेनिंग दे रही हैं। पांच सौ से अधिक महिलाएं इनके सिखाए हुनर से अपने परिवार का पालन पोषण कर रही हैं।

शहर के मोहल्ला शहबाजपुर निवासी मीना ने बताया कि वेस्टेज वस्तुओं से टोकरी बनाने का काम अपनी मां से सीखा था। शादी के बाद यही हुनर उनके काम आया। वह कहती हैं कि शादी के समय परिवार के हालात ठीक थे। कुछ साल बाद हालात खराब होने लगे। आय के सीमित साधन होने की वजह से घर चलाना मुश्किल होने लगा। इसके बाद घर में पॉलीथिन और अन्य वस्तुओं को एकत्रित करना शुरू कर दिया। साथ ही दूसरों के घरों से भी कागज-पन्नी आदि को मांगकर लाने लगीं। इनके जरिए उन्होंने टोकरी बनानी शुरू कर दीं। जिसे फल विक्रेताओं को बेचने लगीं।

महिलाएं आती हैं सीखने

मीना और उनकी बेटी आसमां ने बताया कि शुरू में मोहल्ले की महिलाएं टोकरी डलिया आदि बनाने का काम सीखने आतीं थीं। अब आस पास गांव शेखूपुर, चंदोखर गोटिया, मीरा सराय, देहमी आदि गांवों की महिलाएं इस काम को सीखने के लिए उनके पास पहुंच रही हैं।

धीरे-धीरे इसकी मांग बढ़ी तो उन्होंने अपनी बेटी आसमां को भी इस काम में लगा लिया और बाजार से वेस्टेज वस्तुओं को खरीद कर उनसे टोकरी बनानी शुरू कर दीं। इन टोकरियों की मांग अब इतनी हो गई है कि दिल्ली तक सप्लाई कर रहीं हैं। हर सात दिन बाद सौ से अधिक टोकरियों को वह दिल्ली बिक्री के लिए भेजती हैं।

पीर पर्वत सी | नेहरू युवा केंद्र में तैनात जिला युवा अधिकारी पुष्पा सिंह दोनों हाथ से हैं दिव्यांग

पुष्पा ने दिव्यांगता का दंश झेला, मगर बेटियों को दे रहीं शिक्षा का मंत्र

बरेली ● अंकित चौहान

अमृत विचार : घर में बेटी का जन्म हो और पता चले कि वह दिव्यांग है तो परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट जाता है, लेकिन कुछ परिवार के हौसले इतने मजबूत होते हैं कि वो समाज में फैली कुरीतियों पर अमिट छाप छोड़ देते हैं। ऐसा ही संघर्ष की कहानी है पुष्पा सिंह की।

श्रावस्ती जिले के गांव मोगला मल्हीपुर निवासी भवानी सिंह के परिवार में वर्ष 1990 में एक बिटिया का जन्म हुआ। पिता भवानी सिंह की गोद में जब बिटिया आई तो आंखों में खुशी के आंसू आ गए, लेकिन इसी बीच चर्चा होने लगी कि बिटिया तो दिव्यांग है, लेकिन पिता हताश नहीं हुए। बिटिया और पत्नी मीना सिंह को घर लाए। बिटिया का नाम रखा पुष्पा। कहावत है कि पूत के पांव पालने से पता लग जाते हैं, पुष्पा के पढ़ाई के प्रति लगाव देख, माता पिता उसका हौसला बने, स्कूल में दाखिला कराया। पुष्पा दोनों हाथों से दिव्यांग थीं। कड़ी मशक्कत के बाद वह पैरों से ही लिखने की कला में पारंगत हो गईं। 10 वीं से लेकर कंप्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट होने का सफर जिला युवा अधिकारी बनने तक पुष्पा का रुका नहीं। वर्तमान में पुष्पा सिंह बरेली के नेहरू युवा केंद्र में जिला युवा अधिकारी के पद पर सेवाएं दे रही हैं। उनकी शादी जिले के फतेहगंज पूर्वी के गांव शिवपुरी रधौली निवासी भूपेंद्र सिंह से वर्ष 2020 में हुई थी।

गांव में चलाया साक्षरता अभियान

पुष्पा सिंह बताती हैं कि उनके गांव में लड़कियों को स्कूल भेजने की ओर कोई सोचता तक नहीं था, लेकिन उन्होंने खुद शिक्षित होने के साथ ही दोस्तों के साथ मिलकर अपने गांव में घर-घर जाकर बच्चों के माता-पिता को बेटियों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। वहीं, अपने ही गांव की पांच लड़कियों का अपने निजी खर्च पर स्कूलों में दाखिला कराया, जो कि अब 8 वीं कक्षा में हैं।

हमें अपने दिमाग से ही दुनिया को जितना है

पुष्प का कहना है कि अगर हमारे पास हाथ पैर नहीं है तो निराश न हों, क्योंकि हमारे पास दिमाग है। हमें उससे ही दुनिया को जितना है, क्योंकि इंसान की शक्ति उसकी आत्मा में होती है और आत्मा कभी दिव्यांग नहीं होती है।

उपेक्षा से भी नहीं मानी हार

पुष्पा बताती हैं कि वर्ष 2005 में 10 वीं की परीक्षा 90 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण की, लेकिन उनकी कहानी समाज के लिए एक संदेश है कि अगर हौसला हो तो कुछ भी काम नामुमकिन नहीं है। पुष्पा स्कूली शिक्षा के दौरान कई बार उपेक्षा का शिकार हुईं, लेकिन उनके कदम रुके नहीं। वह वर्ष 2007 में 12वीं में 92, 2012 में बीए में 65, एमए में 62 और एमसीए में 97 फीसदी अंक अर्जित कर हमेशा अव्वल रहीं।

कड़े संघर्ष से प्रिया ने लिख दी कामयाबी की इबारत

- साधारण परिवार में जन्मी, बिना कोचिंग प्रथम प्रयास में पास की पीसीएस जे परीक्षा, बनी अपर सिविल जज

पीलीभीत ● सुनील यादव

अमृत विचार: महिलाओं के प्रति समाज का नजरिया बदला है। यह बदलाव उन महिलाओं की देन है, जिन्हानें ने अपने हौंसले से मुश्किल रास्तों को सुगम बनाया और सफलता की मंजिल हासिल की। शहर निवासी प्रिया मिश्रा ने भी कड़े सघर्ष के बाद ऐसा मुकाम हासिल किया, जो जिले के महिलाओं के लिए एक मिसाल है। प्रिया वर्तमान में अपर सिविल जज के पद पर तैनात है। उन्होंने यह सफलता बिना कोचिंग प्रथम प्रयास में हासिल की।

शहर के आवास विकास कॉलोनी निवासी एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज कुमार मिश्रा एवं उमा देवी की पुत्री प्रिया मिश्रा की प्रारंभिक शिक्षा पूरनपुर के लकी चिल्ड्रेन स्कूल में हुई। पिता मनोज कुमार मिश्रा पीलीभीत में प्रेक्टिस करते थे। 2007 में यह परिवार पूरनपुर से पीलीभीत की आवास विकास कॉलोनी में आकर रहने लगा। बेटी प्रिया की प्रतिभा को देखते हुए दाखिला शहर के सेंट एलायसियस कॉलेज में कराया गया। कक्षा सात से लेकर बारहवीं तक की पढ़ाई इसी कॉलेज में की। इसके बाद उन्होंने बरेली के इस्लामिक लॉ कॉलेज से बीए एलएलबी और रुहेलखंड विश्वविद्यालय से एलएलएम की परीक्षा पास की।

इस दौरान परिवार ने कई उतार चढ़ाव भी देखे, लेकिन उन्होंने बेटी की शिक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया। पिता को हिम्मत हारता न देख बेटी ने भी मन ही मन संकल्प लिया कि वह कुछ ऐसा करेगीं जिससे उनके माता-पिता ही नहीं बल्कि जिले का भी मान बढ़ेगा। पिता मनोज के मुताबिक कड़ाके की ठंड के बावजूद सुबह चार बजे तक पढ़ाई करता देख पिता का दिल भी पसीज उठा और उन्होंने प्रिया से पीएचडी कर प्रोफेसर बनने की सलाह दे डाली, लेकिन प्रिया अपनी बात पर अडिग रहीं।

बकौल प्रिया पीसीएस जे की तैयारी के दौरान मन में ख्याल आया था कि अगर कोचिंग ले लूं, तो सबकुछ शायद आसान हो जाएगा। मगर, परिवार की स्थिति और अन्य दो भाइयों की पढ़ाई में कहीं रुकावट न जाए, मैंने घर पर रहकर ही पढ़ाई की। वर्ष 2022-23 में प्रथम प्रयास में प्रिया ने पीसीएस जे परीक्षा पास की। वर्तमान में वह सीतापुर में अपर सिविल जज के पद पर तैनात है। साधारण परिवार से अपर सिविल जज तक के सफर को देख आज अधिकांश महिलाएं उनके जैसा बनने का सपना देख रही हैं।

धार्मिक है प्रिया का स्वभाव

पिता मनोज कुमार मिश्रा के मुताबिक प्रिया बचपन से ही मेधावी और धार्मिक स्वभाव की रही है। आठ साल की आयु से ही प्रिया ने गिरिराज महाराज की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। हर महीने सात व्रत रखती हैं। प्रिया आज भी अपने साथ मनमोहन की प्रतिमा रखती है और प्रतिदिन सेवा करती है।

न विश्वसेत्कुमित्रे च मित्रे चापि न विश्वसेत्।
कदाचित्कुपितं मित्रं सर्वं गुह्यं प्रकाशयेत् ॥

कुमित्र पर विश्वास नहीं करना चाहिए और मित्र पर भी विश्वास नहीं करना चाहिए । कभी कुपित होने पर मित्र भी आपकी गुप्त बातें सबको बता सकता है ।

संपादकीय

विकसित जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर देश का मुकुट है और विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण का रास्ता पर्यटन की संभावनाओं और किसानों के सशक्तिकरण से निकलेगा। भारत के लिए विकसित जम्मू-कश्मीर सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। विकास की शक्ति, पर्यटन की संभावनाएं, किसानों का सामर्थ्य और जम्मू-कश्मीर के युवाओं के नेतृत्व से विकसित जम्मू-कश्मीर का रास्ता निकलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। इस नए जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। पीएम मोदी ने श्रीनगर में रैली के दौरान 6400 करोड़ की 52 विकास परियोजनाओं का शुभारंभ व लोकार्पण किया। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद यह पीएम मोदी की कश्मीर घाटी की पहली यात्रा रही। उन्होंने कहा कि 370 का फायदा आम कश्मीरी को था या फिर कुछ राजनीतिक परिवार अपने फायदे के लिए लोगों को गुमराह कर रहे थे। अब युवा प्रतिभाओं का पूरा सम्मान हो रहा है और उन्हें विकास के लिए नए अवसर मिल रहे हैं। इस बीच सरकार जम्मू-कश्मीर को एक ऐसे क्षेत्र के रूप में विकसित करने में लगी रही है जिसे वह आतंकवाद और भ्रष्टाचार से शांति और स्थिरता की ओर ले आई है। रैली के दौरान जो विकास परियोजनाएं समर्पित की गईं, उनसे कृषि अर्थव्यवस्था और पर्यटक उद्योग को गति मिलेगी। जम्मू-कश्मीर के विकास को बल मिलेगा। रोजगार सृजन होगा जिससे जम्मू-कश्मीर के लाखों परिवारों को लाभ होगा। उधर लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ, चुनाव आयोग द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की घोषणा की संभावना को लेकर विपक्षी दलों के बीच नए सिरे से राजनीतिक दिलचस्पी पैदा हो गई है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि वे हर मुद्दे को चुनावी कैनवास के केंद्र में ले आते हैं। हालांकि प्रधानमंत्री ने श्रीनगर रैली के दौरान चुनाव के बारे में कुछ भी उल्लेख नहीं किया। परंतु उन्होंने परिवारवाद के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा जम्मू-कश्मीर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का बहुत बड़ा शिकार रहा है। वे राजनीतिक लाभ के लिए पीड़ित होने का उपयोग बेहतर तरीके से कर जाते हैं। यह सच है कि विपक्ष के पास कोई ऐसा नेता नहीं है जो प्रधानमंत्री मोदी के कद की बराबरी कर सके। कहा जा सकता है यह रैली भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन साबित होगी।

किशोरवय लड़कियां और उनका स्वास्थ्य

डॉ.कृष्णा नन्द पाण्डेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक, दिल्ली

इस वर्ष भारत सरकार के वार्षिक बजट में देश की किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश करने का प्रावधान किया गया है। किशोरवय लड़कियों को सशक्त और सक्षम बनाने के प्रयास उनकी मौलिक दक्षता और डिजिटल साक्षरता पर केंद्रित होंगे।

प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर दुनिया भर के सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों द्वारा अनेक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। लगभग सभी देशों में महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, कामकाजी महिलाओं के प्रति भेदभाव, यौन हिंसा एवं प्रताड़ना जैसी विषम परिस्थितियों के परिणामस्वरूप उनकी पारिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक कठिनाइयां को दूर करने के लिए नियम और कानून हैं। उनके बावजूद विश्व की बड़ी संख्या में महिलाएं शोषण का शिकार बनती रही हैं। इस अवसर के लिए विशेष निर्धारित थीम के अनुरूप दुनिया भर में महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके स्वास्थ्य तथा उनकी सामाजिक-आर्थिक समस्याओं के विषय में उन्हें जागरूक बनाने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

इस वर्ष भारत सरकार के वार्षिक बजट में देश की किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश करने का प्रावधान किया गया है। किशोरवय लड़कियों को सशक्त और सक्षम बनाने के प्रयास उनकी मौलिक दक्षता और डिजिटल साक्षरता पर केंद्रित होंगे। जिससे उनकी भावी उत्पादकता और डिजिटल संबंधी क्षमता को विकसित करने में सहायता मिलेगी। भारत में किशोरवय के विकास के संबंध में उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मूल्यों और सिद्धांतों के अनुपालन का प्रावधान है। ये नीतियां विभिन्न मंत्रालयों जैसे की शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, युवा एवं खेल, तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा विकसित की जाती हैं।

किशोरवय वर्ग के संदर्भ में प्रमुख नीतियों में सम्मिलित हैं : राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017, राष्ट्रीय युवा नीति 2003 और 2014, तथा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति 2014। इनमें प्रत्येक नीति का उद्देश्य एक दूसरे से जुड़ा और विशिष्ट है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी कहीं-न-कहीं किशोरवय से जुड़े पहलुओं से परोक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

किशोरवय लड़कियां और उनका स्वास्थ्यः वर्ष 2019-21 के दौरान संपन्न पांचवें 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण' के अनुसार 10 से 19 वर्षीय भारतीय किशोरवय पांच लड़कियों में तीन लड़कियां एनीमिया से पीड़ित हैं जब कि ऐसे लड़कों की संख्या लगभग 28 प्रतिशत है। यह किशोरवय लड़कियों के दीर्घकालिक गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं से प्रभावित होने की एक विशेष स्वास्थ्य चुनौती है, जो उनके बौद्धिक और शारीरिक विकास में बाधक हो सकती है।

लौह की कमी से उत्पन्न एनीमिया व्यक्तियों और संपूर्ण आबादी की कार्य क्षमता घटा देती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस स्थिति से उत्पन्न गंभीर आर्थिक संकट राष्ट्र की विकास में बाधक होता है। जर्नल ऑफ़ न्यूट्रिशन में वर्ष 2002 में संपन्न एक अध्ययन पर प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार एनीमिया के कारण कठोर शारीरिक श्रम करने वाले मजदूरों की उत्पादक क्षमता में लगभग 17 प्रतिशत और मध्यम श्रेणी के कार्यों से जुड़े व्यक्तियों में 5 प्रतिशत की गिरावट पाई गई। 15 से 19 वर्षीय प्रति 1000 महिलाओं में प्रजनन क्षमता दर 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4' (2015-16) में 51 से घटकर 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5' (2019-21) में 43 पाई गई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार 15 से 19 वर्षीय आयु वर्ग की लगभग 6.8 प्रतिशत किशोरवय लड़कियों पर मातृत्व भार पड़ गया था।

'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4' के अनुसार इस इस आयु वर्ग में पोषण में कमी के कारण बौनापन और शरीर भार कम होने की व्यापकता है। स्कूल जाने वाली लगभग 42 प्रतिशत लड़कियों का शरीर भार कम पाया गया। इस सर्वेक्षण के अनुसार बिहार, झारखंड, गुजरात में देखी गई इस स्थिति से पोषण में क्षेत्रीय असमानता का संकेत मिलता है। भारत सरकार के 'नवीन पोषण अभियान 2.0' के अंतर्गत किशोरवय लड़कियों को पौष्टिक आहार के माध्यम से पोषक तत्वों का संपूर्ण प्रदान किया जा रहा है। बढ़ती आयु की लड़कियों के लिए मासिक धर्म (मेंस्ट्रूअल साइकिल) के दौरान स्वच्छता उत्पादों के प्रयोग में बढ़ोतरी देखी गई है। वर्ष 2015-16 के दौरान इन स्वच्छता उत्पादों का प्रयोग 58 प्रतिशत से बढ़कर वर्तमान में 78 प्रतिशत हो गया है। हालांकि, देश की सभी किशोरवय लड़कियों के लिए व्यापक रूप से स्वच्छता उत्पादों की उपलब्धता और इससे जुड़ी जागरूकता को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। लड़कियों में मानसिक विकारों से जुड़ी आधी समस्याओं की शुरुआत 14 वर्ष की आयु में हो जाती है। पन्द्रह से 19 वर्षीय लड़कियों में मृत्यु का प्रमुख कारण स्वयं को क्षति पहुंचाना अथवा जीवन स्वयं समाप्त करना होता है। भारत के 'राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16' के अंतर्गत 13 से 17 वर्षीय युवा लड़कियों में मानसिक विकारों की व्यापकता लगभग 7.3 प्रतिशत पाई गई थी। लड़कों की तुलना में लड़कियों में तनाव से संबंधित विकारों की व्यापकता अधिक थी। भारत में युवा लड़कियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण पर यूनिसेफ की वर्ष 2019 की रिपोर्ट के अनुसार टीनएजर्स में अवसाद और व्यग्रता जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

लड़कियों की किशोरावस्था में प्राथमिक से सेकेंडरी शिक्षा तथा शिक्षा से कार्य पर जाने जैसी स्थितियां बदलती हैं। उनकी शिक्षा के अवसर में कोताही उनके भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। वर्तमान में भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों में महिलाओं की संख्या लगभग 37 प्रतिशत है, जो जी-20 देशों में सबसे कम है। लड़कियों द्वारा उच्च शिक्षा प्राप्त करना एक कारण हो सकता है, वहीं पर्याप्त ज्ञान, दक्षता और शिक्षा में कमी जैसी स्थितियां दक्ष महिलाओं की संख्या बढ़ने में बाधक हैं। स्कूल छोड़ने वाली किशोरवय लड़कियों की संख्या अभी भी बहुत है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भारत की किशोरवय लड़कियों का अध्ययन गंभीर रूप से प्रभावित हुआ था। हालांकि, सरकारी विद्यालयों में लड़कियों की फीस कम होने के कारण कहीं-न-कहीं लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत देश में मातृ, शिशु एवं किशोरवय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जारी कार्यक्रमों में जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रसूति सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'लक्ष्य' योजना, मातृ एवं शिशु ट्रैकिंग प्रणाली, एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गर्भवती एवं दुग्धपान कराने वाली महिलाओं, बच्चों एवं किशोरवय लड़कियों को लौह एवं फोलिक एसिड का संपूर्ण, बच्चों को जानलेवा रोगों से बचाने के लिए व्यापक टीकाकरण (इम्यूनाइजेशन) कार्यक्रम, संपूर्ण टीकाकरण हेतु मिशन इंद्रधनुष, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, संस्थानगत शिशु जन्म, पोषण, प्रतिरक्षीकरण, आदि पहलुओं पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सूचना, शिक्षा एवं संचार, आदि जैसे कार्यक्रम प्रमुख हैं।

किशोरावस्था की लड़कियों को मानसिक विकारों से बचाने के लिए देश में बड़े पैमाने पर जागरूकता फैलाने और परामर्श देने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम और पोषण अभियान 2.0 जैसे कार्यक्रमों की प्रभावी पहुंच के प्रति स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की प्रतिबद्धता है।

देश की प्रगति नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य पर निर्भर करती है। भारत सरकार की वित्तीय एवं तकनीकी सहायता के आधार पर देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में स्वास्थ्य से संबंधित अनेक कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें महिलाओं, बच्चों एवं किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में अनेक कार्यक्रम सम्मिलित हैं। 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य के संबंध में जागरूकता फैलाना प्रासंगिक है।

प्रसंगवश

कुछ अनुसुने किस्से कहानी

मिलेवा मिरका

सोफिया

अगला किस्सा ऑस्ट्रिया फिजिसिस्ट मरेटा ब्लाऊ का है, ब्लाउ और उनकी महिला साथी हेर्था और अन्य ने न्यूक्लियर एक्सप्लोजन पर रिसर्च की 1937में। ये सभी विएना में इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियम रिसर्च में काम करती थी, पर इन वैज्ञानिकों को कभी भी नियमित वेतन नहीं मिला जैसा कि बाकी वैज्ञानिकों को मिलता था। फलस्वरूप ये अपनी रिसर्च को निरंतर नही कर सकी। इनकी मृत्यु के समय तक इनके द्वारा किए गए रिसर्च वर्क भुला दिए गए थे।

बीसवीं सदी में जब लड़कों के स्कूल में एक लड़की ने साइंस स्कूल में प्रवेश लिया। बेहतरीन दिमाग इतना शानदार कि सदी का सबसे प्रसिद्ध वैज्ञानिक भी उससे प्रभावित और आकर्षित हो गया। विवाह हुआ और आज हम उस जीनियस लड़की का नाम भी शायद ही कहीं सुनते हो। मैं बात कर रही हूं आइंस्टीन की पत्नी मिलेवा मिरका की जो खुद उसी स्तर की वैज्ञानिक थी जिस स्तर के आइंस्टीन खुद थे। उसका मानसिक स्तर ही आइंस्टीन को उसके पास खींच कर ले गया था। मिलेवा न अपने वैज्ञानिक सामर्थ्य को प्रमाणित कर पाई ,न ही अपने शैक्षिक सामर्थ्य को। और घरेलू मोर्चे पर तो वह थी ही असफल। वह एक अवैतनिक कर्मचारी बन गई जिसे आइंस्टीन नौकरी से निकाल नहीं सकते थे पर बतौर पत्नी उसका कोई स्थान नहीं था।

अगला किस्सा ऑस्ट्रिया फिजिसिस्ट मरेटा ब्लाऊ का है, ब्लाउ और उनकी महिला साथी हेर्था और अन्य ने न्यूक्लियर एक्सप्लोजन पर रिसर्च की 1937में। ये सभी विएना में इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियम रिसर्च में काम करती थी, पर इन वैज्ञानिकों को कभी भी नियमित वेतन नहीं मिला जैसा कि बाकी वैज्ञानिकों को मिलता था। फलस्वरूप ये अपनी रिसर्च को निरंतर नही कर सकी। इनकी मृत्यु के समय तक इनके द्वारा किए गए रिसर्च वर्क भुला दिए गए थे।



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

अगला किस्सा जर्मन मूल की स्वीडिश वैज्ञानिक मेंटनर का है जिनका कई बार नोबल के लिए नॉमिनेशन हुआ पर अपने देश स्वीडन जिसके लिए उन्होंने काम किया, उस देश ने उन्हें तवज्जो नहीं दी।

प्रसिद्ध लेखक जिनके नाम से कोई भी साहित्य प्रेमी अछूता नही होगा लियो टॉलस्टाय की पत्नी सोफिया का है , जो खुद एक रशियन राजकुमारी थी। लियो के तेरह बच्चों की मां थी। जो खुद भी एक इंटेलेक्चुअल थी । जिसकी डायरी ने ही उसे पहचान दे दी। पर उसकी व्यक्तिगत क्षमता केवल टॉलस्टाय के उपन्यासों की पांडुलिपियां बनाने में खर्च हो गई।

ये सभी किस्से पाश्चात्य देशों के हैं, जहां से फेमिनिज्म का बीज पड़ा। हर किस्से की एक ही त्रासदी है ; स्त्री की क्षमता को पेटेंट करा लेना। उसे उसके हक की इज्जत न मिल पाना। उसकी क्षमताएं व्यक्तिगत न होकर सामुदायिक हो गई और पहचान शून्य। केवल पश्चिम ही नही भारत आदि एशियाई देशों में हाल और बदतर है। विविध कार्य क्षेत्रों में उपेक्षित नारी प्रजाति को आज भी अपने आत्मोत्थान के लिए बहुत संसाधन उपलब्ध नहीं हैं।

ये स्त्रियां जो आज गिनवा रही हूं, ये सभी अपने क्षेत्र की हस्तियां हो सकती थी, ऐसी ही लाखों स्त्रियां जो अपनी पहचान के लिए भटकती रही और खप गईं। इन्हीं स्त्रियों का संयुक्त प्रयास फेमिनिज्म की चौथी लहर तक पहुंच गया। शायद ये उकसावा ही महिला दिवस मनाने को प्रेरित कर देता है।

भारतीय समाज में फेमिनिज्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देखने को कम मिलता है। हमारा सामाजिक और सांस्कृतिक ढांचा स्त्री का मूल स्वरूप देवी का बना देता है। ये देवी बनना ही एक फंदा है जहां से भारतीय नारी को निकलने में समय लगेगा। अतः नारी दिवस पर गोलगप्पे की पार्टी से ही भारतीय नारी अभी खुश है ।

स्त्री, स्त्रीवाद और स्त्री-सशक्तिकरण

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

आम स्त्री के यथार्थः भारतीय स्त्रियों के यथार्थ विचित्र से भी अधिक विचित्र हैं। वे विविधतापूर्ण भी हैं। स्त्री की पहचान 'घर की इज्जत' के रूप में होती है।

ऋषि याज्ञवल्क्य ने अपनी पत्नी गार्गी के लगातार सवाल करने पर गुस्से से कहा था, 'ज्यादा पूछा तो तुम्हारा मस्तक फट जाएगा।' प्राचीन युगों की तरह वर्तमान युग में भी स्त्रियां ज्यादा सवाल करने से रोकी जाती हैं। उनके साहस की हद प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से बांध दी जाती है। आमतौर पर वे राष्ट्र में वीरांगना, समाज में धर्म-संस्कृति की मशाल और बाजार में कभी 'कमोडिटी-कभी कंज्यूमर' सब एक साथ हैं। क्या उनके सवालों की हद का निर्धारण स्त्री विमर्श को आत्मनिरीक्षण के लिए प्रेरित करता है?

भारत में स्त्रीवाद पश्चिम के गोरे स्त्रीवाद की कार्बन कॉपी है। वह स्त्री-पुरुष असमानता के कुछ रूपों को अनावृत्त करने के बावजूद आम भारतीय स्त्रियों से संवाद करने में सक्षम न हो सका। एलीट मध्यवर्गीय स्त्रियों तक सीमित बौद्धिक संवाद स्त्रीवाद की पहली सीमा है। दूसरी सीमा है, उसकी उग्रता ने देश के दूसरे वंचित समुदायों और विमर्शों से उसका अंतर्संपर्क विकसित होने नहीं दिया, जैसा कि पश्चिमी देशों में चौथी लहर के स्त्रीवाद ने किया। तीसरी सीमा है, स्त्रीवाद की दृष्टि स्त्रियों पर होने वाले अदृश्य अत्याचारों की ओर नहीं गई। इसने पुरुष सत्ता के विस्तृत रूपों और अत्याचारों पर ध्यान नहीं दिया। इस तरह स्त्री विमर्श शैक्षिक-व्यापारिक क्षेत्र में लोकप्रियता के बावजूद वैचारिक स्तर पर एक छोटी बाउंडरी में रह गया।

भारत में स्त्रीवाद मुख्यतः सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व या एलीट महत्वाकांक्षाओं की सीढ़ी बन गया है। उस पर अंततः स्त्री की धार्मिक मातृ छवि भारी पड़ गई। इसके तहत स्त्रियों का ध्यान पुरुषसत्तात्मक व्यवस्था से हटा कर 'भिन्नता' की धारणाओं की ओर आसानी से मोड़ दिया गया। ये बातें बार-बार दुहराई जाती हैं- 'गरीबों की उन्नति करनी है', 'स्त्रियों की उन्नति करनी है'। लेकिन गरीबों और स्त्रियों की उन्नति में लगे व्यक्तित्व कभी समझ नहीं पाए कि 'गरीब स्त्रियों' की उन्नति एक अलग मामला है!

आम स्त्री के यथार्थः भारतीय स्त्रियों के यथार्थ विचित्र से भी अधिक विचित्र हैं। वे विविधतापूर्ण भी हैं। इस देश में स्त्री की पहचान 'घर की इज्जत' के रूप में होती है। वह परिवार ही नहीं, जाति, जनजाति और कई बार 'राष्ट्र' के लिए भी 'प्रतिष्ठा चिह्न' बना दी जाती है। उसके आज्ञा पालन की जगह जरा भी बराबरी दिखाने, सवाल करने या अधिक स्वतंत्रता लेने पर उसे 'कुलटा', 'परिवार और जाति की प्रतिष्ठा पर दाग' आदि कहकर अपमानित किया जाता है। इधर संस्कृति की दुहाई देकर भी स्त्रियों को जड़ हो चुके पुराने विश्वासों और रीतियों की ओर लौटाने की कोशिश हो रही है। एक बागेश्वरी बाबा हैं, वे कुआंरी लड़कियों को 'खाली प्लॉट' कहते हैं और स्त्रियां चुपचाप सुनती हैं। स्त्रियों का एक अपना आत्मसम्मान है, आधुनिक गरिमा है और उनमें खुद निर्णय लेने की क्षमता है, अब इन चीजों की जम कर उपेक्षा होने लगी है। ऐसी विडंबनाएं भी हैं कि किसी स्त्री की डाइन छवि निर्मित करने और उसे सजा देने के पुरुषसत्तात्मक सुख में कई बार खुद स्त्रियां शामिल रहती हैं। मीडिया स्त्रियों से मनोरंजन करने के लिए किसी स्त्री की 'डाइन-छवि' बनाता है तो किसी स्त्री की 'वीरांगना-छवि'। ये एक ही पुरुषसत्तात्मक सिक्के के दो पहलू हैं।

आम परिवारों में सामान्यतः वधू 'ग्रेजुएट और गृहकार्य में निपुण' चाहिए! कई लड़कियां जानती हैं कि वे सिर्फ इसलिए पढ़ती हैं कि उन्हें अच्छा वर मिले। दहेज एक बड़ी समस्या है। यह लज्जा की बात है कि 2021 में दहेज न देने पर सताई जा रही 6.8 हजार स्त्रियों ने आत्महत्या की। आज भी शादी से पहले प्रश्न होता है- कितना खर्च करेंगे? एक बिस्कुट कंपनी के विज्ञापन में था-वर को उपहार में ज्यादा से ज्यादा बिस्कुट दें, पैकेट में सोना मिल सकता है! दहेज सभ्य भाषा में उपहार है।

इधर एक नया यथार्थ यह है कि कई लड़कियां खुद 'डिस्टिनेशन मैरेज' की मांग करती हैं, माता-पिता की पर्याप्त क्षमता न हो, तब भी। दूसरी तरफ, आज भी लाखों लड़कियों की शादी 18 साल से कम उम्र में कर दी जाती है। गांवों-कस्बों में माना जाता है कि उनके लिए उच्च शिक्षा जरूरी नहीं है। स्त्रियां बीमार होने पर कह नहीं पातीं कि वे बीमार हैं। रोजगार करने वाली स्त्रियों की स्थिति देखें तो शहरवासी स्त्रियों में वे 21 प्रतिशत से भी कम हैं। बहुत से कामों के लिए स्त्रियों को उपयुक्त नहीं समझा जाता और इनका वेतन पुरुषों की तुलना में कम होता है। इस तरह भी सोचा जाता है कि नौकरियां कम हैं। अतः इनके लिए पुरुष को ही प्रधानता मिलनी चाहिए। इसके अलावा, गरीब और वंचित स्त्रियां आवाजहीन हैं। मध्यवर्गीय स्त्रीवाद की चिंताओं के दायरे में स्त्रियों के यथार्थ का एक बड़ा संसार नहीं है।

सोशल फोरम

हुआ क्या मुझे रे तौबा



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सुबहे से अपने भीतर एक गजब का परिवर्तन पा रहा हूं। मुझे हर स्त्री बेहद आकर्षक मालूम पड़ रही है। बेहद। एक भी अपवाद नहीं। क्या हो गया मुझे। इतना आनंद क्यों उमड़ रहा है। सारी स्त्रियां इतनी मोहक कैसे हो उठी हैं। क्यों खिंचा चला जा रहा हूं। किसी देवता ने मुझे कहीं सोमरस तो नहीं पिला दिया है। आह। हुआ क्या मुझे रे तौबा। झूम उठा रे मैं मस्ताना, दीवाना। जाने क्या पिलाया तूने, बड़ा मजा आया।

इसी रसदशा में फेसबुक खोला। मालूम हुआ आज महिला दिवस है। महिलाओं को उनकी ताकत का एहसास दिलाने का दिन। मैं उसी महिला को शक्तिशाली मानता हूं जो पुरुष को अपने अमोघ आकर्षण के बल पर घुटने टेकवा दे और हर सार्थक काम उससे करवा ले। महिला की शक्ति पुरुष-सा होने में नहीं, पूर्ण महिला होने में है। स्त्रियोचित गुण जब पूरी तरह खिल जाएं, तो पुरुष उनके सामने नतमस्तक हो जाते हैं और पुरुषोचित गुण पूर्णतः विकसित हो जाएं, तो उनके समक्ष महिलाएं झुक जाती है। ये दो गुण परस्पर भिन्न हैं। यह भिन्नता ही उनके बीच आकर्षण का कारण है। जहां इन भिन्न गुणों का मिलन होता है, वहीं प्रेम के फूल खिलते हैं। प्रेम से बड़ी कोई शक्ति नहीं। प्रेम करने की क्षमता खोना ही दुर्बल होना है।

वह दिन बहुत बुरा होगा, जब मर्द मौगा हो जाएगा और औरत मर्दानी। मर्दों के गुणों को जो अपना लेगी, वह औरत नहीं रह जाएगी और मर्द तो कभी हो ही नहीं पाएगी। मर्द के गुण हैं फौलादी शारीरिक शक्ति, शौर्य, पराक्रम, संकल्प, कठोर मेहनत करने की क्षमता इत्यादि। स्त्रियों के गुण हैं -प्रेम, करुणा, दया, समर्पण इत्यादि। प्रेम में इन दोनों प्रकार के गुणों का अनायास अंतर्मिलन होता है। इस स्थिति में पुरुषों के कुछ गुण स्त्रियों में चले जाते है और स्त्रियों के पुरुषों में। गुणों का यह प्रेमपूर्ण आदान-प्रदान दोनों की अपूर्णता को बहुत कुछ दूर कर दोनों को शक्तिशाली बनाता है। अगर दोनों साथ-साथ शक्तिशाली नहीं बनते हैं, तो अकेला शक्तिशाली होना विध्वंसक होता है। अकेले पुरुषों के शक्तिशाली होने से स्त्रियां कमजोर हुईं। उनके कमजोर होने से पुरुषों की शक्तियों का सदुपयोग संभव नहीं हुआ।

-फेसबुक वॉल से

सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं 'शिव'



डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा, उत्तर प्रदेश

शिव पुराण के लेख के अनुसार सदाशिव जी ने कहा है कि जो मुझमें और कैलाशपति शिव में भेद करेगा या हम दोनों को अलग मानेगा वो नर्क में गिरेगा। या फिर शिव और विष्णु में जो भेद करेगा वो नर्क में गिरेगा। वास्तव में मुझमें, ब्रह्मा, विष्णु और कैलाशपति शिव कोई भेद नहीं हम एक ही है। परंतु सृष्टि के कार्य के लिए हम अलग अलग रूप लेते हैं। पृथ्वी पर बीते हुए इतिहास में सतयुग से कलयुग तक, एक ही मानव शरीर ऐसा है जिसके ललाट पर ज्योति है। इसी स्वरूप द्वारा जीवन व्यतीत कर परमात्मा ने मानव को वेदों का ज्ञान प्रदान किया है, जो मानव के लिए अत्यंत ही कल्याणकारी साबित हुआ है।

शिव शब्द के दो अर्थ योगी शिव और शून्यता एक तरह के पर्यायवाची हैं, पर फिर भी वे दो अलग-अलग पहलू हैं। क्योंकि भारतीय संस्कृति द्वंद्व से भरी है, इसलिए हम एक पहलू से दूसरे पहलू पर आते-जाते रहते हें। एक पल हम परम तत्व शिव की बात करते हैं, तो अगले ही पल हम उन योगी शिव की बात करने लगते हैं, जिन्होंने हमें योग का उपहार दिया है। शिव शब्द "वो जो नहीं है" और आदियोगी दोनों की ही ओर संकेत करता है, क्योंकि बहुत से तरीकों से ये दोनों पर्यायवाची हैं। ये जीव, जो एक योगी हैं और वो शून्यता, जो सृष्टि का मूल है, दोनों एक ही है। क्योंकि किसी को योगी कहने का मतलब है कि उसने ये अनुभव कर लिया है कि सृष्टि वो खुद ही है।

संपूर्ण ब्रह्मांड शिव के अंदर समाया हुआ है। जब कुछ नहीं था, तब भी शिव थे। जब कुछ न होगा तब भी शिव ही होंगे। शिव को महाकाल कहा जाता है, अर्थात समय। शिव अपने इस स्वरूप द्वारा पूर्ण सृष्टि का भरण-पोषण करते हैं। इसी स्वरूप द्वारा परमात्मा ने अपने ओज व उष्णता की शक्ति से सभी ग्रहों को एकत्रित कर रखा है। शंकर जी सौम्य आकृति एवं रौद्र रूप दोनों के लिए विख्यात हैं। सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के अधिपति शिव हैं। त्रिदेवों में भगवान शिव संहार के देवता माने गए हैं। शिव अनादि तथा सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं और यह काल महाकाल ही ज्योतिषशास्त्र के आधार हैं। जिस प्रकार इस ब्रह्मांड का ना कोई अंत है, न कोई छोर और न ही कोई शुरुआत, उसी प्रकार शिव अनादि हैं। परमात्मा का यह स्वरूप अत्यंत ही कल्याणकारी माना जाता है क्योंकि पूर्ण सृष्टि का आधार इसी स्वरूप पर टिका हुआ है। पवित्र श्री देवी भागवत महापुराण में भगवान शंकर को तमोगुण बताया गया है।

शुक्ल यजुर्वेद संहिता के अंतर्गत रुद्र अष्टाध्याई के अनुसार सूर्य इंद्र विराट पुरुष हरे वृक्ष, अन्न, जल, वायु एवं मनुष्य के कल्याण के सभी हेतु भगवान शिव के ही स्वरूप है भगवान सूर्य के रूप में वह शिव भगवान मनुष्य के कर्मों को भली-भांति निरीक्षण कर उन्हें वैसा ही फल देते है। मनुष्य अपने अपने कर्मानुसार फल पाते हैं अर्थात स्वस्थ बुद्धि वालों को वृष्टि जल अन्य आदि भगवान शिव प्रदान करते हैं और दुर्बुद्धि वालों को व्याधि दुख एवं मृत्यु आदि का विधान भी शिवजी करते हैं। शंकर या महादेव आरण्य संस्कृति जो आगे चल कर सनातन शिव धर्म नाम से जाने जाते है, में सबसे महत्वपूर्ण देवताओं में से एक है। वह त्रिदेवों में एक देव हैं। इन्हें देवों के देव महादेव भी कहते हैं। शिव का अर्थ यद्यपि कल्याणकारी माना गया है, लेकिन वे हमेशा लय एवं प्रलय दोनों को अपने अधीन किए हुए हैं। शिव सभी को समान दृष्टि से देखते है। इसलिए उन्हें महादेव कहा जाता है। तंत्र साधना में इन्हे भैरव के नाम से भी जाना जाता है।

पार्वती परिणय दिवस है महाशिवरात्रि



शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को पड़ने वाले पर्व महाशिवरात्रि की पृष्ठभूमि में अनेक कथाएं हैं। एक कथा के अनुसार यह पर्व शिव पार्वती परिणय दिवस है। मेरे निकट यह तिथि इस रूप में ही विशेष मान्य है। भगवान शंकर की पहली पत्नी सती जी अपने पिता दक्ष प्रजापति के यज्ञ में तन त्याग चुकी थीं और शिवजी अविवाहित थे। उधर तारक नामक दैत्य के अत्याचारों से देवगण और लोक त्रस्त था। देवताओं ने जब ब्रह्मा जी को समस्या बताई तो उन्होंने कहा कि शिवजी का पुत्र ही इसे मार सकता है। तब देवताओं ने कामदेव को भेजकर भगवान शंकर को काम मोहित करने की चेष्टा की,ताकि उनकी रुचि नारी के लिए हो और वह विवाह करें। देवगण प्रेषित कामदेव का यह प्रयास विफल रहा। पांसा उलटा पड़ गया। भगवान शंकर ने कामदेव को ही भस्म कर दिया। अंततः देवगण ने शंकर जी से सीधे प्रार्थना की कि 'नाथ! हम लोग अपने नेत्रों से आपका विवाह देखना चाहते हैं'। शिवजी ने प्रसन्न होकर सहमति प्रकट कर दी। उधर हिमाचल की पुत्री पार्वती शिव जी को पति रूप में पाने हेतु कठिन तपस्या कर रहीं थीं। उनके प्रेम की बहुशः परीक्षा ली जा चुकी थी। अतः यह विवाह तय हो गया। सप्तर्षियों ने संयोजक का कार्य किया। भगवान शंकर की ओर से वृहस्पति और पार्वती की ओर से गर्गाचार्य ने पुरोहित का कार्य किया। वेद विहित रीति से विवाह संपन्न हो गया। यह शुभ काज इसी महाशिवरात्रि की तिथि को हुआ। यथा समय इस अलौकिक युग्म से दिव्य रीति से कार्तिकेय जी जन्में, जिन्हें स्कंद और षडानन भी कहते हैं। वे देवताओं के सेनापति बने। सेनापतियों में वे सर्वश्रेष्ठ माने गए हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अपने को 'सेनानीनामहं स्कन्दः' कहा है। यानी सेनापतियों में मैं स्कन्द हूं। उन्होंने तारकासुर का संहार किया। शिव पार्वती विवाह की यह कथा शिव महापुराण के तृतीय पार्वती खण्ड-अध्याय 46/47 में आई है।

वैसे भगवान भोलेनाथ और उनके इस पर्व की महिमा का सम्यक् वर्णन भला कौन कर सकता है? आचार्य पुष्पदंत ने 'शिव महिम्न स्तोत्र' में सही ही लिखा है कि 'यदि कज्जल गिरि को समुद्र की दवात बनाकर घोल दिया जाय और कल्पवृक्ष की डाल की लेखनी बनाकर पूरी पृथ्वी को पत्र मानकर साक्षात् सरस्वती जी शिवजी के गुणों को लिखना शुरू करें, तो भी उनके गुणों को पार पाना संभव नहीं हो सकेगा'। स्पष्ट है कि जब अलौकिक वीणावादिनी शारदा उनकी या उनके पर्वों की पूर्ण महिमा वर्णन में समर्थ नहीं है,तो फिर इस लौकिक शारदा की क्या बिसात।

आज मंदिर में होगा महापूजा का आयोजन, स्थानीय बाजार में लगेगा भव्य मेला, देश-विदेश से पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे हैं श्रद्धालु

जागेश्वर धाम में जागृत रूप में विराजमान हैं भगवान शिव

महाशिवरात्रि पर विशेष

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : उत्तराखंड में कई ऐसे धार्मिक स्थल हैं जिनका वर्णन पुराणों में मिलता है। इन धार्मिक स्थलों पर हिंदू श्रद्धालुओं की अगाध आस्था है। ऐसे ही धार्मिक स्थलों में शुमार है अल्मोड़ा का जागेश्वर धाम। देवदार के घने जंगलों और प्रकृति की शांत सुरम्य वादी में स्थित में यह धाम जहां मन को सुकून देता है। वहीं मन से मन्नत मांगने वाले हर व्यक्ति की इच्छा भी यहां पूरी होती है। भगवान शिव की तपोस्थली रहा यह धाम भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग में से एक है। शिवरात्रि के दिन यहां भगवान शिव की महापूजा का आयोजन किया जाता है। जबकि स्थानीय बाजार में भव्य मेले का आयोजन भी होता है।

देवदार के घने जंगलों के बीच स्थित विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम।

जागेश्वर धाम उत्तर भारत के प्रमुख शिव मंदिरों में एक है। मान्यता है कि यहां भगवान शिव जागृत रूप में विद्यमान हैं। अल्मोड़ा से 38 किमी दूर देवदार के घने जंगलों के बीच यह धाम प्राचीन कैलाश मानसरोवर मार्ग पर स्थित है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव जागेश्वर के निकट दंडेश्वर मंदिर में तपस्या में लीन थे। इसी बीच सप्तऋषियों की पत्नियां वहां पहुंच गई और भगवान शिव के दिगंबर रूप पर मोहित होकर वहीं मूर्छित हो गईं। सप्तऋषि उनकी खोज में यहां पहुंचे तो उन्होंने भगवान शिव को पहचाने बगैर उन्हें लिंग पतन का श्राप दे दिया, जिससे पूरे ब्रह्मांड में उथल-पुथल मच गई। बाद में सभी देवताओं ने भगवान शिव को किसी तरह मनाया और जागेश्वर धाम में उनके लिंग की स्थापना की गई।

इटली से लाई लाइटों से जगमगा रहा धाम: जागेश्वर धाम के मानस खंड मंदिर योजना में आने के बाद अब यहां सौंदर्यीकरण के अनेक काम कराए जा रहे हैं। इन दिनों मंदिरों की भव्यता का बढ़ाने के लिए यहां इटली से मंगवाई गई लाइटों को स्थापित किया जा रहा है। जिनके प्रकाश में रात्रि के समय जागेश्वर धाम मंदिर का नजारा अत्यंत मोहक लग रहा है। महाशिवरात्रि पर पूजा के लिए देश-विदेश से पहुंचे कई श्रद्धालु इन दिनों धाम की इस भव्यता का भी अलौकिक आनंद उठा रहे हैं।

संतान के लिए अखंड व्रत रखती हैं महिलाएं

जागेश्वर धाम में कड़ी तपस्या करने मात्र से ही निसंतान महिलाओं को संतान की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि निसंतान महिलाओं को यहां की जाने वाली तपस्या का फल जरूर मिलता है। भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने वाली महिलाओं को शिवरात्रि के दिन उपवास रखना पड़ता है। जिसके बाद ब्रह्मकुंड में स्नान और शाम की पूजा के बाद हाथ में गोबर और उसके ऊपर दीया रखकर रातभर खड़े रहकर भगवान भोले की आराधना करनी पड़ती है। अगले दिन सुबह पूजा-अर्चना के बाद पुजारी हाथ से दीए को उतारते हैं। जिसके बाद पुन: ब्रह्मकुंड में स्नान के बाद मंदिर में साठी के चावल से शिवलिंग बनाकर शिव की पूजा करनी पड़ती है। इस प्रक्रिया में महिलाओं को दिए में एक सुपारी, स्वर्ण प्रतिमा व पिछौड़े में नारियल बांधना होता है। माना जाता है कि इस तरह पूजा-अर्चना करने के एक साल बाद महिलाओं को संतान की प्राप्ति हो जाती है।

मंदिर में स्थापित शिवलिंग।

सार-संक्षेप

एफएसटी व वीएसटी टीमों को दिया प्रशिक्षण

अल्मोड़ा : लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को जिला सभागार में व्यय अनुवीक्षण टीमों के लिए नामित कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें एफएसटी तथा वीएसटी टीमों को उनके कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनरों ने एफएसटी एवं वीएसटी टीमों के गठन संबंधी प्रावधान बताए तथा निर्वाचन के दौरान संवेदनशीलता के साथ कार्यों को संपादित करने के बारे में बताया। ट्रेनर कोषाधिकारी जगत मोहन जोशी ने बताया कि सभी टीमों को निष्पक्ष होकर उम्मीदवारों के किए खर्च की रिपोर्ट संबंधितों को प्रेषित करनी है। वर्तमान निर्वाचन प्रक्रिया में एफएसटी एवं वीएसटी टीमों की भूमिका बढ़ गई है। इसलिए सभी संवेदनशील होकर कार्य करें। कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन में प्रयोग होने वाली सामग्री एवं उपकरणों की रेट लिस्ट जारी कर दी है।

जिला अस्पताल का जन औषधि केंद्र बंद

बागेश्वर : जिले के सरकारी अस्पतालों में जन औषधि केंद्र अव्यवस्थित रूप से चल रहे हैं। कहीं दवाओं का अभाव है तो कहीं महंगे दामों में दवा बिक रही है। सबसे हैरानी की बात है कि जिला अस्पताल का जन औषधि केंद्र पिछले कई दिनों से बंद पड़ा है। जिस कारण अस्पताल में आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देवेश चौहान ने डीएम को पत्र भेजा है। उन्होंने केंद्र के नियमानुसार न चलने पर चिंता जताते हुए कहा कि विभाग इन्हें नियमित रूप से संचालित करने के लिए गंभीर है।

कर्मियों को नियमित करने की मांग

टनकपुर : उत्तराखंड परिवहन निगम में कार्यरत संविदा व विशेष श्रेणी कर्मचारियों ने नियमित करने की मांग उठाई है। गुरुवार को कर्मचारियों ने टनकपुर स्थित सीएम कैंप कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा। उत्तराखंड रोडवेज संविदा विशेष श्रेणी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चंद्र भट्ट ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से मांगों के लिए आंदोलित हैं, लेकिन अभी तक किसी ने उनकी सुध नहीं ली है। ज्ञापन भेजने वालों में सतीश उप्रेती, राकेश गुप्ता, कुणाल प्रजापति, सुंदर राम, अभिलाष सिंह, नसीम खान, रमेश कुमार दिशु शामिल रहे।

हिमालया हाउस में बिक्री को उपलब्ध रहेंगे स्थानीय उत्पाद

बागेश्वर : जनपद में हाउस ऑफ हिमालया की स्थापना की कार्रवाई शुरू हो गई है। इसकी स्थापना से स्थानीय उत्पादों समेत जनपद के प्रमुख ताम्र उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। सीडीओ आरसी तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत प्रदेश सरकार के निर्देश पर जनपद में हाउस ऑफ हिमालया की स्थापना की जा रही है। जिसके तहत किवी उत्पाद, जैम, किवी समेत लाल चावल व अन्य ग्रामीण उत्पाद की बिक्री की जाएगी। साथ ही ताम्र गिलाश, कलश, पूजा सामग्री व अन्य ताम्र से बने घरेलू उत्पादों की उचित मूल्य पर बिक्री की जाएगी। हिमालया हाउस में इसकी बिक्री होने से जहां जनता को आसानी से उचित कीमत में यह सामग्री उपलब्ध होगी। वहीं ताम्र उद्योग को इससे बढ़ावा मिलेगा।

पांचों लोकसभा सीटों पर होगा कांग्रेस का कब्जा: प्रदीप

बागेश्वर : जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने कहा कि प्रदेश में इस बार पांचों सीटों पर भाजपा को पराजय का मुंह देखना पड़ेगा और देश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। टम्टा ने कहा कि जनता भाजपा के झूठ से तंग आ चुकी है। प्रदेश सरकार भी जन अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाई है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर कार्य कर जनता को भाजपा की जन विरोधी नीतियों और कांग्रेस की विकास परक सोच से अवगत कराने की बात कही। संसदीय क्षेत्र समन्वयक जीत राम ने कहा कि जनता भाजपा से तंग आ चुकी है। इस दौरान जिलाध्यक्ष भगत सिंह डसीला, कवि जोशी, बसंत नाथ, रमेश राम, सुंदर लाल, गोकुल परिहार, राहुल कुमार, दीपक गड़िया, चामू सिंह देवली, राजेंद्र टंगणियां मौजूद रहे।

एक नजर

निष्पक्ष -निर्भीक मतदान के लिए किया फ्लैग मार्च

अल्मोड़ा : आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। मतदाता निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान कर सकें इसके लिए सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्थाएं कर मतदाताओं को आश्वस्त किया जा रहा है। गुरुवार को पुलिस और एसएसबी के जवानों ने जिले के दन्या क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। अधिकारियों ने कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य जनमानस को चुनाव के दौरान भय मुक्त और निष्पक्ष मतदान के लिए उन्हें प्रेरित करना है। चुनाव में किसी प्रकार की अराजकता और उपद्रव फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस और एसएसबी के जवानों ने दन्या से आरतोला, जागेश्वर, पनुवानौला आदि क्षेत्रों में मतदान के लिए प्रेरित भी किया।

भंडारे का आयोजन

बागेश्वर : महाशिवरात्रि के अवसर पर अग्निशमन केंद्र बागेश्वर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। महाशिवरात्रि के पूर्व दिवस पर अग्निशमन केंद्र में सुबह हवन यज्ञ हुआ। इसके बाद भगवान शिव की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान अग्निशमन अधिकारी गोपाल रावत, कीर्ति बिष्ट, गीता राना, दिव्या बिष्ट, केदार राणा आदि मौजूद रहे।

स्वदेश दर्शन योजना से चंपावत चाय बागान को मिलेगी अंतर्राष्ट्रीय पहचान

प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल किया चाय बागान में 11.21 करोड़ के कार्यों का शुभारंभ

संवाददाता, टनकपुर/चंपावत

अमृत विचार : चंपावत को मॉडल जिला बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर काम कर रही है। स्वदेश दर्शन के तहत होने वाले निर्माण कार्यों के शिलान्यास से यहां पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह बात केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने चंपावत के सिलिंगटाक स्थित चाय बागान में शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान कही।

कार्यक्रम से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चाय बागान में करीब 11.21 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले कार्यों का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर अजय भट्ट ने कहा कि स्वदेश दर्शन योजना से चाय बागान को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलेगी। चंपावत में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने 70 करोड़ रुपये अनुमोदित किए गए हैं।

चाय बागान में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट व प्रभारी मंत्री रेखा आर्या। ● अमृत विचार

जिले की प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार हर वर्ग के लोगों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। इससे पूर्व बोर्ड परीक्षा व कला, साहित्य, खेल के क्षेत्र में अव्वल रहने वाले 12-12 छात्र-छात्राओं दो-दो हजार रुपये के चेक दिए गए। अमोड़ी डिग्री कॉलेज, राउमावि पल्सों, जीजीआईसी टनकपुर, महात्मा गांधी प्रावि टनकपुर को पंजीकरण बढ़ाने के लिए 15-15 हजार की धनराशि दी गई। इसके अलावा तमाम विभागों की 55 महिलाओं को बेहतर कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र दिया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख रेखा देवी, विनीता फर्त्याल, सुमन लता, मोनिका बोहरा, पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल, श्याम नारायण पांडेय, डीएम नवनीत पांडेय, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा, पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

देवदार के पेड़ों की रक्षा का लिया संकल्प

अल्मोड़ा, अमृत विचार : जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता निर्मल रावत ने जागेश्वर में देवदार के पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि जागेश्वर धाम में स्थित दारुक वन में रोड चौड़ीकरण के नाम पर सरकार और लोनिवि ने देवदार के पेड़ों को काटने की योजना बनाई थी, जिस पर फिलहाल रोक लगी है। कहा कि देवदार के पेड़ जागेश्वर धाम की पहचान है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ देवदार के पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांधकर असंवेदनशील सरकार और विभागीय कार्यवाही से उनकी रक्षा का संकल्प लिया। इस मौके पर यूथ कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष ललित सिंह सतवाल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कांग्रेसियों ने धरना देकर माल रोड किया जाम

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जाखनदेवी से धार की तूनी और धार की तूनी से सांई मंदिर तक सड़क की खस्ताहालत से गुरुवार को कांग्रेसी भड़क उठे। मुख्य माल रोड जाम कर शिखर तिराहे पर धरना दिया। उन्होंने कहा कि पेयजल निगम की उदासीनता के कारण लंबे समय बाद भी सड़क की हालत में सुधार नहीं हो पाया है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। काफी हंगामे के बाद विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और सात दिन में काम पूरा करने का लिखित आश्वासन दिया। जिसके बाद कांग्रेसियों ने धरना समाप्त किया।

विधायक मनोज तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने माल रोड पर धरना दिया। जिस कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। धरने को संबोधित करते हुए विधायक तिवारी ने कहा कि वह स्वयं अधिकारियों से कई बार सड़क की खस्ताहालत को ठीक करने की वार्ता कर चुके हैं, लेकिन अधिकारी जनता की समस्या को दूर करने के लिए जरा भी गंभीर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जाखन देवी मार्ग पर विभाग की लापरवाही के चलते पूर्व में हुए हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई। जबकि आये दिन दोपहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। करीब ढ़ाई घंटे तक चले हंगामे के बाद एसडीएम सदर और संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। बाद में पेयजल निगम के अधिकारियों ने सात दिनों में कार्य पूरा करने का लिखित आश्वासन दिया। जिसके बाद धरना समाप्त हुआ। धरने में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, प्रकाश चंद्र जोशी, दीपक कुमार, महेश आर्या, दानिश खान, तारू तिवारी, प्रत्येश पांडे, अख्तर हुसैन, विनोद वैष्णव, सचिन आर्या, रॉबिन भंडारी, राजेंद्र बाराकोटी, गीता मेहरा, शोभा जोशी आदि मौजूद रहे।

अल्मोड़ा के शिखर तिराहे पर धरने पर बैठे कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

आंगनबाड़ी वर्कर्स ने दी आंदोलन की चेतावनी

अल्मोड़ा, अमृत विचार : मानदेय बढ़ाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी वर्कर्स का गांधी पार्क में धरना-प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुई तो वह उग्र आंदोलन शुरू कर देंगी।

वर्कर्स ने कहा कि वह लंबे समय से न्यूनतम वेतनमान 18 हजार करने, वरिष्ठता के आधार पर मानदेय वृद्धि करने, सेवानिवृत्ति के बाद पांच लाख रुपये देने की मांग कर रही हैं। लेकिन सरकार उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने मांगों पर कार्रवाई नहीं की तो वह लोकसभा चुनाव के किसी कार्य में भी सहयोग नहीं करेंगी। धरने में सुनीता तिवारी, किरन जोशी, उमा अधिकारी, लक्ष्मी रौतेला, कमला लटवाल, हेमा आर्या मौजूद रहीं।

वर्ग पहेली-3

बाएं से दाएं

2.1. कटहल का वृक्ष 2. उक्त वृक्ष का फल 3. कांटा 4. एक प्रकार का सांप 5. विभीषण का एक मंत्री 6. राम की सेना का एक बंदर।

4. एक ही पेशे से जुड़ा हुआ, सहव्यवसायी।

6.1. हुक्के में तंबाकू का धुआं खींचने के लिए लगी हुई नरकट की नलियां 2. बहुत ही दुबला-पतला व्यक्ति।

7.1. प्रेमी, प्रेमासक्त 2. रूमानी।

8.1. पानी के अंदर होने वाली एक प्रकार की घास 2. शैवाल।

10.1. साफ़-सुथरा, व्यवस्थित 2. ठीक, अच्छा।

ऊपर से नीचे

1.1. शाकंभरी लवण, पांशु लवण 2. ज्योतिष सिद्धांत का एक भेद।

3. टेलीविज़न या रेडियो पर प्रसारण के लिए समाचार पढ़ने वाला व्यक्ति, उद्घोषक, (न्यूज़रीडर)।

5.1. भव्य 2. उत्तम, बढ़िया 3. ऐश्वर्यवाला 4. तड़क-भड़कवाला 5. प्रशंसनीय।

7.1. तालाब

9. कटी हुई फ़सल से अनाज के दानें अलग करने के लिए बैलों से रौंदवाना, दंवरी।



वर्ग पहेली - 2 का हल

1 म	लि	क		2 उ	जा	डू
ठि				ता		
या		3 नि		4 व	रू	थ
	5 दी	पा	व	ली		
6 आ	न	न				7 स
	दा				8 बै	ट
9 सु	र	ब	हा	र		ना

सुडोकू -82

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			4		9	5		
5								2
	6		5		1		3	
	3			5		4		7
	1						9	
7		8		3			5	
	5	2	3		8			
3					5			8
		4	7		6			

सुडोकू - 81 का हल

2	6	7	8	3	1	4	9	5
5	3	8	4	7	9	2	6	1
9	1	4	2	5	6	3	8	7
3	9	5	1	8	2	6	7	4
4	2	1	6	9	7	5	3	8
8	7	6	3	4	5	1	2	9
6	8	2	7	1	4	9	5	3
1	5	3	9	6	8	7	4	2
7	4	9	5	2	3	8	1	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 21.57 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 10.41 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

मेष
आज व्यापारी वर्ग को अतिरिक्त मेहनत करनी होगी। सत्यनिष्ठा और धैर्यपूर्वक दिन बिताने की सलाह दी जाती है। बॉस के साथ मजबूत संबंध स्थापित होंगे। बकाया धन आज वापस मिल सकता है। घर का माहौल भी सामान्य ही रहेगा।

वृष
आज किसी सामाजिक संस्था से भी जुड़ सकते हैं। विद्यार्थी किसी नए कोर्स के प्रति आकर्षित रहेंगे। भविष्य को लेकर योजनायें बनायेंगे। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। तीर्थ यात्रा के विषय में कुछ योजना बना सकते हैं।

मिथुन
आज यदि बहुत आवश्यक न हो तो यात्राओं से आपको बचना चाहिए। घर के लोगों के साथ बहस हो सकती है। अपरिचित लोगों पर भरोसा न करें। विचारों की उधेड़बुन में दिन बीतेगा। भोग-विलास में धन का अपव्यय हो सकता है।

कर्क
आज जीवनसाथी के साथ काफी अच्छा समय बितायेंगे। कारोबार में अनुमान से अधिक अच्छी सफलता मिलेगी। व्यवस्थित और अनुशासित जीवनशैली का अनुसरण करेंगे। पूर्व में की गयी आपकी मेहनत आज रंग लायेगी। कार्यक्षेत्र में तरक्की मिलेगी।

सिंह
आज कार्यक्षेत्र में स्थिति थोड़ी चिंताजनक हो सकती है। खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। जल्दबाजी में काम बिगड़ सकते हैं।प्रतिद्वन्दियों के साथ विवाद हो सकता है। नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं में राहत मिलेगी।

कन्या
आज आपके कार्यक्षेत्र में अचानक से आपकी स्थिति में बढ़ोत्तरी होगी। संतान को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। मनोरञ्जन में धन खर्च होगा। परिवार में किसी सदस्य को लेकर चिन्ता रहेगी। प्रेम-संबंधों में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

तुला
आज कार्यक्षेत्र में काफी संघर्ष करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र का शेड्यूल अचानक बदल सकता है। आपको भी अपने रूटीन में बदलाव करना पड़ेगा। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। काम में मन न लगने के बावजूद काम करना पड़ेगा।

वृश्चिक
आज नए क्रियेटिव आइडियाज से काम आसानी से पूरा कर लेंगे। यात्राओं का भरपूर आनंद उठायेंगे। आपके व्यक्तित्व में सन्तुलन रहेगा। लोग आपके उदार और विनम्र व्यवहार की काफी प्रशन्सा करेंगे। समस्त इच्छाओं की पूर्ति होगी।

धनु
आज मन में किसी विषय विशेष के गूढ़ ज्ञान के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न होगी। भोजन की शुद्धता का ध्यान रखना आज जरूरी होगा। लघु उद्योगों से जुड़े लोगों को आज अचानक लाभ प्राप्त हो सकता है। काम उचित समय पर पूरे नहीं होंगे।

मकर
आज प्रोजेक्ट्स की शुरुआत हो सकती है। व्यवसाय में साझेदारों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे। एक साथ अनेक कार्य करने की कोशिश न करें। दांपत्य जीवन में आपसी समझ और समर्पण बढ़ेगा। नई संपत्ति या घर लेने के विषय में विचार हो सकता है।

कुंभ
आज मन में नकारात्मक चिन्तन उत्पन्न होगा। घुटनों में तकलीफ बढ़ सकती है। विरोधी आपके विरुद्ध दुष्प्रचार कर सकते हैं। अपने संकल्प और विचारों को लेकर शंका उत्पन्न होगी। नींद में कमी के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है।

मीन
आज मित्रों से उत्साहवर्धक समाचार प्राप्त होंगे। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। शेयर मार्केट और लॉटरी आदि से फायदा मिल सकता है। चुनौतियों का अच्छी तरह से सामना करेंगे। धर्म-कर्म में आप विशेष रुचि लेने वाले हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
गुलाब गैंग
सुबह : 12.00
एक और एक ग्यारह
शाम : 06.00

SONY MAX
मैडम गीता रानी
सुबह : 11.20
हिचकी
शाम : 06.59

SONY PIX
वेनम
सुबह : 12.29
डोंट ब्रेथ
रात : 07.37

ZEE CINEMA
रश्मी रॉकेट (2021)
सुबह : 10.30
सीक्रेट सुपरस्टार
रात : 07.00

colors CINEPLEX
कल हो न हो
सुबह : 09.29
जब बी मेट
शाम : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर शाम 06.59 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गप्पू ने राह चलती एक लड़की को आंख मार दी...
लड़की बोली- ओए, ये क्या कर रहा है, मैं तुझे कोई ऐसी-वैसी लड़की दिख रही हूं?
गप्पू- आपकी बात बिल्कुल ठीक है मैडम, लेकिन चेक करना तो हमारा फर्ज बनता है न।

संजू और बंटी दोनों भाई एक ही क्लास में पढ़ते थे...
टीचर- तुम दोनों ने अपने पापा का नाम अलग-अलग क्यों लिखा?
संजू- मैडम फिर आप कहोगे नकल मारी है, इसलिए।

उत्तराखंड के विकास में महिलाओं की बड़ी भूमिका: धामी

मुख्यमंत्री ने देहरादून में 'नारी शक्ति महोत्सव' में किया प्रतिभाग, 1000 करोड़ से ज्यादा की योजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को देहरादून के बन्नू मैदान में आयोजित नारी शक्ति महोत्सव में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने 1055.57 करोड़ रुपये की कुल 600 योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इनमें 617.05 करोड़ की 270 योजनाओं का लोकार्पण एवं 438.52 करोड़ की 330 योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री ने सिलाई-कढ़ाई का प्रदर्शन कर रही महिलाओं के बीच जाकर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की शुरुआत में कन्या पूजन से की। इसके बाद उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में स्थान बनाने वाली महिलाओं की भी हौसला अफजाई भी की। मुख्यमंत्री धामी ने कार्यक्रम में पहुंचीं माताओं-बहनों का वंदन करते हुए कहा कि आज इस कार्यक्रम के माध्यम से द्रोणनगरी के विकास के लिए एक हजार करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया गया है। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं देहरादून ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य निर्माण से लेकर विकसित उत्तराखंड के स्वप्न को साकार करने में मातृशक्ति का महत्वपूर्ण योगदान है। उत्तराखंड में महिलाओं की वीरता, साहस, शौर्य और संघर्ष के रूप में तीलू रौतेली, राजमाता कर्णावती, विशनी देवी शाह आदि को याद किया जाता है और हमारी सरकार "सशक्त नारी - समृद्ध नारी" की संकल्पना को आगे बढ़ाते हुए महिलाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं। चाहे घर हो या युद्ध का मैदान, राजनीति हो या सिनेमा, वैज्ञानिक क्षेत्र हो या कृषि और शिक्षा का क्षेत्र महिलाओं ने हर जगह अपने आपको साबित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश के दुर्गम गांव-गांव में महिलाएं सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाकर कुटीर उद्योगों के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्वकाल में आज देशभर में करीब 23 करोड़ महिलाओं को जन धन खातों के जरिए बैंकों से जोड़ा जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण का संपूर्ण लाभ देने के लिए जिस तेज गति से काम किया, उससे हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को समझ सकते हैं। सीएम ने तहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने 140 करोड़ देशवासियों को एक परिवार की तरह हर योजना का लाभ दिया। देश की 140 करोड़ जनता मोदी जी का परिवार है। आप सभी माताएं-बहनें मोदी का परिवार हैं। उत्तर से लेकर दक्षिण तक हर व्यक्ति पीएम मोदी का परिवार है।आज देश के हर गरीब व्यक्ति को पता है कि मोदी की गारंटी पर विश्वास किया जा सकता है।

कहा कि हमारा लक्ष्य उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना है और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें आपका आशीर्वाद और समर्थन चाहिए। इस अवसर पर टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने कहा कि केंद्र एवं राज्य की सरकार आज महिलाओं के हित में दिन रात काम कर रही हैं। इस मौके पर राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल, विधायक खजान दास, उमेश शर्मा काऊ, सहदेव सिंह पुंडीर, सविता कपूर, बृज भूषण गैरोला, भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय आदि उपस्थित रहे।

देहरादून में 'नारी शक्ति महोत्सव' के तहत आयोजित रोड शो में लोगों का अभिवादन करते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

गुरुवार को नारी शक्ति महोत्सव के मौके पर कन्या पूजन करते सीएम धामी।

रोड शो में मुख्यमंत्री का पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत

देहरादून, अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को 'नारी शक्ति महोत्सव' के अंतर्गत देहरादून के त्यागी रोड से लेकर बन्नू स्कूल मैदान तक आयोजित भव्य रोड शो में भाग लिया। इस दौरान हजारों की संख्या में उपस्थित महिलाओं व क्षेत्रीय जनता ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री क्षेत्रीय जनता द्वारा किए स्वागत से अभिभूत नजर आए। मुख्यमंत्री ने भी लोगों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, विधायक खजान दास, उमेश शर्मा काऊ, सहदेव सिंह पुंडीर, सविता कपूर, बृज भूषण गैरोला, भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

तीर्थ पुरोहितों व पुजारियों ने सीएम को सौंपा अभिनंदन पत्र

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुरुवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड चार धाम तीर्थ पुरोहित महा पंचायत के सदस्यों ने भेंट की। इस अवसर पर समस्त तीर्थ पुरोहितों एवं पुजारियों ने उत्तराखंड राज्य में यूनिफॉर्म सिविल कोड विधेयक पारित किए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया एवं उन्हें अभिनंदन पत्र भेंट किया। तीर्थ पुरोहितों व पुजारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने समान नागरिक संहिता विधेयक पास कर ऐतिहासिक कार्य किया है। इससे देश में उत्तराखण्ड राज्य का सम्मान बढ़ा है। इस अवसर पर अध्यक्ष उत्तराखण्ड चार धाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत सुरेश समेवाल, उपाध्यक्ष संतोष त्रिवेदी, पुरुषोतम उनियाल, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

पुलिस टीम ने 5 विकेट से जीता मैत्री मैच

बनबसा : युवाओं को नशे से दूर रखने व खेल के प्रति जागरूक को लेकर पुलिस व बनबसा टीम के बीच मैत्री मैच खेला गया। जिसमें बनबसा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 100 रन बनाए। जवाब में पुलिस टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर मैच जीत लिया। टीम से धीरेंद्र ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। मुख्य अतिथि हेमा जोशी व सीओ शिवराज सिंह राणा ने मैच का शुभारंभ किया। यहां सीएम कैंप प्रभारी राजपाल चौहान, ईओ दीपक चंद्र बुढ़ाकोटी आदि रहे।

दिनदहाड़े घर से आभूषण चोरी, जांच शुरू

रानीखेत : नगर के गांधी चौक स्थित एक घर में दिनदहाड़े चोरी की वारदात हो गई। गृह स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर आभूषण चोरी की बात कही है। जानकारी के अनुसार मनोज अग्रवाल ने तहरीर में कहा है कि बीते दिन उसके घर में लॉकर से आभूषण चोरी हो गए। उस समय उनकी पत्नी किसी महिला के बुलाने पर बैंक गई थी। घर में सिर्फ काम करने वाली महिला थी। जब पत्नी बैंक से लौटी तो देखा की लॉकर खाली पड़ा था। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

पुलिस ने चरस के साथ एक तस्कर दबोचा

अल्मोड़ा : लमगड़ा थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को 1.181 किग्रा चरस के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत के नेतृत्व में पुलिस टीम गंगानगर कॉलेज के पास चेकिंग अभियान चला रही थी तभी कॉलेज से डेढ़ सौ मीटर पहले अभियुक्त राकेश तिवारी (37) पुत्र महेश चंद्र तिवारी निवासी ग्राम जलना मुक्तेश्वर को संदिग्ध प्रतीत होने पर रोका। तलाशी लेने पर उसके पास से 1.181 किग्रा चरस बरामद हुई। अभियुक्त ने बताया कि उसने चरस अपने गांव में ही बनाई है और उसे महंगे दामों में बेचने के लिए हल्द्वानी ले जा रहा था। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम की सफलता पर एसएसपी ने पांच हजार का ईनाम देने की घोषणा की है।

पीएम मोदी का 10 साल का कार्यकाल रहा स्वर्णिम

टनकपुर : भाजपा युवा मोर्चा ने एपीजे अब्दुल कलाम बीटेक कॉलेज में युवा चौपाल का आयोजन किया। मुख्य वक्ता भाजयुमो जिलाध्यक्ष एडवोकेट गौरव पांडेय ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री मोदी का 10 वर्ष का कार्यकाल स्वर्णिम रहा है। युवा वर्ग आज हर क्षेत्र में नाम रोशन करने को आतुर है। केन्द्र सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग को लाभ दे रही है। उन्होंने कहा कि जनता का पीएम मोदी पर पूरा भरोसा है।

एनएचएम की योजनाओं का हर व्यक्ति को मिले लाभ

अल्मोड़ा : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद को मिले। इसके लिए अधिकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें। यह निर्देश राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। गुरुवार को सीएमओ कार्यालय में बैठक में सुरेश भट्ट ने जनपद में एनएचएम के तहत संचालित योजनाओं के भौतिक और वित्तीय कार्यों की समीक्षा की।

जंगलों को आग से बचाना सभी की जिम्मेदारी

अल्मोड़ा : वनों को आग से बचाने के लिए लोगों को जागरूक करने के साथ ही एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। तभी वन संपदा को बचाया जा सकेगा। हर व्यक्ति को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझकर इस कार्य में सहयोग करना चाहिए। यह बात सोमेश्वर वन प्रभाग के रेंजर मनोज कुमार लोहनी ने वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय टाना में वनाग्नि व मानव वन्य जीव संघर्ष पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों से वनाग्नि की घटनाओं में तेजी आ रही है। वन संपदा के नुकसान के साथ जंगलों में रहने वाले जानवरों के वास स्थल भी समाप्त हो रहे हैं। लोहनी ने कहा कि वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए वन पंचायतों को भी विभाग को पूरा सहयोग देना होगा।

394 वीडीओ को सौंपे नियुक्ति पत्र

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्य सेवक सदन में ग्राम विकास विभाग के अंतर्गत अधीनस्थ चयन सेवा आयोग के माध्यम से चयनित 394 ग्राम विकास अधिकारियों के पद पर नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में नवनियुक्त ग्राम विकास अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी कार्मिक अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन कर गांवों के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास पर ही देश का विकास निर्भर है। उन्होंने कहा कि गांवों तक बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की जिम्मेदारी सरकार की है पर गांवों में लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में आपकी बड़ी भूमिका है। विभिन्न योजनाओं में राज्य सरकार के तरफ से आने वाले फंड का पारदर्शी तरीके से सही जगह उपयोग हो, गांवों में अंतिम छोर पर रहने वाले व्यक्ति की मदद हो, उनको राज्य सरकार की सभी योजनाओं और नीतियों का लाभ मिले, इस दिशा में आपको काम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए समर्पित भाव से निरंतर प्रयासरत हैं। सएम ने कहा कि हमने अंत्योदय के सिद्धांत को अंगीकार करते हुए गांवों के विकास पर विशेष ध्यान दिया है। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने नवनियुक्त ग्राम विकास अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से करें।

मुख्यमंत्री ने दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पावन पर्व शिव एवं शक्ति की आराधना का पर्व है। समाज को प्रेम एवं सद्भाव का संदेश भी यह पर्व देता है। मुख्यमंत्री ने इस पावन पर्व पर प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं समृद्धि की भी कामना की है।

नैनीताल, पिथौरागढ़ समेत चार जिलों में संचालित होगा यूकेआईएचडीपी: रतूड़ी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार: मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में जेआईसीए के वित्तीय सहयोग से संचालित उत्तराखण्ड इंटीग्रेटेड हॉर्टीकल्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (यूकेआईएचडीपी) की स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में इस प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन हेतु ऑपरेशन मेन्युअल का अनुमोदन किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने निर्देश दिए कि इस प्रोजेक्ट के तहत स्थापित किये जा रहे दो सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस यथा यूरोपियन वेजिटेबल/ऑफ सीजन वेजिटेबल एवं कीवी क्रॉप, सेब व अखरोट उत्पादन तथा अन्य योजनाओं को हाउस ऑफ हिमालय, एनआरएलएम, लखपति दीदी योजना, महिला स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाए। मुख्य सचिव ने फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एफपीओ) में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु प्रभावी कार्ययोजना पर कार्य करने के निर्देश दिए। जाइका के वित्तीय सहयोग से संचालित 526 करोड़ रुपये के उत्तराखण्ड इंटीग्रेटेड हॉर्टीकल्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (यूकेआईएचडीपी) प्रदेश के नैनीताल, पिथौरागढ़, उत्तरकाशी तथा टिहरी जनपदों में संचालित किया जाएगा। इसके तहत चिह्नित फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा उत्पादन वृद्धि, सप्लाई चेन के विकास व प्रोजेक्ट मैनेजमेंट पर कार्य किया जाएगा। प्रोजेक्ट की अवधि वर्ष 2029-30 तक है।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी।

बैठक में सचिव आर मीनाक्षी सुन्दरम सहित कार्मिक व उद्यान विभाग के अधिकारी तथा वर्चुअल माध्यम से जाइका के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

चितई और सोमेश्वर में पकड़ा शराब का जखीरा

संवददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : अल्मोड़ा और सोमेश्वर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए तीन वाहनों से अवैध शराब का जखीरा बरामद किया है। साथ ही एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। जबकि दो तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

कोतवाली पुलिस, एसओजी और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने बल्ढोंटी बैंड के पास चेकिंग के दौरान चितई की ओर से आ रहे एक डंपर को रोका। तलाशी लेने पर डंपर से 160 पेटी अवैध देशी शराब बरामद हुई। पूछताछ में डंपर चालक राजेश राम निवासी गोलूछीना ने बताया वह शराब को रानीखेत से खरीदकर लाया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर डंपर को सीज कर दिया। पकड़ी गई शराब की कीमत साढ़े पांच लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। एसएसपी ने पुलिस टीम को पांच हजार का ईनाम देने की घोषणा की है।

इधर, सोमेश्वर थाना क्षेत्र में भी पुलिस ने दो वाहनों से अवैध शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह ने बताया कि बुधवार रात मुखबिर की सूचना पर उन्होंने टीम के साथ मनान क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। कुछ देर बाद गणानाथ मार्ग से दो कार आती दिखाई दी।

पुलिस को देख चालक वाहन छोड़ फरार हो गए। तलाशी लेने पर कारों से 26 पेटी अवैध शराब बरामद हुई।

बसोली में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीण महिलाएं। ● अमृत विचार

उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

अल्मोड़ा, अमृत विचार : लोक प्रबंध विकास संस्था ने बसोली में महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। वक्ताओं ने कहा कि आज महिलाएं तमाम क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने यह सिद्ध कर दिखाया है कि अवसर मिलने पर वह किसी से कम नहीं हैं। कार्यक्रम में दीपा भाकुनी, रेखा नगरकोटी तथा रेवती भंडारी को सम्मानित किया गया। वहीं संसाधन पंचायत बीना ने मंचित नाटक चेलि ढूंढो तथा ड्युटियाल गांव से मंचित मालु नी काटा नाटक से खूब वाह वाही लूटी। कार्यक्रम को बाल विकास विभाग से गीता बिष्ट, सेवा भारती की मंजू पांडे, पीआरपी दया जोशी, प्रधान संगठन ताकुला के अध्यक्ष वीरेंद्र बिष्ट, लोक प्रबंध विकास संस्था के संचालक ईश्वर जोशी, देव सिंह पिलख्वाल, किशोर तिवारी, चंदन सिंह बिष्ट, डूंगर सिंह, आशा भाकुनी, अंजू मेहता आदि ने संबोधित किया। अध्यक्षता क्षेत्रीय संसाधन पंचायत की अध्यक्ष चंपा मेहता व संचालन दीप्ति भोजक एवं प्रीति जाटव ने किया।

उत्तर प्रदेश

कांवड़िए पर फेंका पत्थर, जमकर हुआ हंगामा, पहुंचे पुलिस अफसर

संवाददाता, संभल/असमोली

अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में जत्थे में शामिल कांवड़िए पर किसी ने पत्थर फेंक दिया। जिसे लेकर कांवड़िए भड़क गए और जमकर हंगामा किया। कांवड़िये उस घर की तरफ बढ़े जहां से पत्थर आया था। तभी एएसपी, सीओ समेत भारी पुलिस बल पहुंच गया। अधिकारियों ने किसी तरह कांवड़ियों को समझाया। कार्रवाई का आश्वासन दिया तो कांवड़िए शांत हुए और आगे बढ़े।

थाना क्षेत्र में संभल-जोया मार्ग पर गांव मदाला फतेहपुर से कांवड़ियों का जत्था निकल रहा था। कांवड़िये बम-बम भोले के जयकारों के साथ आगे बढ़ रहे थे। तभी किसी ने कांवड़िए पर पत्थर फेंक दिया। हालांकि कांवड़िया बच गया लेकिन जानकारी मिलने पर दूसरे कांवड़ियों ने हंगामा शुरू कर दिया। कांवड़ियों ने उस घर का रुख किया जिससे पत्थर आने की जानकारी हुई। जिससे मौके पर टकराव की स्थिति बन गई। इस बीच कांवड़ियों द्वारा हंगामा किए जाने की सूचना अधिकारियों को मिली तो हड़कंप मच गया। एएसपी श्रीश चंद्र, सीओ संतोष कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

अधिकारियों ने बात की तो कांवड़ियों ने पत्थर फेंकने के आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई। अधिकारी काफी देर तक कांवड़ियों को समझाते रहे लेकिन वह कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। अधिकारियों ने कांवड़ियों पर पत्थर फेंक जाने के मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। यह आश्वासन देकर बमुश्किल कांवड़ियों को शांत किया। जिसके बाद कांवड़िए गंतव्य की तरफ रवाना हुए।

आक्रोश

- एएसपी, सीओ भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और वार्ता की
- कार्रवाई का आश्वासन देकर कांवड़ियों को किया शांत

चीन मिल में किसान की चेन में गिरकर मौत

बिजनौर, अमृत विचार : चड्ढा चीन मिल में किसान की चेन में गिरकर मौत हो गई। किसान मिल में गन्ना लेकर आया था। इस दौरान घटना हो गयी। उसके परिजनों ने चेन में फंसे कपड़ों से पहचान की। सूचना मिलते ही किसान मिल पहुंच गए और हंगामा करने लगे। किसान मिल प्रबंधन और अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं।

किसानों का कहना है कि मिल के जिम्मेदार अगर सजग होते तो किसान की जान बच सकती थी। चांदपुर हल्दौर मार्ग स्थित चीनी मिल में बुधवार की रात तुकमान उर्फ बबलू निवासी करनपुर गावड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से गन्ना लेकर आया था। चर्चा है कि गन्ना चेन में डालने के दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया, इस दौरान वह मशीन की चपेट में आ गया।

तंत्र-मंत्र के फेर में किसान ने गंवाई जान, तांत्रिक धरा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : तंत्र-मंत्र के चक्कर में फंसकर किसान ने अपनी जान गंवा दी। हत्या के 14 दिन बाद उसका शव क्षत-विक्षत अवस्था में गन्ने के खेत में मिला था। पुलिस ने कथित तांत्रिक को गिरफ्तार कर लिया है।

मामला बिलारी थाना क्षेत्र के गांव रुस्तमनगर खास का है। यहां के किसान रामवीर सिंह (52) की हत्या के आरोप में कथित तांत्रिक राजेश कश्यप को गिरफ्तार किया है। राजेश ने स्वीकारा है कि उसने गले में चाकू से वार कर उनकी हत्या की थी। एसपी ग्रामीण संदीप कुमार मीना ने बताया कि रामवीर सिंह 12 फरवरी को परिजनों से यह कहकर घर से निकले थे कि वह खेत जा रहे हैं। इसके बाद वह लौटे नहीं। उनके बेटे विपिन कुमार ने दूसरे दिन थाने पहुंचकर एक प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज कराई। घटना का खुलासा करते हुए एसपी ग्रामीण ने बताया कि पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच शुरू की। फुटेज में रामवीर सिंह साइकिल से अकेले सिहाली लद्दा, किनौवी की तरफ जाते दिखे। पुलिस को घटना के 14 दिन बाद 26 फरवरी को ग्रामीणों से किनौवी के जंगल में गन्ने के खेत में शव पड़ा होने की खबर लगी थी।

हवाई सेवा का काउंटडाउन शुरू, वर्षों का इंतजार खत्म

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मुरादाबाद के भदासना हवाई अड्डे से विमान सेवा का काउंटडाउन शुरू हो गया है। डेढ़ दशक का इंतजार पूरा हो रहा है। 10 मार्च को लखनऊ से आने वाले विमान से हवाई सेवा की शुरुआत होगी। अगले दिन से रुटीन उड़ान होगी।

मूंढापांडे स्थित भदासना हवाई अड्डा एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नियंत्रणाधीन है। यहां डेढ़ दशक से विमानों के उड़ान की कवायद चल रही है। दिसंबर में विमानों की उड़ान के लिए डीजीसीए से हरी झंडी मिलने के बाद विमान सेवा प्रदाता कंपनी का चयन किया गया। फ्लाई बिग कंपनी को विमान सेवा प्रदाता कंपनी के रूप में चयनित किया गया है। अन्य सुरक्षा व तकनीकी इंतजामों को पुख्ता करने के बाद विमानों के उड़ान की तैयारी को आखिरी रूप दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुरादाबाद सहित चार अन्य हवाई अड्डों से विमान सेवा को वर्चुअल रूप से उद्घाटन करेंगे। लखनऊ से 10 मार्च को विमान भदासना हवाई अड्डे तक आएगा। लखनऊ से यहां तक की दूरी मात्र 65 मिनट में तय होगी। एक हजार से अधिक लोगों को उद्घाटन कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है।

सार-संक्षेप

गुटखा-सिगरेट फेंकने पर पति ने महिला को पीटा

बरेली : प्रेमनगर थाना क्षेत्र में शील चौराहा पर महिला ने पति की जेब से गुटखा और सिगरेट निकालकर फेंक दिया। इससे नाराज पति ने महिला की सड़क पर ही पिटाई शुरू कर दी। महिला ने पुलिस ने शिकायत की तो काफी देर तक चौकी और थाने में ड्रामा चलता रहा, हालांकि बाद में पुलिस ने दोनों को समझौता कराकर वापस भेज दिया। रामनगर, उत्तराखंड निवासी काजल का विवाह माधोबाड़ी निवासी तरुण सिंह के साथ नवंबर 2023 में हुआ था। तरुण आए दिन शराब के नशे में उसकी पिटाई करता है। बुधवार को तरुण के ममेरे भाई यश की शादी थी। आरोप है कि बरात के दौरान काजल ने पति तरुण की जेब से सिगरेट, लाइटर और गुटखा निकालकर फेंक दिया और शराब पीने का विरोध किया। इस नाराज तरुण ने काजल की बाल पकड़कर बीच सड़क पर पिटाई शुरू कर दी। आरोप है कि देवर और सास ने भी उनकी पिटाई की। वह पुलिस चौकी पहुंची तो वहां भी ये लोग आ धमके। पड़ोस के नितिन वर्मा पीड़िता को बचाकर थाने ले गए। जहां पर बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

मां कर सकेंगी बेटे का अंतिम दीदार, एक दिन में बनाया पासपोर्ट

बरेली : क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ने कमला को एक दिन में पासपोर्ट बनाकर दिया है, ताकि वह कैलिफोर्निया में जाकर अपने बेटे के अंतिम दीदार कर सकें। कमला की बेटे की 24 फरवरी को कैलिफोर्निया में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कई दिन बीत जाने के बाद भी शव भारत नहीं आ सका तो कमला ने क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था। बिजनौर के बढ़ापुर गांव निवासी 29 वर्षीय राज सिंह उर्फ गोल्डी कैलिफोर्निया के सेल्वा स्थित एक गुरुद्वारे में रागी थे। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि शव भारत नहीं आ पाने की स्थिति में राज की मां कमला बेटे के अंतिम संस्कार को कैलिफोर्निया जाना चाहती थीं। इसलिए उन्होंने पासपोर्ट के लिए आवेदन किया।

क्षेत्र पंचायत सदस्य की गोली मारकर हत्या, सूखे तालाब में मिला शव

अमरोहा : गांव सोहरका में क्षेत्र पंचायत सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जिसका शव गांव के सूखे तालाब में पड़ा मिला। पुलिस ने शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके साक्ष्य जुटाए। मृतक के बेटे की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सोहरका का है। यहां के निवासी 40 वर्षीय सतपाल पुत्र खानचंद खड़गवंशी गांव के वार्ड 28 से क्षेत्र पंचायत सदस्य थे। वह बुधवार शाम घर से खेत जाने की बात कहकर निकले थे। काफी देर तक भी वह नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की। कुछ देर बाद खेत के पास सूखे तालाब में उनका लहूलुहान शव पड़ा मिला।

एक मामले में बहस पूरी, 16 मार्च को आ सकता है फैसला

रामपुर : डूंगरपुर के एक मामले में गुरुवार को अभियोजन और बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई। अब इस मामले में 16 मार्च को फैसला आ सकता है। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। डूंगरपुर में सपा शासन काल में वहां बने मकानों को गिरवाकर आसरा कॉलोनी बनवाई थी। प्रदेश में आई भाजपा सरकार में आजम खां के खिलाफ कई मामले दर्ज कराए थे। मकानों पर बुलडोजर चलवाने के मामले में आजम खां सहित कई लोगों को आरोपी बनाया था। आरोप है कि आजम खां के इशारे पर मकान गिराए गए थे। इस मामले में पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। एमपी-एमएएलए सेशन कोर्ट में गुरुवार को इस मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई। एडीजीसी कुमार सौरभ ने बताया कि डूंगरपुर के एक मामले में बहस पूरी हो गई है। इसमें निर्णय के लिए 16 मार्च नियत कर दी गई है।

बोर्ड परीक्षाफल खराब रहा तो वहां के बीईओ होंगे जिम्मेदार : सीडीओ

मुख्य विकास अधिकारी ने स्कूलों में शिक्षण के साथ व्यवस्थाएं सुधारने पर भी दिया जोर

▸▸ शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता बनाये रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष का बोर्ड परीक्षाफल संतोषजनक नहीं था इसलिए शिक्षा की गुणवत्ता अति आवश्यक हैं। इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारी अपने-अपने विकास खंडों के लिए उत्तरदायी होंगे।

गुरुवार को विकास भवन सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान सीडीओ ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी कार्यदायी संस्थाएं निर्माण कार्यों में तेजी लाएं और समयावधि में पूर्ण करें। उन्होंने जो कार्य प्रारंभ नहीं हुए है उन्हें तत्काल प्रारंभ किए जाएं नहीं तो जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बाउंड्री वाल, सोलर लाइट, वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था मनरेगा से कराए जाएं। सीडीओ ने इसकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य शिक्षा अधिकारी को दिए। इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हरेंद्र मिश्रा, कार्यदायी संस्थाओं के अभियंता समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते सीडीओ मनीष कुमार। ● अमृत विचार

खस्ताहाल शिक्षा के लिए प्रदेश सरकार जिम्मेदार : डॉ. उपाध्याय

रुद्रपुर : पूर्व दर्जा राज्यमंत्री एवं कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय ने प्रदेश की खस्ताहाल शिक्षा और बंद होते स्कूलों के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से प्रदेश के 640 सरकारी विद्यालय बंद हो चुके हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने शिक्षा को सार्वभौमिक करते हुए गांव-गांव में बेसिक और माध्यमिक विद्यालय खुलवाए। गुरुवार को पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डॉ. उपाध्याय ने कहा कि ग्रामीण परिवेश के गरीब बच्चों को शिक्षा के अधिकार के तहत शिक्षित करने का कार्य किया। लेकिन भाजपा सरकार सैंकड़ों विद्यालयों को बंद कराकर निजीकरण को बढ़ावा देते हुए इन विद्यालय भवनों में होम स्टे खोले जाने की तैयारी कर प्रदेश के बच्चों, युवाओं का भविष्य चौपट करने की साजिश रची जा रही है। पर्वतीय प्रदेश उत्तराखंड में ये सभी विद्यालय भवन सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे दुर्गम स्थलों पर पर्यटन के विकास की सरकार के पास कोई स्पष्ट योजना नहीं है।

प्रमाण पत्रों पर रिपोर्ट नहीं लगा रहे लेखपाल

▸▸ हरिद्वार व देहरादून जनपदों की तर्ज पर संग्रह अमीनों को कार्य सौंपने को कहा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : लेखपालों ने आय, जाति व स्थाई प्रमाणपत्रों के आवेदनों पर रिपोर्ट लगाने का कार्य बंद कर दिया है। उनका कहना है कि कार्य की अधिकता को देखते हुए प्रमाणपत्रों पर रिपोर्ट लगाने का कार्य हरिद्वार व देहरादून जनपदों की तर्ज पर संग्रह अमीनों को सौंपा जाए अथवा प्रत्येक लेखपाल को कंप्यूटर कार्य में दक्ष पीआरडी जवान उपलब्ध कराया जाए।

बता दें कि तहसीलों के लेखपाल लंबे समय से आय, जाति व स्थाई प्रमाणपत्रों के आवेदनों पर रिपोर्ट लगाने के कार्य का विरोध करते आ रहे हैं। वह पूर्व में भी इसके विरोध में लंबे समय तक आवेदनों पर रिपोर्ट लगाने के कार्य का विरोध करते रहे हैं। एसडीएम व तहसीलदार की आईडी पर प्रतिदिन 200 से अधिक आवेदन आते हैं। जिन पर लेखपालों को ऑनलाइन रिपोर्ट लगानी होती है। पिछले दिनों विजिलेंस टीम द्वारा एक लेखपाल और उसके निजी सहायक को आय प्रमाण पत्र के आवेदन पर रिपोर्ट लगाने के लिए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। तब से लेखपालों में खलबली है। उन्होंने कहा कि एक याचिका के आलोक में हाईकोर्ट के निर्देश पर हरिद्वार व देहरादून की तर्ज पर प्रमाण पत्रों के लिए आने वाले आवेदनों की जांच संग्रह अमीनों से कराई जाती है। उधमसिंह नगर में भी यह कार्य संग्रह अमीनो को सौंपा जाए।

शक्तिफार्म में महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

शक्तिफार्म। ग्रामसभा गोविंद नगर (पड़ागांव) में एक महिला ने फंदा लगाकर जान दे दी। गोविंद नगर निवासी संजना (21) पत्नी राहुल पंखे से लटक गई। परिजनों ने तुरंत संजना को पंखे से उतरकर उप चिकित्सालय सितारगंज में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुलिस को सूचित किए जाने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और नायब तहसीलदार बंदोबस्त जगमोहन त्रिपाठी ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। नानकमत्ता से पहुंचे संजना के मायके वालों ने बताया कि दो वर्ष पूर्व संजना का विवाह राहुल से हुआ था। एसएसआई हरविंदर कुमार ने बताया कि किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण साफ होगा।

सिटी कॉन्वेंट की लक्ष्मी को थर्ड ऑफिसर कमीशन रैंक

खटीमा। वायुसेना प्रशिक्षण ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी तांबरम, चेन्नई से 60 दिन का प्रशिक्षण और एनसीसी थर्ड ऑफिसर रैंक प्राप्त कर वापस लौटी एयर विंग एनसीसी की जूनियर विंग सीटीओ लक्ष्मी मेहता का सिटी कॉन्वेंट परिवार ने स्वागत किया। स्वागत करने वालों में प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान, उपप्रधानाचार्य कैलाश चंद्र पांडेय, एडमिन ऑफिसर राजेश जोशी, आर्मी सीनियर डिवीजन एएनओ लेफ्टिनेंट प्रकाश सिंह बिष्ट, नेवी सीनियर डिवीजन एएनओ सब लेफ्टिनेंट वंदना जोशी आर्मी थर्ड ऑफिसर नीता उपाध्याय शामिल रहे।

सीएम धामी ने कैंप कार्यालय पर सुनीं जनता की समस्याएं

खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लोहिया हेड पहुंचे। इस दौरान छेत्र के जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी उदयराज सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी लोहियाहेड स्थित कैंप कार्यालय में जनता से मिले और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने संबंधी आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। बाद में उन्होंने अधिकारियों के साथ विकास कार्यों पर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, भूमि अध्याप्त अधिकारी कौस्तुब मिश्रा, उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट, पुलिस उपाधीक्षक विमल कुमार, कोतवाल प्रकाश दानू, थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट आदि मौजूद थे।

अलग-अलग स्थानों से दो वारंटी गिरफ्तार

बाजपुर। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है जिसमें सुल्तानपुर पट्टी चौकी की पुलिस ने वारंटी मोहल्ला टांडा बंजारा सुल्तानपुर पट्टी निवासी हरदीप सिंह पुत्र विनोद कुमार को दबिश देकर गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। वहीं कोतवाली ने फरार वारंटी मोहल्ला पहाड़ी कालोनी निवासी गोपी उर्फ तारा सिंह पुत्र खुशहाल सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश है।

सार-संक्षेप

भारत बंद को लेकर बैठक करते एकम सनातन भारत दल के डॉ. आरके महाजन।

10 मिनट भारत बंद का किया समर्थन

काशीपुर। एकम सनातन भारत दल की ओर से एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सभी से 10 मार्च को 10 मिनट भारत बंद करने आह्वान किया है। रविवार को गंगे बाबा आश्रम में एकम सनातन भारत दल के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में कार्य कार्यकर्ताओं द्वारा शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के आह्वान पर क्षेत्र के हिन्दू समाज से आगामी 10 मार्च को 10 बजे सभी लोग 10 मिनट तक अपने-अपने व्यवसाय बंद रखने की अपील की। पार्टी के उपाध्यक्ष आरके. महाजन ने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाए और गौ हत्या पर कठोर कानून बनाया जाए। वहां वेद प्रकाश विद्यार्थी, बीना शर्मा, रमा शर्मा, आनंद कुमार, नारायण, नेमपाल सिंह, मनोज सिंह आदि उपस्थित रहे।

महिला शिक्षिकाओं को आत्मरक्षा और सुरक्षा के गुर सिखाए

बाजपुर। विकास भारती स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को ध्यान में रखते हुए पूर्व संध्या पर महिला सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक अधिकारी रामपुर मुन्ने अली द्वारा शिरकत की गई। इस दौरान डीआईओएस मुन्ने अली ने कार्यक्रम को संबोधित कर महिला सम्मान के साथ ही शिक्षा के कला-कौशल की चर्चा कर शिक्षकों को प्रेरित किया। कहा गया कि वास्तव में जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवता निवास करते हैं। नारी शक्ति के बिना जगत के सम्मान की कल्पना करना असंभव है। विद्यालय के चेयरमेन संसार सिंह ने अधिकारियों व अन्य अतिथियों का स्वागत सम्मान करने के साथ ही आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में महिला शिक्षिकाओं को आत्मरक्षा और सुरक्षा के गुर भी सिखाए गए। इससे शिक्षिकाएं अपनी और दूसरों की सुरक्षा-रक्षा कर सकेंगी, साथ ही अपने बच्चों को आत्मरक्षा के गुर सिखाकर प्रेरित कर सकेंगी। इस दौरान टग आफ वार, खो-खो सहित कई खेल प्रतियोगिताएं भी कराई गईं।

भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 13 मार्च को

काशीपुर। राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एमएससी प्रथम सेमेस्टर भौतिक विज्ञान के संस्थागत छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा 13 मार्च 2024 दिन बुधवार प्रात: 9.30 बजे से भौतिक विज्ञान विभाग में आयोजित की जाएगी। आंतरिक परीक्षक डॉ. महेंद्र जोशी ने बताया कि निर्धारित समय पर परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाला छात्र/छात्रा परिणाम के लिए स्वयं उत्तरदायी होगे।

यात्री शेड का उद्घाटन कर रोड शो किया

खटीमा। नैनीताल ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अजय भट्ट ने चकरपुर वनखंडी मंदिर से मुख्य चौक तक रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने चकरपुर के यात्री शेड का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पिछले पांच वर्ष की उपलब्धियां बनाते हुए कार्यकर्ताओं से भारतीय जनता पार्टी को भारी मतों से जीतने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में देश और प्रदेश में तेजी से विकास हो रहा है। जिसका लाभ हर वर्ग के लोगों को मिल रहा है। रोड शो में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष जीवन धानी, विक्रम भट्ट, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, भुवन भट्ट, गंभीर सिंह धामी, प्रकाश पांडे, अमित पांडे, संतोष अग्रवाल, नवीन बोरा, देवेंद्र चंद, किशन सिंह कन्ना, ईश्वर पांडे, राहुल चौहान, रमेश जोशी, आलोक तिवारी, कपिल सामंत आदि कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

किन्नर समाज ने की आराध्या देवी की आराधना

रुद्रपुर : किन्नर समाज की आराध्या देवी कटोरी देवी की आराधना के लिए यूपी-उत्तराखंड के किन्नर रंपुरा बस्ती स्थित मंदिर प्रांगण में एकत्र हुए और पूजा अर्चना व हवन यज्ञ कर देवी को प्रसन्न किया। इस दौरान किन्नर समाज ने सुख समृद्धि की कामना की। गुरुवार को गददी असीन गुरु सुनीता उर्फ पिंकी की मौजूदगी यूपी व सीमावर्ती इलाकों से आए किन्नर रंपुरा बस्ती स्थित कटोरी मं दिर में इकट्ठा हुए। जहां किन्नर समाज की आराध्या देवी मां कटो री की विधिविधान के साथ पूजा अर्चना हुई। इस दौरान समाज के लोगों ने सामूहिक ढंग से हवन यज्ञ किया और आहूति देकर देश-प्रदेश सहित समाज की खुशहाली की प्रार्थना की। इस मौके पर बॉबी, रेखा, हेमा, राखी, कशिश, दानिश, सीमा, बबीता, सीमा,पूजा, उर्मिला,शर्मिला आदि मौजूद रहे।

पंडित गोविंद बल्लभ पंत को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

खटीमा : भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत समिति द्वारा पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 63वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान संयोजक हरिश्चंद्र जोशी ने कहा कि पंत जी की सोच विकासोन्मुख थी।

पूर्व मंडी अध्यक्ष जगदीश चंद्र पांडे ने कहा कि तराई को आबाद करने में पंत जी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर झनकट सहकारी समिति के निवर्तमान अध्यक्ष हरप्रीत सिंह महल, निवर्तमान मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, भारत विकास परिषद अध्यक्ष अमित सक्सेना, हरीश शर्मा, बीएस मेहता, हरगोविंद कन्याल, दिनेश कश्यप, जीडी बगोली, प्रेम प्रकाश जोशी, डॉ. एचडी वर्मा आदि मौजूद थे।

कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार : आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सेविका मिनी कर्मचारी संगठन से जुड़ी महिलाओं का मानदेय बढ़ाने को लेकर 18 वें दिन भी कार्य बहिष्कार जारी रहा। कार्यकर्ताओं का कहना था कि अगर उनकी मांगों को नहीं माना गया तो महिला दिवस का भी बहिष्कार करेंगी।

गुरुवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की सेविका मिनी कर्मचारी संगठन की जिला अध्यक्ष मनप्रीत कौर के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती दर्जनों की संख्या में ब्लॉक पहुंची। जहां उन्होंने चार सूत्रीय मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार किया। उनका कहना था कि न्यूनतम मजदूरी को देखते हुए 600 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से 18000 रुपये प्रतिमाह उनको दिया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के रिटायरमेंट पर 2 लाख रुपये का प्रावधान रखा जाए जिससे वह अपनी बची हुई जिंदगी अच्छी तरह पर जी सकें। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को गोल्डन कार्ड जारी किए जाएं जिससे वह सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। मिनी आंगनबाड़ी उच्चीकरण का जिओ शीघ्र जारी किया जाए। संगठन की अध्यक्ष मनप्रीत कौर का कहना था कि अगर उनकी मांगों को माना नहीं गया महिला दिवस का भी बहिष्कार किया जाएगा। कार्य बहिष्कार करने वालों में जिला अध्यक्ष मनप्रीत कौर, हरजिंदर कौर, अनीता रानी, राधा रानी, प्रभा रानी, रीता, रजनी बत्रा, भूपेंद्र कौर, सुनीता रानी, नीलम रानी, शकुंतला, सविता सरकार, रीता मलिक, उषा राय, दीपाली, शाइस्ता, मधु, शिखा, विमला देवी, सावित्री आदि महिलाएं मौजूद थीं।

ब्लॉक में चार सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।

ई-रिक्शा चालक महिला को किया सम्मानित

हल्द्वानी : अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जय शारदा जन कल्याण समिति की ओर से गुरुवार को निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र सिंह रौतेला ने राज्य की पहली ई-रिक्शा चालक महिला रानी मैसी को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मंजू, सुनिता, कमलेश, पूजा, वीना समेत ई रिक्शा चालक महिलाएं मौजूद रहीं।

राज्य की पहली ई-रिक्शा चालक महिला को सम्मान पत्र देते निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र सिंह रौतेला। ● अमृत विचार

महिलाओं को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

हल्द्वानी : महिला दिवस पर गुरुवार को जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में ब्लू टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 139 रनों का लक्ष्य रखा जवाब मे यल्लो टीम ने 18 ओवर में 2 विकेट के नुक़सान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। महिलाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण नव्या पांडेय और वंशिका चौधरी ने दिया। इसी क्रम में सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रही 50 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष मीमांशा आर्या ने किया। इस मौके पर शैलेंद्र सिंह दानु, रक्षित बिष्ट, अक्षत पाठक, आरती पपोल, कमल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

जूनियर बालक-बालिका बॉक्सिंग का हुआ ट्रायल

हल्द्वानी : मिनी स्टेडियम में आयोजित सब जूनियर बालक-बालिका बॉक्सिंग का चयन ट्रायल गुरुवार को कराया गया जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से 92 बालक वर्ग में और 40 बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसमें चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। चयनित बालक वर्ग खिलाड़ियों में आदित्य मेहरा, अंश बिष्ट, प्रथम चंद्र, अकुंश बिष्ट, निखिल भंडारी, प्रज्जवल भंडारी, विशाल थापा, कार्तिक अधिकारी, ऋषभ, नैतिक, मनीष कोरंगा, ध्रुव सिंह, ओम, अखिल एवं यश कापड़ी को चुना गया वहीं बालिका वर्ग में दीपाली थापा, अदिति, याशिता, रिता, पिहू, खुशी चंद, तरूनांशी, रोशनी आर्या, भूमिका, अनुष्का और खुशी थापा को चुना गया। ये सभी चयनित खिलाड़ी नोयडा में होने वाले राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा प्रतिभाग करेंगे।

एमबीपीजी कॉलेज में हुआ संस्कृत संभाषण शिविर

हल्द्वानी : संस्कृत भारती संगठन ने एमबीपीजी कॉलेज में संस्कृत संभाषण शिविर लगाया। गुरुवार को संस्कृत विभाग के निर्देशन में हुए शिविर में डॉ. चंद्रप्रकाश उप्रेती ने विद्यार्थियों को विभिन्न वस्तुओं के संस्कृत में नाम बताते हुए उन्हें दैनिक जीवन में प्रचलित छोटे-छोटे वाक्यों को स्पष्ट करते हुए संस्कृत में लघु नाटक प्रस्तुत किया। इस मौके पर डॉ जगदीश पांडे, डॉ कमला पंत, डॉ दीपिका पांडे, भारती पांडे, दीक्षा, अनीता आदि मौजूद रहे।

बच्चों के विवाद में महिला को पीटकर घायल किया

दिनेशपुर। दो परिवारों के बच्चों में उपजे विवाद के चलते एक परिवार के सदस्यों ने दूसरे परिवार की एक महिला को पीट-पीट कर घायल कर दिया। महिला को जिला अस्पताल भेजा गया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने घायल महिला को सुशीला तिवारी हल्द्वानी रेफर कर दिया। गुरुवार को वार्ड-5 निवासी अशोक बैरागी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी पत्नी काकुली घर पर अकेली थी। पास में रहने वाले वार्ड- पाच निवासी गुड्डी के साथ वार्ड-तीन निवासी जयंती, अभिषेक, अनीता व महेंद्र ने घर में घुसकर बुरी तरह उसकी पत्नी को पीट-पीट कर घायल कर दिया। जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर पर मामला पंजीकृत किया है। थानाध्यक्ष अनिल जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

युवती से सगाई होने के बाद युवक ने तोड़ा रिश्ता

रामनगर। ग्राम पीरुमदारा क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा पुलिस को दी तहरीर में बताया गया कि उसने अपनी पुत्री की सगाई एक युवक के साथ की थी। आरोप है कि जिस युवक के साथ उसने अपनी पुत्री की सगाई की थी उसने पुत्री के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए तथा दहेज में मोटरसाइकिल की मांग की। बताया जाता है कि मांग पूरी न होने पर इस युवक ने सगाई होने के बाद शादी करने से इनकार कर दिया।

बताया जा रहा है कि 2 दिन पूर्व इस युवक ने किसी अन्य युवती के साथ शादी भी रचा ली है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि ऊधम सिंह नगर के खटीमा निवासी बूटा सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ब्लॉक प्रमुख ने किया गेस्ट हाउस का उद्घाटन

गेस्ट हाउस का उद्घाटन करते ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : भीमताल ब्लॉक के ग्राम पंचायत चनौती में 15 लाख की लागत से बने गेस्ट हाउस का मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने उद्घाटन कर ग्राम पंचायत को समर्पित किया। इस मौके पर मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि गेस्ट हाउस पंचायत को आत्मनिर्भर बनाने के साथ सशक्तीकरण की ओर बढ़ेगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान आरती भट्ट, हेमा आर्य, दिनेश चंद, कमल गोस्वामी, भुवन भट्ट, मंजू पलड़िया, बीना भट्ट, मधुली देवी, संगीता चंद, प्रदीप कुमार, संजय कुमार, नवीन क्वीरा आदि मौजूद रहे।

भवाली वालों को भीमताल से टैंकरों में मिलेगा पानी

भीमताल : भवाली नगर में पेयजल समस्या को देखते हुए जल संस्थान ने टैंकरों को भरने के लिए व्यवस्था बनाई है। जल संस्थान के सहायक अभियंता रवि डोभाल ने कहा कि वर्तमान में बारिश नहीं होने से भवाली के पांचों बोरिंग का पानी का स्तर कम हो गया है। इससे लोगों को टैंकरों के माध्यम से पानी देने में परेशानी हो रही है। नई व्यवस्था के तहत भीमताल पंप से टैंकरों को पानी देने की व्यवस्था बनाई गई है।

कहा कि नगर के वार्डों में कम पानी होने से एक समय मुश्किल से पानी दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिसको टैंकरों से पानी चाहिए वह भीमताल पंप से भरवा सकते हैं।

लक्ष्य से अधिक दीदियों को बनाया गया लखपति

▸▸ नैनीताल जनपद ने योजना में उपलब्धि हासिल की

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : नैनीताल जनपद ने लक्ष्य से अधिक लखपति दीदी योजना में उपलब्धि हासिल की है। सहायक परियोजना निदेशक चंदा फर्त्याल ने बताया कि शासन द्वारा नैनीताल जनपद को इस साल लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य चार हजार का था।

इसके सापेक्ष पांच हजार पांच सौ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लखपति बनाया गया है। बताया कि पिछले साल 3500 को लक्ष्य के बराबर ही लखपति बनाया गया था। अब तक नैनीताल जनपद में कुल नौ हजार स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लखपति बनाया जा चुका है।

सहायक निदेशक बताती हैं कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की सेल्फ हेल्थ ग्रुप (स्वयं सहायता समूह) से जुड़ी महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार करने व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री लखपति दीदी योजना का शुभारंभ किया था।

इस योजना के माध्यम से सरकार द्वारा वर्ष 2025 तक राज्य की 3 लाख 67 हजार स्वयं सहायता समूह की 1 लाख 25 हजार की महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इन महिलाओं की सालाना आय एक लाख तक पहुंचाई जाएगी।

आयोजन | जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को उठाया और समाधान की मांग की

बीडीसी बैठक में अधिकारियों के नहीं आने पर हंगामा

धारी विकास खंड की क्षेत्र पंचायत की बैठक में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : विकासखंड धारी की क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख आशा रानी की अध्यक्षता और मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे की उपस्थिति में आयोजित हुई।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने कई विभागीय अधिकारियों पर बैठक में नहीं आने का आरोप लगाया। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्टीकरण लेने की बात कही। अधिकारियों की अनुपस्थिति को लेकर बैठक में काफी हंगामा रहा। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को उठाया और समाधान की मांग की। जिला पंचायत सदस्य संजय पांडे ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुरी में 108 एंबुलेंस की स्थिति, कनिष्क प्रमुख कृपाल मेहता ने टपुवा मार्ग को लेकर आगामी चुनाव बहिष्कार की बात कही। इस दौरान ज्येष्ठ प्रमुख संजय बिष्ट, कनिष्ठ प्रमुख कृपाल मेहता, जिला पंचायत सदस्य संजय पांडे, खाद्य पूर्ति निरीक्षक सुनीति रावत, डॉ. हिमांशु कांडपाल, जेई हरीश द्विवेदी, खंड शिक्षा अधिकारी अंशुल बिष्ट, जिला शिक्षा अधिकारी पुष्कर टम्टा, ग्राम प्रधान दीपा बिष्ट, सरोज आर्या, रेखा बिष्ट, चंदन बिष्ट, राजेंद्र सिंह बिष्ट, आदि उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत की खुली बैठक में विकास योजनाओं पर चर्चा

भीमताल : ग्राम पंचायत जंगलिया गांव की खुली बैठक पंचायतघर जंगलिया गांव में ग्राम प्रधान राधा कुलियाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वर्ष 2024-25 की जीपीडीपी योजना, मनरेगा कार्ययोजना, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन तथा अन्य योजनाओं पर विचार विमर्श हुआ। गत दिनों हुई ओलावृष्टि का मामला सदन में उठाया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल मुआवजा देने की मांग की। ग्राम प्रधान राधा कुलियाल द्वारा ग्रामीणों को अवगत कराया गया कि उनके द्वारा यह सूचना जिला प्रशासन को दी गई है जिसमें राजस्व विभाग कृषि विभाग व उद्यान विभाग संयुक्त रूप से जिला प्रशासन को रिपोर्ट देंगे। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य मदन मोहन कुलियाल, सरपंच चारू चंद्र सिंह कुलियाल, लीला जोशी, धनी देवी, कमला देवी, चंपा पलडिया, हरिश्चंद्र भट्ट, हरिश्चंद्र जोशी, रतन सिंह कुलियाल, सुरेश चंद्र जोशी आदि मौजूद थे।

जंगलियागांव ग्राम सभा की खुली बैठक में उपस्थित लोग।

युवती के अपहरण की जांच करेगी पुलिस

नैनीताल। नैनीताल के समीपवर्ती क्षेत्र में बीते शुक्रवार को एक युवती के अपहरण मामले की जांच राजस्व पुलिस से रेगुलर पुलिस को मिल गई है। मामले में पुलिस जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि बीते शुक्रवार को नैनीताल के समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों नें लापता हो गई थी। 24 घंटे की खोजबीन के बाद राजस्व पुलिस की ओर से युवती की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई थी, जिसके बाद युवती नैनीताल के एक होटल से बरामद की गई। युवती के साथ ही एक युवक को भी पकड़ा गया। गुरुवार को मामला पुलिस के पास आ गया है। कोतवाल धर्मवीर सोलंकी ने बताया कि मामला पुलिस को मिल चुका है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1850, राज श्री 1360, फ़ॉर्चून कि. 1750, रविन्द्रा 1805, फॉर्चुन ली0 1610, जय जवान 1435, सचिन 1495, सूरज 1460, अवसर 1580, राग गोल्ड 1590, गृहणी 1490, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1580, चक्र टिन 1665, ब्लू 1600, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1820, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**-डालमियां 4000, पीलीभीत 3980, नवाबगंज (नई) 3970, बहेड़ी (नई) 3980 रुपये।

आर्थिक कानूनों में बदलाव करने की जरूरत

अश्विनी वैष्णव ने नीति आयोग के कार्यक्रम में तीन नए आपराधिक कानूनों का किया जिक्र

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत को अपनी वृद्धि की जरूरतों को देखते हुए आर्थिक कानूनों में बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने औपनिवेशक दौर के कानूनों की जगह लेने के लिए बनाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को यह बात कही।

सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग के एक कार्यक्रम में वैष्णव ने कहा कि देश भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने के साथ आपराधिक न्यायशास्त्र में बदलाव का गवाह बनने जा रहा है। इन तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिली थी जिसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन्हें मंजूरी दी थी। ये तीनों कानून क्रमशः भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की जगह लेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने कहा-इन कानूनों की तरह हमारी मौजूदा आवश्यकताओं और वृद्धि की जरूरतों को देखते हुए आर्थिक कानूनों में भी बदलाव की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''अगर आप 2,000 अच्छे वकीलों की सेवाएं लेते हैं तो आप अगले पांच वर्षों में लगभग 35,000 कानूनों में सुधार कर सकते हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में सरकार विनिर्माण क्षेत्र पर अधिक ध्यान देगी क्योंकि इस क्षेत्र में रोजगार सृजन की व्यापक क्षमता है।

नीति आयोग के डिजिटल बुनियादी ढांचा मंच की वैष्णव ने शुरुआत की

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग के मंच नीति फॉर स्टेट्स' की शुरुआत की जो नीति और शासन के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा है। संचार, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री वैष्णव ने नीति आयोग की इमारत में 'विकसित भारत रणनीति कक्ष' का भी उद्घाटन किया। यह कक्ष प्रभावी निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए अंतर्दृष्टि, सूचना साझा करने का काम करेगा।

आने वाले समय में भारत का मोबाइल फोन निर्यात पांच गुना हो जाएगा

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत से मोबाइल फोन निर्यात आने वाले समय में पांच गुना से अधिक बढ़कर 50-60 अरब डॉलर हो जाएगा। वैष्णव ने बुधवार को एक वित्त-प्रौद्योगिकी कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि देश में बने मोबाइल फोन का निर्यात तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले समय में यह 50-60 अरब डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। पिछले साल लगभग 11 अरब डॉलर का मोबाइल निर्यात हुआ था। इसके साथ ही वैष्णव ने कहा कि आने वाले दिनों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार भी 10 लाख के मौजूदा स्तर से बढ़कर 25 लाख हो जाएगा।

सेंसेक्स 33 अंक चढ़कर नए शिखर पर, निफ्टी का भी रिकॉर्ड

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...नए शिखर पर पहुंच गए। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच धातु और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार नई ऊंचाई पर रहा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 33.40 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर 74,119.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 159.18 अंक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 19.50 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,493.55 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

आरबीआई, बैंक इंडोनेशिया ने स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल के लिए किया समझौता

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक और बैंक इंडोनेशिया (बीआई) ने बृहस्पतिवार को द्विपक्षीय व्यापार में स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

आरबीआई ने बयान में कहा कि सीमापार लेनदेन के लिए भारतीय रुपये और इंडोनेशियाई रुपैया (आईडीआर) के उपयोग को बढ़ावा देने को लेकर व्यवस्था बनाने के लिए यहां समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। यह व्यवस्था निर्यातकों और आयातकों को संबंधित घरेलू मुद्राओं में बिल और भुगतान करने की सुविधा देगी। इससे रुपया और इंडोनेशियाई मुद्रा के विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार के विकास में मदद मिलेगी।

आरबीआई ने कहा-स्थानीय मुद्राओं के उपयोग से लेनदेन की लागत और निपटान समय कम होगा। एमओयू पर आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और बैंक इंडोनेशिया के गवर्नर पेरी वारजियो ने हस्ताक्षर किये। आरबीआई ने कहा-समझौता ज्ञापन का उद्देश्य द्विपक्षीय रूप से रुपया और आईडीआर के उपयोग को बढ़ावा देना है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यह सहयोग आरबीआई और बीआई के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	66,950
गिन्नी (प्रति नग)	49,8000-50,000

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	64,600
सोना जेवरात गिन्नी	63,600
चांदी पक्की	728 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	65,200
चांदी आभूषण	73,800।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 92-110 मसूरी 98 बासमती 140-160 **दाल दलहन**-काला चना 90-110 साबुत चना दाल 107 मूंग साबुत 125 राजमा 140-156 दाल उड़द 122 साबुत मसूर दाल 117 मसूर दाल 115 उड़द साबुत 120-140 काबुली चना 142-185 अरहर दाल 161 लोबिया/करमानी 135 सोयाबीन 117 मूंगफली 120-135 मटर 60-70 मक्का 35 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 102 मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 लोबिया सफेद : 98 रुपये।

वाहनों की खुदरा बिक्री में 13 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने फरवरी के जारी किए आंकड़े

फरवरी में यात्री और दोपहिया वाहनों समेत सभी खंडों में तगड़ी खरीदारी आने से देश में वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़ गई। वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पिछले महीने कुल 20,29,541 वाहनों की खुदरा बिक्री हुई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 17,94,866 इकाई थी। यात्री वाहन खंड में पिछले महीने बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 3,30,107 इकाई हो गई, जो फरवरी, 2023 में 2,93,803 इकाई थी। 'फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन' (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने एक बयान में कहा, "फरवरी के महीने में यात्री वाहनों की अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की गई। नए उत्पादों की रणनीतिक पेशकश और वाहनों की उपलब्धता बढ़ने की इसमें अहम भूमिका रही।" पिछले महीने दोपहिया वाहनों की बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 14,39,523 इकाई रही, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 12,71,073 इकाई थी।

मूडीज ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- 2023-24 के लिए करीब आठ प्रतिशत कर दिया

मूडीज रेटिंग्स ने पूंजीगत व्यय और घरेलू खपत में तेजी को देखते हुए वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का अनुमान 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर करीब आठ प्रतिशत कर दिया। यह अनुमान आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के बयान के एक दिन बाद आया है।

बयान में उन्होंने कहा था कि तीसरी तिमाही के आधिकारिक जीडीपी आंकड़ों को देखते हुए चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि आठ प्रतिशत के करीब हो सकती है। मूडीज का ताजा अनुमान नवंबर 2023 में जताए गए 6.6 प्रतिशत के अनुमान से 1.40 प्रतिशत अधिक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है। इसने पहली और दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी अनुमान को भी संशोधित कर क्रमशः 8.2 प्रतिशत और 8.1 प्रतिशत कर दिया है। जबकि पहले इसके 7.8 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत रहने की बात कही गयी थी।

मूडीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होगा। इसकी वास्तविक जीडीपी वृद्धि मार्च, 2024 में समाप्त हो रहे वित्त वर्ष में आठ प्रतिशत के आसपास रहेगी जो वित्त वर्ष 2022-23 में सात प्रतिशत थी। रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी पूंजीगत व्यय के साथ मजबूत घरेलू खपत भारत की आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करेगी।

राष्ट्रीय

एक नजर

बहस के बाद महिला यात्री को दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारा गया

नई दिल्ली। लंदन जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान के 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही एक महिला की चालक दल के सदस्यों के साथ बहस हो गई, जिसके बाद उसे दिल्ली हवाई अड्डे पर उतार दिया गया। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक यह घटना पांच मार्च की है, जो उड़ान संख्या एआई 161 में हुई। उन्होंने बताया कि इस उड़ान की 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही महिला वरिष्ठ कॉर्पोरेट कार्यकारी है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही महिला की चालक दल के सदस्यों के साथ बहस हो गई थी। उन्होंने बताया कि इसकेबाद कैप्टन की सलाह पर उड़ान के रवाना होने से पहले महिला को विमान से उतार दिया गया।

सत्ती किशोर बने सीबीसी के संयुक्त महानिदेशक

नई दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आकाशवाणी में तैनात भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी सत्ती किशोर को केंद्रीय संचार ब्यूरो में संयुक्त महानिदेशक के पद पर स्थानांतरित किया है। सत्ती आकाशवाणी से पहले डीएवीपी में थे, जिसका नाम बदलकर अब केंद्रीय संचार ब्यूरो कर दिया गया है। उन्होंने गुरुवार को सूचना भवन स्थित सीबीसी में अपना पद भार ग्रहण कर लिया है।

पीड़ित महिलाएं कोर्ट के समक्ष देंगी बयान

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संदेशखालि की पीड़िताओं को शिकायतें लाने की दी अनुमति

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को याचिकाकर्ता को आवेदन/हलफनामा के जरिए संदेशखालि की महिलाओं को अपनी शिकायतें अदालत के संज्ञान में लाने की अनुमति दे दी।

संदेशखालि में महिलाओं के साथ अत्याचार और जमीन कब्जाने के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही खंडपीठ के समक्ष याचिकाकर्ता प्रियंका टिबरेवाल ने कहा कि इलाके की 80 महिलाएं सुनवाई में शामिल होना चाहती हैं और अपना-अपना अनुभव साझा करना चाहती हैं। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली पीठ ने माना कि सभी 80 महिलाओं को अदालत में लाना मुश्किल होगा। इसके साथ ही टिबरेवाल को एक आवेदन/पूरक हलफनामा दायर करने की अनुमति दी, जिसके जरिए कथित पीड़िताएं अपनी आपबीती अदालत के रिकॉर्ड पर ला सकती हैं। इस पीठ में न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य भी शामिल हैं। अदालत ने निर्देश दिया कि पीड़ितों के बयान को उचित तरीके से सत्यापित किया जाना चाहिए और उनकी पहचान भी स्थापित होनी चाहिए। पीठ ने निर्देश दिया कि कथित पीड़ितों का बयान स्थानीय भाषा में होगा इसलिए याचिकाकर्ता को उसका अनुवादित प्रति अदालत के समक्ष रखना चाहिए। एक अन्य याचिकाकर्ता ने अदालत से जांच सीबीआई को स्थानांतरित करने की मांग की।

संदेशखालि जा रही भाजपा की महिला नेताओं को बाहरी इलाके में रोका गया

पश्चिम बंगाल पुलिस ने भाजपा की प्रदेश इकाई की महासचिव अग्निमित्रा पॉल और लॉकेट चटर्जी के नेतृत्व में बृहस्पतिवार दोपहर संदेशखालि जा रहीं पार्टी की महिला नेताओं को कोलकाता के बाहरी इलाके 'न्यू टाउन' में ही रोक लिया। इस दौरान पुलिस के साथ उनकी तीखी नोकझोंक भी हुई और महिला नेताओं ने उसी जगह धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया, जहां उन्हें रोका गया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। नेताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें इस आधार अशांत संदेशखालि की ओर से बढ़ने से रोक दिया गया कि वहां (संदेशखालि) के कई हिस्सों में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू है।

भाजपा संदेशखालि को लेकर गलत सूचना फैला रही : ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संदेशखालि की घटना को लेकर गलत सूचना फैला रही है। उन्होंने साथ ही दावा किया कि पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए देश में सबसे सुरक्षित राज्य है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल सरकार को महिला सुरक्षा पर 'भाषण' देने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा।

पुरी : रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने पुरी में महाशिवरात्रि उत्सव से पहले भगवान शिव की सुंदर मूर्ति बनाई। ● एजेंसी

अभिजीत गंगोपाध्याय न्यायाधीश पद से इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने मंगलवार को न्यायाधीश के पद से इस्तीफा देने के बाद वादा किया था कि वह उन लोगों की सेवा करने के लिए जीवन के एक बड़े क्षेत्र राजनीति में प्रवेश करने जा रहे हैं, जो न्याय प्राप्त करने के लिए अदालत तक नहीं पहुंच पाते हैं। पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि मैं एक राष्ट्रीय पार्टी में शामिल होकर बहुत खुशी महसूस कर रहा हूं। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पार्टी में उनका स्वागत किया।

हमारी सरकार बनने पर 30 लाख नौकरियां देंगे : राहुल

जयपुर, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले युवाओं एवं किसा नों के लिए दो बड़ी घोषणाएं करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी तथा फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी दी जाएगी।

वह अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत बांसवाड़ा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र में सरकार बनने पर कांग्रेस युवाओं के लिए पांच ऐतिहासिक काम करने जा रही है जिनमें भर्ती भरोसा, पहली नौकरी पक्की, पेपर लीक से मुक्ति, 'गिग इकॉनमी' में सामाजिक सुरक्षा और युवा रोशनी शामिल हैं। युवाओं को तीस लाख नौकरियां देने की घोषणा करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के युवाओं के लिए कांग्रेस पार्टी सबसे ज्यादा परेशान है।

अयोग्यता मामले में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय से मूल रिकॉर्ड तलब

नआ दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के कार्यालय से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित विधायकों को अयोग्य ठहराने के अनुरोध संबंधी उद्धव ठाकरे समूह की याचिका से जुड़े मूल रिकॉर्ड बृहस्पतिवार को मंगवाने का निर्देश दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने 10 जनवरी को एक आदेश में जून, 2022 में विभाजन के बाद शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को मूल राजनीतिक दल घोषित किया था। उन्होंने शिंदे सहित सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने के अनुरोध संबंधी ठाकरे गुट की याचिका को भी खारिज कर दिया था।

कांग्रेस की बैठक में 60 सीटों पर चर्चा

नई दिल्ली, ब्यूरो

- दिल्ली से जयप्रकाश अग्रवाल लवली एवं सुरेंद्र कुमार के नाम पर बनी सहमति
- राजधानी की 7 सीटों में चार सीटें आम आदमी पार्टी एवं तीन सीटें कांग्रेस को मिली हैं

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार तय करने के लिए कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई जिसमें दिल्ली सहित कुल 60 सीटों पर चर्चा की गई। उत्तर पूर्वी दिल्ली से अरविंदर सिंह लवली, चांदनी चौक से जेपी अग्रवाल एवं उत्तर पश्चिम दिल्ली से सुरेंद्र कुमार के नाम पर सहमति बन चुकी है। छत्तीसगढ़ राज्य की सीटों पर भी लगभग अंतिम फैसला हो चुका है। इसके अलावा दक्षिण भारत के राज्यों की सीटों पर ज्यादा विचार विमर्श चल रहा है।

इंडिया गठबंधन के तहत दिल्ली की 7 सीटों में चार सीटें आम आदमी पार्टी एवं तीन सीटें कांग्रेस को मिली हैं। जिसमें चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से पूर्व विधायक अलका लंबा एवं पूर्व सांसद जेपी अग्रवाल की प्रबल दावेदारी थी लेकिन स्क्रीनिंग कमेटी में जेपी अग्रवाल के नाम को ज्यादा वजन दिया गया है। इसी तरह उत्तर पश्चिम दिल्ली (सुरक्षित) सीट से पूर्व सांसद उदित राज एवं बवाना के पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार सहित छह दावेदारों पर चर्चा की गई। इस सीट पर कांग्रेस ने एक सर्वे भी करवाया था जिसके तहत सुरेंद्र कुमार को 44 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया है जबकि पांच दावेदारों को 56 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया था। इसी आधार पर स्क्रीनिंग कमेटी ने सुरेंद्र कुमार का नाम तय किया है।

उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र एवं पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह लवली एवं रागिनी नायक के नाम पर विचार किया गया। अंत में लवली के नाम को अंतिम रूप दिया गया है। कांग्रेस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश की सीटों को लेकर भी अनौपचारिक चर्चा होती रही। अभी कोई नाम तय नहीं किया गया है।

संसद की सुरक्षा में चूक का मामला : पुलिस ने जांच लिए और समय मांगा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में अपनी जांच पूरी करने के लिए एक अदालत का रुख कर और समय देने का अनुरोध करते हुए कहा कि कुछ रिपोर्टों का इंतजार किया जा रहा है और डिजिटल डेटा विशाल मात्रा में है। दिल्ली पुलिस ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर से मामले की जांच पूरी करने के लिए और तीन महीने का समय देने का अनुरोध किया। न्यायाधीश ने अर्जी पर जेल में बंद आरोपियों नीलम आजाद, मनोरंजन डी, सागर शर्मा, ललित झा, अमोल शिंदे और महेश कुमावत को नोटिस जारी कर 11 मार्च तक जवाब मांगा है।

चुनावी बॉन्ड मामले में एसबीआई के खिलाफ याचिका दायर

नई दिल्ली, एजेंसी

राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक का समय मांगने के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आवेदन को चुनौती देते हुए दो एनजीओ (गैर सरकारी संगठन) ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की। याचिकाओं में आरोप लगाया गया कि जानबूझकर और मंशा के साथ शीर्ष अदालत के छह मार्च तक चुनावी बॉण्ड के जरिए राजनीतिक दलों को मिले चंदे की विस्तृत जानकारी निर्वाचन आयोग को मुहैया कराने के निर्देशों की अवज्ञा की गई।

अवमानना याचिका

- दो एनजीओ ने निर्देशों की अवज्ञा का लगाया आरोप

दो एनजीओ द्वारा दायर याचिका में दावा किया कि एसबीआई ने जानबूझकर आखिरी क्षण में अर्जी दाखिल कर दलों द्वारा चुनावी बॉण्ड भुनाने की जानकारी देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि दानकर्ताओं और उनकी ओर से दान दी गई राशि की जानकारी आगामी लोकसभा चुनाव से पहले सार्वजनिक नहीं हो। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से अदालत में पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण की अवमानना कार्यवाही शुरू करने संबंधी दलीलों पर संज्ञान लिया। भूषण ने कहा कि एसबीआई की याचिका 11 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध होने की संभावना है और अवमानना याचिका पर भी साथ में सुनवाई होनी चाहिए।

82.42% अज्ञात आय का संबंध चुनावी बॉण्ड से: एडीआर

राष्ट्रीय दलों की 2022-23 के दौरान अज्ञात स्रोत से हुई आय में से 82 प्रतिशत का संबंध चुनावी बॉण्ड से है। यह खुलासा चुनाव अधिकार निकाय ने किया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में जमा ऑडिट रिपोर्ट और दान संबंधी जानकारी का विश्लेषण करने पर खुलासा हुआ कि बड़े पैमाने पर उनका स्रोत अज्ञात रहा। एडीआर ने कहा कि वित्तवर्ष 2022-23 के लिए दाखिल वित्तीय रिपोर्ट का विश्लेषण करने पर खुलासा हुआ कि अज्ञात स्रोत से हुई कुल 1,832.88 करोड़ रुपये की आय में से 1510 करोड़ रुपये चुनावी बॉण्ड से प्राप्त हुए, जो कुल अज्ञात स्रोत से प्राप्त राशि का 82.42 प्रतिशत है। इस अध्ययन के लिए छह दलों की आय पर विचार किया गया जिनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा), आम आदमी पार्टी (आप) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीईपी) शामिल है। एडीआर के मुताबिक भाजपा ने सबसे अधिक अज्ञात स्रोत से आय की जानकारी दी।

कार्तिक खत्म करेंगे आईपीएल करियर अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला जल्द

धर्मशाला, एजेंसी

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के सत्र में अंतिम बार खेलने की तैयारी में हैं और इसके बाद अपने अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से खेलने वाले कार्तिक 2008 से आईपीएल के सभी 16 सत्र में खेले हैं। 16 सत्र में वह सिर्फ दो मैच नहीं खेले बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि 2024 सत्र उनका (दिनेश कार्तिक का) आखिरी होगा। वह आईपीएल के बाद अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे। आईपीएल में कार्तिक ने लीग में छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। वह 2008 में दिल्ली के साथ शुरुआत करने के बाद 2011 में पंजाब से जुड़े। वह अगले दो सत्र मुंबई से खेलने के बाद 2014 में 12.5 करोड़ की राशि पर दोबारा दिल्ली से जुड़े। आरसीबी ने उन्हें 2015 में 10.5 करोड़ में अनुबंधित किया। वह 2016 और 2017 में गुजरात से खेले और फिर 4 सत्र तक कोलकाता का हिस्सा रहे। उनकी अगुआई में 2018 में कोलकाता आईपीएल प्ले ऑफ में पहुंची और टीम 2019 में अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रही। 2022 से पहले कार्तिक को केकेआर ने रिलीज कर दिया था और आरसीबी ने उन्हें साढ़े पांच में खरीदा था। उन्होंने आरसीबी के लिए शानदार प्रदर्शन किया। कार्तिक ने 16 मैच में 55 की औसत और 183.33 के स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए और टीम को प्ले ऑफ में पहुंचाने में भूमिका निभाई। इस प्रदर्शन से कार्तिक ने ऑस्ट्रेलिया में हुए आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल सके।

आईपीएल बेहद लोकप्रिय, लेकिन टेस्ट क्रिकेट ही जीवन: अश्विन

मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से अपनी विशेष 100वीं टेस्ट कैप पाने के बाद भावुक हुए ऑफ स्पिनर रविचंद्रन

धर्मशाला, एजेंसी

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से गुरुवार को अपनी विशेष 100वीं टेस्ट कैप प्राप्त करने के बाद रविचंद्रन अश्विन भावुक हो गए। इस ऑफ स्पिनर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट जीवन के सबसे करीब है। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट के साथ इस उपलब्धि को हासिल करने वाले अश्विन ने टी20 लीग के बीच टेस्ट क्रिकेट का समर्थन किया।

अश्विन ने कहा कि आईपीएल बेहद लोकप्रिय है, बहुत सारे बच्चे टी-20 खेलना और आईपीएल में जाना चाहते हैं। मैं सचमुच चाहता हूं कि वे वहां पहुंचें, लेकिन याद रखें, यह प्रारूप (टेस्ट) कई चीजों में है जो जीवन आपको नहीं सिखाएगा। मुझे लगता है कि टेस्ट ही जीवन है। यह जीवन के सबसे करीब है। यह आपको सामंजस्य बैठाना, दबाव से निपटना सिखाएगा। 2011 में टेस्ट पदार्पण करने वाले अश्विन ने अपने पिता रविचंद्रन की भी सराहना की। अश्विन ने कहा कि यह काफी भावनात्मक क्षण है। सिर्फ मेरे लिए नहीं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो भावनाओं से ज्यादा हिल जाएंगे, लेकिन आज चेन्नई में बैठे एक व्यक्ति के लिए बेहद भावनात्मक क्षण है। दुर्भाग्य से वह यहां नहीं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि पहला दिन (बचपन में क्रिकेटर के रूप में), अब भी मुझे बहुत स्पष्ट याद है, मैं अपनी किट पेट्रोल टैंक के सामने रख देता था और फिर वह मुझे बाइक पर बैठाते थे और कोचिंग के लिए ले जाते थे। एक सरकारी कर्मचारी (उनके पिता) अपने बेटे को जीवन में मीलों आगे ले जाना चाहता था, उन्होंने सोचा था कि मैं कभी ऐसा कर पाऊंगा। उन्होंने मुझे मेरी मां और निश्चित रूप से मेरे दादाजी की मदद से यहां पहुंचाया। संघर्ष के दौर में उनकी पत्नी प्रीति ने उनका काफी समर्थन किया। अश्विन को कैप सौंपने के बाद द्रविड़ ने कहा कि तमिलनाडु का यह क्रिकेटर इस क्षण का हकदार था। आपने टीम को ईमानदारी से सब कुछ दिया है और आज आपका 100वां टेस्ट है। यह एक यात्रा थी जो चेन्नई की सड़कों से शुरू हुई थी। यह आपके परिवार के बिना संभव नहीं होता। उन्हें भी बधाई। आप इस लम्हे के हकदार हैं। आपसे बात करना सौभाग्य की बात रही। एक कोच के रूप में आपके साथ काम करना सौभाग्य की बात है। और बेशक यह कैप आपको सौंपना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

खेल डायरी

स्टिमक ने फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए 35 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की

नई दिल्ली। चोट के कारण एशियाई कप टीम से बाहर हुए सेंट्रल डिफेंडर अनवर अली और मिडफील्डर जैकसन सिंह को गुरुवार को महीने के अंत में अफगानिस्तान के खिलाफ भारत के 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग राउंड 2 मैच के लिए 35 संभावित खिलाड़ियों में शामिल किया गया। अफगानिस्तान के खिलाफ भारत 21 मार्च को सऊदी अरब के आभा में और फिर 26 मार्च को गुवाहाटी में मैच खेलेगा। अफगानिस्तान के घरेलू मैच देश से बाहर कराए जा रहे हैं। मोहन बागान सुपर जायंट्स के खिलाड़ी अली पिछले साल टखने की चोट से खेल से बाहर रहे, जिससे वह इस साल जनवरी में एशियाई कप में नहीं खेल सके। पिछले महीने भी उन्हें इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के दौरान चोट लग गयी थी जो इतनी गंभीर नहीं थी। जैकसन की पिछले साल नवंबर में बाएं कंधे की सर्जरी हुई थी। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी आईएसएल टीम के लिए वापसी की हैं। विंगर आशिक कुरूनियन की अभी चोट ठीक नहीं हुई है जो उन्हें सितंबर में लगी थी इसलिये उन्हें सूची में शामिल नहीं किया गया।

गुकेश जीते, प्रज्ञानानंदा ने बार्टेल से बाजी ड्रॉ की

प्राग। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने गुरुवार को प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में आठवें दौर में जर्मनी के विन्सेंट केमेर को शिकस्त दी, लेकिन आर प्रज्ञानानंदा को पोलैंड के मातेयूज बार्टेल ने बराबरी पर रोक दिया। उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव का विजयी अभियान जारी रहा और उन्होंने ईरान के परहम माघसूदलू को हराकर एक दौर शेष रहते ही खिताब जीत लिया। अब्दुसत्तारोव के छह अंक हो गए हैं और उन्होंने 1.5 अंक की विजयी बढ़त बना ली है। यहां इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उज्बेकिस्तान का यह ग्रैंडमास्टर विश्व रैंकिंग में भी चौथे स्थान पर पहुंच गया है। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय विदित गुजराती ने भी रोमानिया के रिचर्ड रेपोर्ट के साथ ड्रॉ खेला।

नडाल के हटने के बाद नागल इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में

इंडियन वेल्स। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने स्पेन के महान खिलाड़ी रफेल नडाल के बीएनपी परिबास ओपन से हटने पर लकी लूजर के रूप में टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। शीर्ष स्तर पर खेलने के लिए तैयार नहीं होने का हवाला देकर नडाल टूर्नामेंट से हट गए। नागल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए थे, लेकिन उस ड्रॉ में शीर्ष खिलाड़ी होने से उन्हें मुख्य ड्रॉ में जगह मिली। वह अभी एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर हैं। नागल पहले दौर में 2016 विंबलडन के फाइनल में जगह बनाने वाले मिलोस राओनिक से भिड़ेंगे। नागल ने एक्स पर लिखा कि इंडियन वेल्स के साथ एटीपी मास्टर्स 1000 में पदार्पण करने को लेकर रोमांचित हूं। इससे पहले नडाल ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया।

युवाओं और जूनियर खिलाड़ियों को खेल कोटा से नौकरी अच्छा विचार नहीं: तेजस्विन

नई दिल्ली। भारत के ऊंची कूद के शीर्ष खिलाड़ी तेजस्विन शंकर ने खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को सरकारी नौकरियों के लिए पात्र बनाने के खेल मंत्रालय के फैसले पर सवाल उठाया है और कहा है कि इससे खिलाड़ी 'अनुचित तरीके' अपनाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं क्योंकि यह नीति लगातार अच्छे प्रदर्शन की जगह एकल उपलब्धि को पुरस्कृत करती है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को घोषणा की कि खेलो इंडिया खेलों- युवा, विश्वविद्यालय, पैरा और शीतकालीन खेल- के पदक विजेता संशोधित मानदंडों के अनुसार सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में ऊंची कूद में कांस्य और पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में डेकाथलन में रजत पदक जीतने वाले तेजस्विन इस फैसले से खुश नहीं थे लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि उनके विचारों को अलोकप्रिय राय माना जा सकता है। तेजस्विन ने 'एक्स' पर लिखा कि अगर हम एक खेल महाशक्ति बनना चाहते हैं तो हम युवाओं/जूनियर खिलाड़ियों को खेल कोटा के तहत नौकरियां देने को सामान्य नहीं बना सकते। एक मानदंड होना चाहिए, जैसे राष्ट्रीय स्तर पर तीन साल तक लगातार पदक जीतना या राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष आठ में पांच साल रहना आदि।

कुलदीप-अश्विन ने इंग्लैंड को 218 पर समेटा, भारत मजबूत

यादव ने 5 और रविचंद्रन ने लिए 4 विकेट, भारतीय बल्लेबाजों ने पहले दिन बनाए 135 रन

धर्मशाला, एजेंसी



बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव के 5 और 100वां टेस्ट खेल रहे ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के 4 विकेट से इंग्लैंड को 218 रन पर समेटने के बाद भारत ने पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन एक विकेट पर 135 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

कप्तान रोहित शर्मा (83 गेंद में नाबाद 52, 6 चौके, 2 छक्के) और यशस्वी जायसवाल (58 गेंद में 57 रन, 4 चौके, 3 छक्के) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा पहले विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की। दिन का खत्म होने पर शुभमन गिल 26 रन बनाकर रोहित का साथ निभा रहे थे। भारत अब इंग्लैंड से सिर्फ 83 रन पीछे है जबकि उसके 9 विकेट शेष हैं। कुलदीप (72 रन पर 5 विकेट) ने पहले पारी में चौथी बार 5 या इससे अधिक विकेट लेते हुए इंग्लैंड के शीर्ष और मध्य क्रम को समेटा तो वहीं अश्विन (51 रन पर 4 विकेट) ने निचले क्रम को ध्वस्त किया। रविंद्र जडेजा ने भी 17 रन देकर एक विकेट लिया, जिससे सभी विकेट स्पिनरों के खाते में गए। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली (108 गेंद में 79 रन, 11 चौके और 1 छक्का) शीर्ष स्कोरर रहे। अश्विन की तरह 100वां टेस्ट खेल रहे जॉनी बेयरस्टो (18 गेंद में 29 रन), बेन डकेट (27), जो रूट (26) और बेन फोक्स (24) अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे। भारत को रोहित और जायसवाल ने शानदार शुरुआत दिलाई। रोहित ने मार्क वुड पर चौके से खाता खोला। रोहित को 20 रन पर जेम्स एंडरसन की गेंद पर मैदानी अंपायर ने विकेट के पीछे कैच आउट दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर उन्हें फैसला बदलना पड़ा क्योंकि गेंद पैड से टकराई थी। जायसवाल ने ऑफ स्पिनर शोएब बशीर का स्वागत 4 गेंद में 3 छक्कों से किया। जायसवाल ने बशीर पर दो चौकों के साथ 56 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और 21वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। वह अगली गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में फोक्स के हाथों स्टंप हो गए। रोहित ने भी बशीर की गेंद पर 1 रन से 77 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इससे पहले कुलदीप ने भारत को वापसी दिलाई। मेहमान टीम ने 175 रन पर 3 विकेट गंवाए। इंग्लैंड का स्कोर 3 पर 175 रन से 6 पर 175 रन हो गया। इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में 94 रन जोड़कर 6 विकेट गंवाए। भारत अगर डीआरएस लेता तो कुलदीप को सत्र की दूसरी गेंद पर क्राउली का विकेट मिल जाता। कुलदीप को हालांकि इंतजार नहीं करना पड़ा और उन्होंने ऑफ साइड से तेजी से अंदर की ओर स्पिन होती गेंद पर क्राउली का लेग स्टंप उखाड़ दिया। बेयरस्टो दो छक्के और दो चौके के बाद कुलदीप की गुगली पर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को कैच दे बैठे। इस समय टीम का स्कोर 4 पर 175 रन था। जडेजा ने इसके बाद रूट और कुलदीप ने स्टोक्स (0) को पगबाधा किया। इन तीनों ने डीआरएस लिए और तीनों गंवा दिए। अश्विन ने तीन गेंद में टॉम हार्टले (6) और मार्क वुड (0) को आउट करके इंग्लैंड का स्कोर 8 पर 183 रन किया। चाय के बाद अपने दूसरे ओवर में फोक्स (24) और एंडरसन (0) को 4 गेंद में आउट करके इंग्लैंड की पारी को समेटा। सुबह के सत्र में क्राउली ने अर्धशतक जड़ा और लंच तक इंग्लैंड का स्कोर 2 विकेट पर 100 रन तक पहुंचाया।

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी) 218/10 (57.4 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जैक क्राउली बो कुलदीप	79	108	11/1
बेन डकेट का गिल बो कुलदीप	27	58	4/0
ओली पोप स्टं जुरेल बो कुलदीप	11	24	0/0
जो रूट पगबाधा बो जडेजा	26	56	4/0
जॉनी बेयरस्टो का जुरेल बो कुलदीप	29	18	2/2
बेन स्टोक्स पगबाधा बो कुलदीप	00	06	0/0
बेन फोक्स बो अश्विन	24	42	3/0
टॉम हार्टले का पडिक्कल बो अश्विन	06	09	1/0
मार्क वुड का रोहित बो अश्विन	00	02	0/0
शोएब बशीर नाबाद	11	22	2/0
एंडरसन का पडिक्कल बो अश्विन	00	03	0/0

अतिरिक्त: 5, **विकेट पतन:** 1-64, 2-100, 3-137, 4-175, 5-175, 6-175, 7-183, 8-183, 9-218, 10-218, **गेंदबाजी:** बुमराह 13-2-51-0, सिराज 8-1-24-0, अश्विन 11.4-1-51-4, कुलदीप 15-1-72-5, जडेजा 10-2-17-1

भारत (पहली पारी) 135/1 (30 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी स्टं फोक्स बो बशीर	57	58	5/3
रोहित शर्मा नाबाद	52	83	6/2
शुभमन गिल नाबाद	26	39	2/2

अतिरिक्त: 0, **विकेट पतन:** 1-104, **गेंदबाजी:** एंडरसन 4-1-4-0, वुड 3-0-21-0, हार्टले 12-0-46-0, बशीर 11-2-64-1

तोक्यो के कांस्य को पेरिस में स्वर्ण में तब्दील करना है लक्ष्य : हरमनप्रीत

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उनका लक्ष्य तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक को पेरिस में स्वर्ण पदक में बदलने का है। रिकॉर्ड 8 बार की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम ने 2021 में तोक्यो में कांस्य पदक के प्लेऑफ में 1-3 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जर्मनी को 5-4 से हराकर 41 साल के ओलंपिक पदक के सूखे को समाप्त किया था। भारत ने पिछला ओलंपिक स्वर्ण पदक 1980 में मास्को में जीता था। हरमनप्रीत ने कहा कि तोक्यो में कांस्य जीतना यादगार पल रहा और हम उसी लय को पेरिस तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शुरू में हमारा ध्यान एक समय में एक कदम उठाने का होगा, ग्रुप चरण से अगले दौर में पहुंचने और क्वार्टरफाइनल में जगह सुनिश्चित करने का होगा।

राजेश्वरी को दिल्ली में यूपी से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

यूपी वारियर्स की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ को अपनी टीम से बेहतर प्रदर्शन का भरोसा है जो डब्ल्यूपीएल में 5 में 3 मैच हार चुकी है। राजेश्वरी को उम्मीद है कि टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ अरुण जेटली स्टेडियम का विकेट बेहतर होगा जिससे उनकी टीम को मदद मिल सकती है। राजेश्वरी ने कहा कि दिल्ली का विकेट धीमा था और बेंगलुरू में पहले दो मैचों में भी ऐसा ही लगा, लेकिन मुझे लगता है कि जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा यहां का विकेट बेहतर होगा। हम वहां सकारात्मक मानसिकता के साथ उतरेंगे और मैच जीतने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि भले ही हम दो मैच हार गए हैं लेकिन हमने अच्छी वापसी की है। यूपी की टीम इस समय चार अंक के साथ चौथे स्थान पर है। संयुक्त राष्ट्र की इकाई संयुक्त राष्ट्र वुमेन ने हाल ही में यूपी वारियर्स को 'पीढ़ी समानता सहयोगी' के रूप में स्वीकार किया है। इस बीच राजेश्वरी की टीम के साथी और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ग्रेस हैरिस ने कहा कि डब्ल्यूपीएल में कोई प्रबल दावेदार टीम नहीं है। हैरिस ने दीवारों पर मनमोहक चित्रों से लैंगिक समानता का संदेश फैलाने के लिए संयुक्त राष्ट्र वुमेन और यूपी वारियर्स के साथ जुड़ गईं। हैरिस ने देर रात तक खेलने के आदी नहीं हैं, लेकिन उन्होंने प्रतिस्पर्धी प्रकृति के प्रति प्यार व्यक्त किया।

दीप्ति के साथ खेलना बहुत अच्छा: एकलेस्टोन

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय टी-20 रैंकिंग में नंबर 1 पर काबिज होने के बावजूद इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एकलेस्टोन साझेदारी में गेंदबाजी करने में विश्वास रखती हैं और मौजूदा महिला लीग में भारत की दीप्ति शर्मा के साथ अपनी जोड़ी का आनंद ले रही हैं। इस जोड़ी ने यूपी वारियर्स के लिए अच्छा काम किया है। एकलेस्टोन ने कहा कि दीप्ति के साथ खेलना वाकई बहुत अच्छा है... उसके साथ खेलने, विचारों को एक साथ रखने के लिए बेहद उत्साहित हूं और उम्मीद है कि हम अपनी टीम के लिए मैच जीतेंगे। यूपी की टीम ने लय हासिल करने के बाद दो मैच जीते हैं। उन्होंने शुक्रवार को होने वाले मैच के बारे में कहा कि हां, हमें ये आखिरी 3 मैच जीतने की जरूरत है। मुझे लगता है कि हमारे लिए जीतना काफी महत्वपूर्ण है, मैं दिल्ली से खेलने और मैदान पर उतरने के लिए उत्सुक हूं।

जया ने बताई सोशल मीडिया से दूर रहने की वजह

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री जया बच्चन ने सोशल मीडिया से दूर रहने की वजह बताई है। जया अक्सर अपने बयानों और प्रतिक्रियाओं को लेकर चर्चा में रहती हैं। वह हर मुद्दे पर बेबाकी से अपनी राय रखती हैं। जया सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं करती हैं। जया अपने परिवार की एक मात्र सदस्य हैं, जो सोशल मीडिया से दूर रहती हैं। जया अपनी नातिन नव्या नवेली नंदा के पॉडकास्ट शो व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 में नजर आ रही हैं। नव्या ने शो के प्रोमो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 में जया ने कहा कि दुनिया पहले से हमारे परिवार के बारे में काफी कुछ जानती है। इसे हमें शेयर करने की जरूरत नहीं है। जया ने कहा कि जब मैं छोटी थी, तो हमें कॉल बुक करनी पड़ती थी और ये दो तरह की होती थीं, एक नॉर्मल थी, और दूसरी एमरजेंसी थी। यदि आप अपने बॉयफ्रेंड से बात करती हैं, तो ये एक इमरजेंसी कॉल होनी चाहिए।

राकेश मिश्रा का होली स्पेशल गाना होली खेले राम लला रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता-गायक राकेश मिश्रा का होली स्पेशल गाना होली खेले राम लला रिलीज हो गया है। ये गाना गिरिराज म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज हुआ है। गाने के म्यूजिक वीडियो में तोशी दूबेदी भी नज़र आई हैं। राकेश ने इस गाने को अब तक का सबसे कमाल का गाना बताया है। उन्होंने कहा कि होली सबों के घरों में खुशियों का रंग लेकर आए और इससे पहले होलिका दहन में अपनी बुराइयों को दहन कर देना चाहिए। मैं आग्रह करूंगा कि आप सब भी खुशियों भरी होली के साथ संगीत का आनंद लें और हमारे गाने को खूब एन्जॉय करें। इसे हमने आपके लिए बेहद मेहनत से बनाया है और इस लिए भी उम्मीद है कि आप हमारे गाने को पसंद करेंगे और अपने आशीर्वाद और प्यार से इसे बड़ा बना दें। गाना होली खेले राम लला के गायक राकेश मिश्रा हैं। निर्माता मुकेश गिरी (रंकु) हैं। संगीत छोटू रावत का है और गीतकार रजनीश चौबे हैं। वीडियो डायरेक्टर अलोक सिंह हैं।

रिंकू और काजल फिल्म ननद में दिखाएंगी जलवा

मुंबई, एजेंसी। वर्ल्डवाइड सिने फिल्म्स प्रोडक्शन प्रस्तुत और प्रदीप सिंह कृत भोजपुरी फिल्म ननद का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म ननद का ट्रेलर एंटरटेन रंगीला के ऑफिशियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इस फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह और प्रतीक सिंह है जबकि फिल्म का निर्देशन अजय कुमार झा ने किया है। फिल्म ननद के ट्रेलर में अभिनेत्री रिंकू घोष और काजल राघवानी का जलवा देखने को मिल रहा है, वहीं अभिनेता गौरव झा देव सिंह और संजय सिंह भी फिल्म में काफी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आ रहे हैं। निर्माता प्रदीप सिंह ने बताया कि हमारी फिल्म ननद की कहानी एसके चौहान ने लिखी है। यह कहानी दर्शकों को कहीं ना कहीं अपने से जोड़ने का काम करेगी और भोजपुरी सिनेमा घरों के अंदर महिला दर्शकों को वापस लेकर आएगी। हमने एक बेहतरीन फिल्म का निर्माण करने की कोशिश की है। उम्मीद है कि यह फिल्म सिनेमाघर के साथ-साथ टीवी पर भी इस साल की बड़ी फिल्म साबित हो। फिल्म में सभी कलाकारों ने अपना किरदार बेहद खूबसूरती से निभाया है जो आपको फिल्म के ट्रेलर में एक झलक के तौर पर देखने को मिल सकती है। यदि आपने अब तक ट्रेलर नहीं देखा तो जल्दी से ट्रेलर देख। फिल्म ननद में गौरव झा, काजल राघवानी, रिंकू घोष, देव सिंह, संजय पांडे, प्रेम दुबे, मनोज टाइगर, रितु पांडे, रिंकू भारती मुख्य भूमिका में हैं। लेखक एस.के. चौहान हैं। संगीतकार ओम झा और गीतकार प्यारे लाल यादव, राकेश निराला और शानदार जी हैं। छायांकन मनोज कुमार सिंह का है। संकलन गुरजंट सिंह, नृत्य कानू मुखर्जी और एक्शन अशोक यादव का है। कला रणधीर दास, कॉस्ट्यूम विद्या-विशुन, कार्यकारी निर्माता कमल यादव और निर्माण प्रबंधक राजू रेड्डी हैं।

इंडिया को हंसाएंगे' में धूम मचाएंगे खान ब्रदर्स

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले कॉमेडी शो मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे में खान बदर्स अरबाज और सोहैल नजर आएंगे। इस रविवार अनलिमिटेड मैडनेस से भरे एक एपिसोड के साथ, शो में अरबाज़ खान और सोहैल खान का स्वागत किया जाएगा, जो मैडनेस की मालकिन हुमा कुरेशी के साथ जुड़ेंगे और कॉमेडियंस द्वारा पेश किए जाने वाले कुछ अनूठे एक्ट्स का मजा लेंगे। जाने-माने स्टैंड-अप कॉमेडियन और शो के होस्ट, हर्ष गुजराल, बड़े दिलचस्प अंदाज में यह बताएंगे कि बड़े भाई-बहनों के साथ रहने के लिए क्या करना पड़ता है और इसके साथ किस तरह की विचित्रताएं जुड़ी होती हैं। हास्य कलाकार हेमांगी कवि और कुशल बद्रीके ने अपने स्किट साइलेंट बायको के जरिए से वैवाहिक जीवन के उतार-चढ़ाव को हास्यपूर्ण तरीके से पेश किया और अपनी हास्य प्रतिभा के लिए खान ब्रदर्स से तारीफ हासिल की। परितोष त्रिपाठी ने एक स्ट्रगलिंग स्क्रिप्ट राइटर की उलझन को इतने मजेदार ढंग से पेश किया कि गेस्ट्स के पास हंसने के अलावा कोई चारा नहीं था। हेमांगी कवि ने कहा, इसका हिस्सा बनना बेहद खुशी की बात है।

प्रभास और दिशा पटानी ने 'कल्कि 2898 एडी' के लिए किया गाना शूट

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास और बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपनी आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के लिए इटली में एक विशेष गाना शूट किया है। फिल्म निर्माता नाग अश्विन की आने वाली विज्ञान कथा महाकाव्य 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी ने अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को उत्सुक बनाए रखा है। फिल्म के प्रमुख हिस्से की शूटिंग पहले ही हो चुकी है, फिल्म के मुख्य कलाकार प्रभास, सह-कलाकार दिशा पटानी, निर्देशक नाग अश्विन और निर्माता प्रियंका दत्त के साथ, हाल ही में फिल्म के एक गाने की शूटिंग के लिए इटली गए थे। यह गाना इटली के कैसर्टा में राजसी रॉयल पैलेस ऑफ कैसर्टा में फिल्माया गया था। सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुए, टीम 'कल्कि 2898 एडी' ने पूरी टीम और निर्माताओं के साथ प्रभास और दिशा पटानी की एक तस्वीर साझा की, जिसमें लिखा था, इटली लो आता पता। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्देशित, 'कल्कि 2898 एडी' एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 9 मई, 2024 को पूरे भारत में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

गंभीर बीमारियों को एनएचपी में दें मान्यता

- जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से किया जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएचपी) के तहत 'पैलिएटिव केयर' (गंभीर बीमारियों का उपचार) मुहैया कराने का प्राधिकारियों को निर्देश देने संबंधी जनहित याचिका पर गुरुवार को केंद्र से जवाब तलब किया।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से न्यायालय में पेश हुई वरिष्ठ अधिवक्ता जयना कोठारी की इन दलीलों पर गौर किया कि 'पैलिएटिव केयर' को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए और इसे मान्यता दी जाए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, 'आप इस बात पर परमादेश (एक रिट) चाहते हैं कि पैलिएटिव केयर अनुच्छेद 21 के अंतर्गत आती है।

मुझे नहीं लगता कि आपको यह अनुरोध करने की आवश्यकता है। पैलिएटिव केयर का अधिकार स्वास्थ्य और जीवन के अधिकार का हिस्सा है। अनुच्छेद 21 मानव अस्तित्व के सभी पहलुओं को शामिल करता है। पीठ ने याचिका को उचित बताते हुए केंद्र से आठ सप्ताह में जवाब देने को कहा। उसने केंद्र से देश में पैलिएटिव केयर पर मौजूदा नीति की जानकारी देते हुए एक व्यापक जवाब दाखिल करने को कहा। कोठारी ने कहा कि इस समय देश में एक से दो प्रतिशत रोगियों को पैलिएटिव केयर मिलती है। जनहित याचिका में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया गया है। गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए विशेष चिकित्सा देखभाल को पैलिएटिव केयर कहते हैं।

जर्मनी के जजों ने सुप्रीम कोर्ट में देखी कार्यवाही

जर्मनी के संघीय संवैधानिक न्यायालय के छह न्यायाधीशों ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के साथ पीठ साझा की। सीजेआई ने दोपहर में कार्यवाही की शुरुआत में कहा कि हम जर्मनी के संघीय संवैधानिक न्यायालय के न्यायाधीशों का स्वागत करते हैं। गौरतलब है कि आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली आए जर्मन न्यायाधीशों ने पीठ साझा की और न्यायिक कार्यवाही देखी।

प्रधानमंत्री मोदी की बधाई पर शहबाज ने जताया आभार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पुनः निर्वाचित होने पर बधाई के लिए गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया।

धांधली के आरोपों के बीच चुनाव के करीब एक महीने बाद उन्होंने आर्थिक संकट से जूझ रहे देश की बागडोर दूसरी बार संभाली है। शहबाज ने एक्स पर पोस्ट में कहा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने पर बधाई देने के लिए नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद। मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने शहबाज को पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर शहबाज शरीफ को बधाई।

कैश ट्रांजेक्शन के नियम जानें नहीं तो मिलेगा आयकर नोटिस

अक्सर लोग टैक्स बचाने के लिए नकद में लेनदेन करते हैं। उन्हें लगता है कि आयकर विभाग को पता नहीं चलेगा लेकिन ऐसा नहीं है। बड़े कैश ट्रांजेक्शन हमेशा आयकर विभाग की नजरों में रहते हैं। किसी भी गलत लेनदेन पर इनकम टैक्स का नोटिस आ सकता है। आईए जानते हैं इसके के नियमों के बारे में...

फिक्स्ड डिपॉजिट

जिस तरह बैंक खाते में एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये से ज्यादा पैसे जमा करने पर सवाल उठता है, वैसा ही एफडी के साथ भी होता है। अगर आप एक या एक से अधिक एफडी में एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये से अधिक जमा करेंगे तो कोई शक होने पर आयकर विभाग आपसे पैसों के स्रोत को लेकर सवाल पूछ सकता है।

बड़ी प्रॉपर्टी ट्रांजेक्शन

अगर आपने कोई प्रॉपर्टी खरीदते वक्त 30 लाख रुपये या उससे ज्यादा का कैश ट्रांजेक्शन कर दिया है तो प्रॉपर्टी रजिस्ट्रार इस बारे में आयकर विभाग को सूचना जरूर देगा। ऐसे में इतने बड़े ट्रांजेक्शन की वजह से आयकर विभाग पूछ सकता है कि आप पैसे कहां से लाए।

क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान

अगर आपके क्रेडिट कार्ड का बिल 1 लाख रुपये या उससे अधिक हो जाता है और आप कैश में उसका भुगतान करते हैं तो भी आपसे पूछा जा सकता है कि पैसों का स्रोत क्या है। वहीं अगर किसी वित्त वर्ष में आप 10 लाख रुपये या उससे अधिक का भुगतान किसी भी तरीके से करते हैं तो आपसे आयकर विभाग सवाल कर सकता है कि आप पैसे कहां से लाए।

बैंक खाते में कैश जमा करना

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के नियम के अनुसार अगर एक वित्त वर्ष में कोई 10 लाख रुपये या उससे ज्यादा कैश जमा करता है तो इसकी सूचना आयकर विभाग को दी जाती है। यह पैसे एक या एक से अधिक खातों में जमा किए गए हो सकते हैं। अब क्योंकि आप तय सीमा से अधिक पैसे जमा कर रहे हैं तो आयकर विभाग आपसे इन पैसों के स्रोत के बारे में पूछ सकता है।

शेयर, डिबेंचर या बॉन्ड खरीदना

अगर शेयर, म्यूचुअल फंड, डिबेंचर या बॉन्ड खरीदने में बड़ी मात्रा में कैश का इस्तेमाल होगा, तो इससे भी आयकर विभाग सचेत हो जाता है। अगर कोई शख्स 10 लाख रुपये या उससे अधिक का ट्रांजेक्शन करता है तो इसकी जानकारी आयकर विभाग तक पहुंच जाती है। ऐसे में आयकर विभाग आपसे पूछ सकता है कि आप कैश कहां से लाए।

एक नजर

मिजोरम: 9.6 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

आइजोल। असम राइफल्स के जवानों ने मिजोरम के चंपई जिले में 9.6 करोड़ रुपये की 1.3 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है, जबकि म्यांमार के एक नागरिक को गिरफ्तार किया। अर्द्धसैन्य बल के अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बल के जवानों ने मंगलवार को मिजोरम-म्यांमा सीमा के पास स्थित जिले के जोखावथर गांव में तलाशी अभियान चलाया और तस्कर के कब्जे से मादक पदार्थ जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया। असम राइफल्स के अधिकारी ने कहा कि उन्होंने साबुन की पेटियों से मादक पदार्थ बरामद किया और म्यांमा के 35 वर्षीय नागरिक को गिरफ्तार कर लिया।

मेक्सिको में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त तीन सैनिकों की मौत, तीन घायल

मेक्सिको सिटी। मैक्सिको की खाड़ी में नौसेना के एएस565 पैंथर हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन सैनिकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए जबकि दो अन्य लापता हैं। नौसेना ने गुरुवार को एक कहा, दुर्घटना में नौसेना के आठ सैनिक सवार थे, जबकि, तीन की मौत हो गई और तीन को बचा लिया गया है। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन लापता हैं। खोज अभियान जारी है। दुर्घटना के पीछे के कारणों की जांच जारी है।

नेपाल: महाशिवरात्रि से पहले साधु-संतों ने निकाली शिव बारात

काठमांडू। देवों के देव महादेव शिव शंकर के विवाह को लेकर मनाया जाने वाला पर्व महाशिवरात्रि आज मनाई जाएगी। इससे एक दिन पहले गुरुवार को नेपाल के काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में साधु-संतों ने शिव बारात निकाली। बता दें कि महाशिवरात्रि में श्रद्धालु उपवास, अनुष्ठान और प्रार्थना करके भगवान शिव को फल, फूल और दूध चढ़ाते हैं।

पोलैंड: किसानों ने यूक्रेन से अनाज आयात के खिलाफ किया हाईवे जाम

वारसों। पोलैंड में बुधवार को किसानों का प्रदर्शन उग्र हो गया। युक्रेन से अनाज आयात और यूरोपीय संघ की नीतियों के खिलाफ किसानों के समर्थन में छात्र और आम लोग भी उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने राजधानी बारसों में प्रधानमंत्री आवास की घेराबंदी कर दी है। किसानों के ट्रैक्टरों के साथ पहुंचने से वारसों की ओर जाने वाला हाइवे जाम हो गया। इस बीच, कई जगह पुलिस और प्रदर्शनकारी किसानों के बीच झड़पें हुई हैं। उग्र प्रदर्शनकारियों ने यूरोपीय संघ का झंडा भी जला दिया।

सीमा पर समझौतों का उल्लंघन कर रहा चीन, जयशंकर की खरी-खरी

जापान में विदेश मंत्री बोले- हिंद प्रशांत में शक्ति परिवर्तन से भविष्य में गंभीर असर होगा

टोक्यो, एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर चीन पर निशाना साधा है और सीमा पर तनाव के लिए चीन को जिम्मेदार ठहराया है। जयशंकर ने कहा कि चीन लिखित समझौते का उल्लंघन कर रहा है, जिसकी वजह से ही दोनों देशों के सैनिकों में 2020 में हिंसक झड़प हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर जापान की राजधानी टोक्यो में रायसीना राउंड टेबल बैठक में शामिल हुए। इस दौरान वैश्विक ऑर्डर में आ रहे बदलाव पर उन्होंने कहा कि हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में शक्ति परिवर्तन हो रहा है और जब क्षमताओं, प्रभाव और महत्वकांक्षाओं में बड़ा बदलाव होता है तो इसका रणनीतिक स्तर पर गंभीर असर होता है।

जयशंकर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा कि 'अब आप इसे पसंद करें या नहीं, लेकिन यही सच्चाई है और आपको इससे डील करना पड़ेगा। चीजें बदल रही हैं और सभी को कोशिश करनी चाहिए कि चीजों को जितना हो सकते स्थायी रखा जाए। हालांकि बीते एक दशक में ऐसा नहीं हुआ है। उदाहरण के लिए चीन के साथ हमारी 1975 से 2020 तक, करीब 45 वर्षों तक कोई हिंसक झड़प नहीं हुई, लेकिन 2020 में ये बदल गया।' विदेश मंत्री ने कहा कि 'हम कई चीजों पर असहमत हो सकते हैं, लेकिन देशों को अपने पड़ोसी देशों के साथ लिखित समझौतों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए और आपने किया, जिससे दोनों देशों के रिश्तों और स्थायित्व और सच पूछिए तो आपकी नीयत पर सवालिया निशान लगता है।

मेक इन इंडिया के माध्यम से नवीनीकरण को बढ़ावा मिला



टोक्यो में गुरुवार को अपने जापानी समकक्ष को भारतीय निर्मित उपहार भेंट करते जयशंकर।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने टोक्यो में ओआरएफ द्वारा रायसीना राउंडटेबल सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नए भारत के साथ लोगों की मानसिकता में भी बदलाव आ रहा है। सम्मेलन के दौरान एक रिकॉर्ड किए गए वीडियो के माध्यम से जयशंकर ने संदेश दिया। उन्होंने कहा, जी20 की अध्यक्षता के दौरान हमने संरचनात्मक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने आगे कहा, ग्लोबल साउथ काफी हद तक उत्पादक से उपभोक्ता बनकर रह गया है। इस स्थिति में भारत की प्रतिक्रिया आत्मनिर्भर भारत बनने की ओर है। जयशंकर ने आगे बताया कि इसके लिए मेक-इन-इंडिया पहल है, जो न केवल हमारी अपनी, बल्कि दूसरों की जरूरतों पर भी ध्यान केंद्रित करती है। इससे भारत में व्यापार करना भी आसान होगा। नए भारत ने अपना 5-जी स्टैक बनाया। कोविड वैक्सिन की खोज खुद की और चांद के दक्षिणी ध्रुव पर भी उतरने में सफल रहा। केंद्रीय विदेश मंत्री ने कहा, सरकार मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, अटल टिंकरिंग लैब्स जैसी कई राष्ट्रीय पहलों के माध्यम से नवीनीकरण को बढ़ावा दे रही है।

महाशिवरात्रि मनाने भारत से पाकिस्तान पहुंचे 62 हिंदू भक्त

लाहौर। पाकिस्तान में महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए 62 हिंदू बुधवार को वाघा सीमा के रास्ते भारत से लाहौर पहुंचे है। इवेक्यू ट्रस्ट प्रापर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने कहा कि महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए कुल 62 हिंदू तीर्थयात्री बुधवार को भारत से लाहौर पहुंचे।

आमिर हाशमी ने कहा कि ईटीपीबी द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि का मुख्य समारोह नौ मार्च को लाहौर से लगभग 300 किलोमीटर दूर चकवाल में ऐतिहासिक कटास राज मंदिर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि वाघा में धार्मिक स्थलों के अतिरिक्त सचिव राणा शाहिद सलीम ने विश्वनाथ बजाज के नेतृत्व में आए हिंदुओं का स्वागत किया। तीर्थयात्री 10 मार्च को लाहौर लौटेंगे और 11 मार्च को वे कृष्ण मंदिर, लाहौर किला और लाहौर के अन्य ऐतिहासिक स्थानों का दौरा करेंगे। वे 12 मार्च को भारत लौटेंगे। बता दें कि पाकिस्तान के श्री कटासराज मंदिर की तीर्थयात्रा के लिए रवाना होने से पहले भक्तों ने बुधवार को अमृतसर में दुर्गियाना मंदिर में दर्शन किए।

भारत-पाकिस्तान में हों सार्थक-शांतिपूर्ण संबंध

- अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता बोले-दोनों देशों के बीच बातचीत का स्वागत करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने कश्मीर को लेकर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि वाशिंगटन कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान के बीच "उत्पादक और शांतिपूर्ण वार्ता का स्वागत करेगा, लेकिन किसी भी तरह की बातचीत की रफ्तार क्या होगी, उसकी गुंजाइश क्या होगी और बातचीत का आधार क्या होगा, ये भारत और पाकिस्तान के बीच तय करने का मामला है।

विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को उनके दूसरे कार्यकाल के लिए पद की शपथ लेने पर बधाई देने पर एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। यानि, अमेरिका ने साफ शब्दों में कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच आने से इनकार कर दिया है, जो पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि वो लगातार इस कोशिश में लगा था, कि अमेरिका, कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाए, जबकि भारत किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को नकारता है। मिलर ने कहा, हम, निश्चित रूप से, प्रधानमंत्री के बयान का स्वागत करते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है और हम उनके बीच उत्पादक और शांतिपूर्ण संबंध देखना चाहते हैं।

दोनों देश बातचीत का दायरा मिलकर करें तय

अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हम भारत और पाकिस्तान के बीच सार्थक और शांतिपूर्ण बातचीत का स्वागत करेंगे, लेकिन किसी भी बातचीत की गति, दायरा और चरित्र भारत और पाकिस्तान को तय करना है। बता दें, शरीफ ने पदभार संभाला, पाकिस्तान के विशेषज्ञों ने कहा कि जटिल कश्मीर मुद्दे पर उनके बड़े मतभेदों के कारण उन्हें निकट भविष्य में पाकिस्तान और भारत के बीच संबंधों में तत्काल सुधार नहीं दिख रहा है।

अदन की खाड़ी: पोत पर हमला, भारतीय नौसेना ने की मदद

नई दिल्ली। अदन की खाड़ी में मिसाइल हमले का शिकार बने बारबाडोस का ध्वज लगे एक मालवाहक जहाज के 21 चालक दल सदस्यों को भारतीय युद्धपोत आईएनएस कोलकाता ने बचा लिया है। चालक दल के इन सदस्यों में एक भारतीय भी है।

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने गुरुवार को बताया कि बारबाडोस का ध्वज लगे मालवाहक जहाज एमवी ट्रू कॉन्फिडेंस पर बुधवार को अदन के दक्षिण पश्चिम में लगभग 55 समुद्री मील की दूरी पर कथित रूप से ड्रोन या मिसाइल से हमला किया गया था। इससे जहाज पर आग लग गई थी और चालक दल के कुछ सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

युद्धग्रस्त अफगान में आतंक से निपटने की जरूरत: रूचिरा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- बोलीं- वैश्विक समुदाय का अफगानिस्तान को लेकर जो उद्देश्य, वही भारत का भी

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा है कि वैश्विक समुदाय का अफगानिस्तान को लेकर जो समग्र उद्देश्य है, भारत की भी वही प्राथमिकताएं हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बुधवार को अफगानिस्तान के मुद्दे पर बैठक हुई, जिसमें भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि 'युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में आतंकवाद से निपटने की जरूरत है क्योंकि इसका सीधा असर हम पर होता है।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि हमारा उद्देश्य अफगानिस्तान में शांति, सुरक्षा और स्थायित्व स्थापित करना है। वैश्विक समुदाय के अफगानिस्तान को लेकर उद्देश्य हैं, वही भारत की प्राथमिकताएं हैं। जिनमें आतंकवाद से निपटना, समावेशी सरकार का गठन, महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा, नशे के खिलाफ लड़ाई और मानवीय मदद देना शामिल है। 18-19 फरवरी को कतर की राजधानी दोहा में अफगानिस्तान के मुद्दे पर बैठक हुई। इस बैठक में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस, भारत, कनाडा, चीन और जर्मनी, पाकिस्तान, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका के प्रतिनिधि शामिल हुए।

रोमांच में जाम बना बाधा...



मनाली : बर्फ के रोमांच में यातायात जाम बाधा बन रहा है। हिमपात के बाद मनाली में पर्यटकों की आमद बढ़ी है। गुरुवार को पर्यटकों की आमद बढ़ने से मनाली के पलचान क्षेत्र में भारी जाम लगा रहा। मनाली से 12 किलोमीटर का सफर तय करने में लगभग तीन घंटे से अधिक समय लग रहा है। पर्यटक वाहनों की बढ़ी संख्या के आगे पर्यटन स्थल छोटा पड़ गया। ● एजेंसी

मेक्सिको: विरोध कर रहे लोगों ने राष्ट्रपति भवन का गेट तोड़ा

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको में 2014 में 43 छात्रों के लापता होने का विरोध करने वाले एक समूह ने देश के राष्ट्रपति भवन का दरवाजा खटखटाया। न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने राष्ट्रपति भवन का दरवाजा तोड़ दिया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, प्रदर्शनकारी लगभग एक दशक पहले लापता हुए 43 छात्रों के लिए न्याय की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को प्रदर्शन के दौरान मेक्सिको के राष्ट्रपति भवन का दरवाजा तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि जिस समय ये घटना हुई। उस समय राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल भवन अंदर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने भवन के अंदर घुसने की कोशिश की।

विज्ञान वैज्ञानिकों ने कहा, नई खोज में युवा तारों के आसपास हो रहा है ग्रहों का जन्म, लघु आकाशगंगा की तरह आते हैं नजर

ग्रहों के जन्म को लेकर वेरी लार्ज टेलीस्कोप की नई खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : वैज्ञानिकों ने ग्रहों के जन्म की अद्भुत तस्वीरे कैद की हैं। यह खोज ग्रहों के निर्माण के अध्ययन में नई दिशा प्रदान करेगी। चिली स्थित वेरी लार्ज टेलीस्कोप के जरिए यह खोज हो पाई है। ग्रहों के जन्म को लेकर एक हद तक जानकारियां है, लेकिन अभी भी अनेक गूढ़ रहस्यों को समझना बाकी है। जिसके चलते वैज्ञानिकों का अध्ययन इस दिशा में उर्वरत जारी है।

अलबत्ता अब जो जानकारी मिली है, वह वैज्ञानिकों की अब तक की खोज से कुछ हटकर नजर आती है। जिसके चलते इस खोज को अहम माना जा रहा है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार नई खोज में युवा तारों के आसपास ग्रहों का जन्म हो रहा है। नई तस्वीरें लघु आकाशगंगाओं की तरह दिखती हैं। मगर वास्तव मे मलवे के ढेर हैं। जिनका आकार आकाशगंगाओं की तरह नजर आता है। जिनमें धूल की मोटी परते शामिल होने के कारण इनके आकार बदलते रहते हैं। इस तरह की तस्वीरें पहले नही देखी गई थी और यही वजह है कि ये खगोलविदों के अध्ययन को नई राह व दिशा देती है। इससे बड़ी बात यह है कि यह खोज ग्रहों के जन्म की तस्वीर काफी हद तक साफ कर देगी। दुनिया की सबसे शक्तिशाली दूरबीनों से एक समय मे ली गई तस्वीरों का अभी तक का सबसे विशाल संग्रह है। जिसमें 80 से अधिक युवा सितारों और उनके ग्रह निर्माण के बाहरी आवरण यानी फ्रेम शामिल हैं। आयरलैंड स्थित गॉलवे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

डॉ. क्रिश्चियन गिंस्की ने बयान दिया है कि यह वास्तव में हमारे अध्ययन के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव है। अब हम अलग-अलग तारा प्रणालियों के गहन अध्ययन से लेकर संपूर्ण तारा-निर्माण क्षेत्रों के इस विशाल समूह के अवलोकन तक पहुंच गए हैं। यह युवा तारे और उनके नवोदित ग्रह आकाशगंगा में तीन प्रमुख तारा-निर्माण क्षेत्रों से आते हैं।

कुछ वृषभ यानी गिरगिट तारामंडल में गैस बादलों में रहते हैं, जो पृथ्वी से लगभग 600 प्रकाश-वर्ष दूर स्थित हैं, जबकि दूसरे लगभग 1600 प्रकाश वर्ष दूर ओरियन गैस के बादल से आते हैं।



ग्रहों के जन्म की नई तस्वीरें।

5 हजार से अधिक बाहरी ग्रहों की हो चुकी है खोज

बाहरी ग्रहों की खोज के क्षेत्र में मानव एक लंबा मार्ग तय कर चुका है। 1990 के दशक से अब तक अंतरिक्ष व पृथ्वी आधारित दूरबीनों द्वारा 5000 से अधिक एक्सोप्लैनेट यानी बाहरी ग्रहों को खोजा जा चुका है, जो अपने सूर्य की परिक्रमा करते हैं। जिससे यह पता चलता है कि कुछ ग्रह प्रणालियां हमारे सौर मंडल से बिल्कुल अलग दिखती हैं। इसलिए खगोलविद अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि कौन से कारक हैं, जो ग्रह-निर्माण के परिणामों को प्रभावित करते हैं। ज्ञातव्य हो कि जिन क्षेत्रों में तारे बनते हैं, वे न केवल दूर हैं, बल्कि आमतौर पर धूल से भी ढके रहते हैं। वैज्ञानिक ऐसी कई खोजों को लेकर हमेशा अग्रसर रहते हैं।

कई देशों के घुसपैठियों को निकालेगा फ्रांस

- इराक, पाकिस्तान समेत 10 देशों के लोग हैं शामिल, बीते साल 38 हजार को किया था निर्वासित

पेरिस, एजेंसी

यूरोपीय देश अवैध तरीके से आने वालों को रोकने के लिए सख्ती कर रहे हैं। ब्रिटेन रवांडा शरणार्थी प्रक्रिया शुरू कर चुका है। फ्रांस तो इस मामले में और सख्त हो गया है। वहां इसी महीने शरण के नाम पर अवैध रूप से रहने वाले 23 हजार लोगों को देश से निकाला जाएगा।

इसमें सीरिया, इराक, पाकिस्तान समेत कुछ एशियाई और अफ्रीकी देशों जैसे मोरक्को, ट्यूनीशिया, लीबिया, मिस्र समेत 10 देशों के लोग शामिल हैं।

फ्रांस सरकार ने इस कड़ी में कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को फ्रांस सरकार ने कहा है कि, कार्रवाई फ्रांस में कट्टरता बढ़ने और अगस्त में होने जा रहे ओलिंपिक खेलों की तैयारी की बजह से की जा रही है। बीते साल ही फ्रांस ने 38 हजार लोगों को निर्वासित किया था। यह फ्रांस में रह रहे थे। इनमें ज्यादातर घुसपैठ करने वाले थे। दरअसल, घुसपैठ पर लगाम लगाने के लिए इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व वाली सरकार ने आव्रजन बिल पास कराया है। इसका विपक्ष ये कहकर विरोध कर रहा है कि भले मैक्रों ने कानून पारित करा लिया, पर उदार लोकतंत्र के र रक्षक वाले देश की छवि पर दाग लग गया है। जनवरी में घोषित कानून को वामपंथी विपक्ष द्वारा नस्लवादी बताया गया था, लेकिन धुर दक्षिणपंथी रैसेम्बलमेंट नेशनल (आरएन, आईडी) संसदीय समूह की अध्यक्ष मारिन ली पेन ने इसे 'वैचारिक जीत' माना। विशेषज्ञों के अनुसार, यह कानून पूरे यूरोप में प्रवासन नीतियों को सख्त करने के लिए लाया गया है। बता दें कि नेशनल असेंबली में बहुमत की कमी के चलते मैक्रों को धुर दक्षिणपंथी धड़े से चुनौती मिल रही है। वह बिल पास कराने के लिए सरकार के बाहर के दलों पर भी निर्भर हैं। नए कानून के तहत प्रवासियों के लिए परिवार के सदस्यों को फ्रांस लाना और मुश्किल होगा। फ्रांस निर्वासन में बड़े पैमाने पर बदलाव कर रहा है। इसके तहत यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय उनके मामलों की सुनवाई करने से पहले ही घुसपैठ करने वालों को निर्वासित कर सकता है।

कट्टरपंथ से जुड़े दंगे, आतंकी हमले भी बढ़ने लगे

फ्रांस सरकार ने कहा है कि, हाल में कट्टरपंथ से जुड़ी घटनाएं हुई हैं। दिसंबर में पेरिस में हमलावर ने चाकू मारकर जर्मन पर्यटक की हत्या कर दी थी। हमलावर अफगानिस्तान और गाजा में मुसलमानों की मौत को लेकर गुस्से में था। 13 अक्टूबर को अर्थस के स्कूल में चाकू से हमले में एक शिक्षक की मौत हो गई थी। जून में एक सीरियाई नागरिक ने अल्पाइन में चार बच्चों को जख्मी कर दिया था।